# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, 23 जून 2025 सोमवार • वर्ष : 09 • अंक : 37 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1930 : साइमन आयोग ने एक संघीय भारत और बर्मा के लंदन स्थित पृथक होने की सिफारिश की।

1956 : जमाल अब्दुल नासिर मिस्त्र के राष्ट्रपति चुने गए।

1960 : जापान और अमेरिका के बीच सुरक्षा समौझाता हुआ।

2008 : प्रसिद्ध बंगाली अभिनेता सौमित्र चटर्जी को दादा साहब फाल्के पुरस्कार देने के लिए चयन समिति ने सिफ़ारिश की।

2014 : गुजरात का 'रानी की वाव' और हिमाचल का 'ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क' विश्व धरोहर सूची शामिल हुआ।

# ऑपरेशन सिंधु : ईरान से 290 और नागरिक पहुंचे भारत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक कुल 1,117 भारतीयों को निकाला गया है। मशहद से एक और प्लेन 290 नागरिकों को लेकर नई दिल्ली पहुंचा। इससे पहले शाम 4.30 बजे 310 नागरिकों को जत्था राजधानी पहुंचा था। वहीं 20 जून को रात 2 बैच में 407 भारतीय लौटे थे। रात 10:30 बजे की फ्लाइट में 190 कश्मीरी छात्रों समेत 290 लोगों की वापसी हुई थी। इनमें दिल्ली, हरियाणा, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल से भी लोग थे। देर रात 3 बजे की फ्लाइट में 117 लोग थे। 19 जून को 110 छात्र आर्मेनिया और दोहा के रास्ते भारत पहुंचे थे। ईरान से दिल्ली पहुंचे इन यात्रियों ने एयरपोर्ट पर 'वन्दे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए थे। कुछ लोग भावुक भी हुए। उनकी आंखों में आंसू आ गए। कुछ ने जमीन पर माथा टेका।



**भारत लौटे लोगों ने क्या कहा...**

मोहम्मद अशफाक ने कहा कि अपने देश लौटकर अच्छा लग रहा है। वहां भारतीय दूतावास ने हमारी अच्छी देखभाल की, मैं उनका शुक्रगुजार हूं। उस्ताक ने कहा कि मैं कश्मीर से हूं। ईरान में हालात ठीक नहीं हैं। हम भारत सरकार, कश्मीर प्रशासन और दूतावास के बहुत शुक्रगुजार हैं। सैयद मंसूर हुसैन ने कहा कि सभी ने भारत मां की सरजमीं पर आकर सजदा किया। भारत सरकार का बहुत धन्यवाद। मैं भारत से प्यार करता हूं। ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से दिल्ली पहुंची प्रयागराज की रहने वालीं अलमास रिजवी ने कहा- हमें अच्छे होटल में रहने की जगह दी गई। समय पर लंच, डिनर, सब कुछ दिया गया। अपने देश में वापस आकर अच्छा लग रहा है। भारतीय दूतावास ने हमारी बहुत मदद की। भारत सरकार ने हमारी अच्छी देखभाल की। हमें यह एहसास भी नहीं होने दिया कि हम युद्ध जैसी स्थिति में रह रहे हैं। ईरान ने एयरस्पेस पर लगी पाबंदी को हटाकर भारत के करीब 1000 नागरिकों को निकालने की इजाजत दी थी। इनमें से ज्यादातर छात्र हैं, जिन्हें ईरान की राजधानी से तेहरान से माशहद लाया गया था। अब इन्हें तीन चार्टर फ्लाइट्स के जरिए भारत लाया गया। ये फ्लाइट्स ईरानी एयरलाइन माहान ने चलाईं। भारत सरकार की ओर से ऑपरेशन सिंधु के तहत इनकी व्यवस्था की गई। ईरानी दूतावास में मिशन के उप प्रमुख मोहम्मद जवाद हुसैनी ने बताया कि जरूरत पड़ी तो आने वाले दिनों में और फ्लाइट्स चलाई जा सकती हैं।

## वज्रपात से दो की मौत, तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले में आज अलग-अलग जगहों पर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य तीन झुलस गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सन्हौला प्रखंड के बनियाडीह गांव के पास रविवार की संध्या एक किसान रघुनंदन यादव अपने खेत में काम करवा रहे थे, तभी तेज बारिश शुरु हो गई और इस दौरान अचानक आकाशीय बिजली उसके ऊपर गिर पड़ी जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि कहलगांव प्रखंड के जानीडीह कुलकुलिया गांव में तेज बारिश के दौरान स्नान कर रहे एक युवक आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए और वहीं पर दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान उसी गांव के धनंजय मंडल के पुत्र नीरज कुमार के रुप में हुई है। वहीं बगल के पक्कीसराय गांव के पास खेत में काम कर रही तीन महिलाएं बारिश के दरम्यान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से झुलस गई।

## पलामू में टीएसपीसी नक्सली धराया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के छतरपुर में पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान शंभु सिंह के रूप में हुई है। वह पलवा टोला मोरचवा का रहने वाला है। एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने बताया कि आरोपित लेवी वसूलने छतरपुर आया था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसे पकड़ा। उसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। शंभु पिछले साल विधानसभा चुनाव के दौरान पुलिस से हुई मुठभेड़ में भी शामिल था। 24 अक्टूबर 2024 को पुलिस अधीक्षक पलामू रिष्मा रमेशन को सूचना मिली थी कि टीएसपीसी के जोनल कमांडर शशिकांत गंझू अपने दस्ते के साथ तुरीदाग के जंगली पहाड़ी क्षेत्र में मौजूद है। पुलिस की छापेमारी के दौरान मुठभेड़ हुई थी। उस वक्त नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले थे। शंभु के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। मनातु थाना में 17 सीएलए आर्म्स एक्ट के तहत और नौडीहा बाजार थाना में नक्सली गतिविधि व आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। विश्रामपुर, रेहला और छतरपुर थाने में भी 17 सीएलए और आर्म्स एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी अभियान में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, सब इंस्पेक्टर सुशील उरांव, अनिल रजक, तकनीकी शाखा के रामनारायण विश्वकर्मा और छतरपुर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पहलगाम हमले में आतंकियों को पनाह देनेवाले दो गिरफ्तार

**श्रीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पहलगाम आतंकी हमले के दो महीने बाद नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआइए की जांच में खुलासा हुआ है कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को पनाह दी थी। गिरफ्तार किए गए आरोपितों के नाम परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार हैं। पूछताछ में दोनों ने आतंकियों की पहचान बताई और यह भी पुष्टि की कि वे पाकिस्तानी नागरिक थे और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए थे। एनआइए के मुताबिक, परवेज और बशीर ने हमले से पहले इन तीनों आतंकियों को हिल पार्क स्थित एक अस्थायी ढोक (झोपड़ी) में जान-बूझकर ठहराया था। उन्होंने उन्हें खाना और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई थी।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के रांची-पटना मेन रोड स्थित कोडरमा घाटी में देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। काली मंडा के पास स्कॉर्पियो और लोहे की छड़ लदी एक तेज रफ्तार ट्रेलर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ट्रेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रेलर का उपचालक और स्कॉर्पियो में सवार तीन बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृत ट्रेलर चालक की पहचान बिहार के नालंदा निवासी 35 वर्षीय सुबोध यादव के रूप में हुई है। वहीं घायल उपचालक की पहचान नालंदा निवासी कपिलदेव चौधरी के रूप में हुई है। स्कॉर्पियो में सवार तीनों घायल बच्चियों में 16 वर्षीया साक्षी कुमारी, 14 वर्षीया अभियांशी कुमारी और 7 वर्षीया श्रद्धा साहनी शामिल हैं। तीनों पटना के फतुहा की रहने वाली हैं।

### छात्र ने लगाई फांसी

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)/ नबिटा ब्यूरो।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर स्थित आरटीसी पब्लिक स्कूल के आदिवासी छात्रावास में शनिवार देर शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई। 9वीं कक्षा में पढ़ने वाले 14 वर्षीय छात्र सौरभ विषय ने छात्रावास के कमरे में फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से इलाके में शोक की लहर है, वहीं परिजन ने इसे हत्या करार देते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। स्कूल में रोजाना की तरह शनिवार को भी दोपहर 3:50 से शाम 5 बजे तक ट्यूशन की कक्षा हुई। ट्यूशन खत्म होने के बाद जहां अन्य छात्र खेलने चले गए, वहीं सौरभ अपने एक सहपाठी के कमरे में चला गया। बताया जा रहा है कि वहीं उसने गमछे से फंदा बनाकर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। जब खेलने के बाद छात्र लौटे और कमरे का दरवाजा खटखटाया तो कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। एक छात्र ने दरवाजे की दरार से झांककर देखा तो सौरभ का पैर हवा में झूलता नजर आया।

## बिजली का तार गिरने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर से दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। मजदूरी करने जा रहे एक युवक पर 11 हजार वोल्ट का हाई वोल्टेज बिजली का तार गिर गया जिससे उसकी गर्दन धड़ से अलग हो गई और मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगा मुआवजे की मांग की है। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने चैनपुर पथ को घंटों जाम कर दिया। बाद में पुलिस के समझाने-बुझाने पर जाम हटाया गया। घटना चैनपुर थाना क्षेत्र के शांति निकेतन स्कूल के पास की है। मृतक की पहचान चैनपुर थाना अंतर्गत रूपापट्टी गांव निवासी राजेंद्र राम के रूप में हुई है। घटना बाद से परिजनों में मातम का माहौल है।

## भारतीय रेल में अपराध नियंत्रण और यात्री सुरक्षा पर नए सिरे से ध्यान

**■ जीआरपी प्रमुखों का छठा अखिल भारतीय सम्मेलन संपन्न**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के तत्वावधान में आयोजित छठा अखिल भारतीय सरकार रेलवे पुलिस (जीआरपी) प्रमुख सम्मेलन नई दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस उच्च स्तरीय सम्मेलन की अध्यक्षता आरपीएफ के महानिदेशक श्री मनोज यादव ने की, जिसमें विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जीआरपी के डीजीपी, एडीजीपी और वरिष्ठ अधिकारी, साथ ही रेल मंत्रालय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।यह महत्वपूर्ण सम्मेलन भारतीय रेलवे में बढ़ती आपराधिक चुनौतियों से निपटने और




करोड़ों दैनिक यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु समन्वित प्रयासों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम रहा। सम्मेलन का मुख्य विषय रहा - बुद्धिमत्ता साझा करने की व्यवस्था को मजबूत करना, संयुक्त अभियान रणनीतियाँ बनाना, और बदलते आपराधिक तौर-तरीकों से निपटने हेतु एजेंसियों के बीच तालमेल बढ़ाना।यात्रियों को धोखाधड़ी और चोरी के सामान्य तरीकों से अवगत कराने के लिए जागरूकता अभियानों को तेज करने पर विशेष बल दिया गया। इसके साथ ही टथद्धद्य ख्रथदथद पोर्टल पर दर्ज की गई यात्री संपत्ति चोरी की शिकायतों को औपचारिक प्राथमिकी (क्ष्क्ष्ट) में बदलने की प्रक्रिया को सहज बनाने का निर्णय लिया गया, जिससे अपराध की रोकथाम और अपराधियों की पहचान में वृद्धि हो सके।सम्मेलन में अंतरराज्यीय संगठित आपराधिक नेटवर्क को तोड़ने के लिए सर्विलांस बढ़ाने, राज्य स्तर पर समन्वित कार्रवाई और फेसियल रिकग्निशन सिस्टम जैसे तकनीकी उपायों को अपनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की जीआरपी इकाइयों के बीच एकीकृत प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया ताकि क्षेत्राधिकार की खामियों का फायदा अपराधी न उठा सकें।महिला यात्रियों के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर चिंता जताते हुए सम्मेलन में निशुल्क गश्त, रेलवे स्टेशनों और कोचों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, और 'मेरी सहेली' टीमों की तैनाती जैसे सख्त निवारक उपायों पर सहमति बनी।रेलवे परिसर का नशा तस्करी और अवैध गतिविधियों के लिए उपयोग किए जाने की प्रवृत्ति पर भी चर्चा हुई। इसे रोकने के लिए तत्काल खुफिया जानकारी और सघन जांच की रणनीतियाँ अपनाने की बात कही गई। इंटेलिजेंस ब्यूरो द्वारा प्रस्तुत एक अहम रिपोर्ट में रेलवे के संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर आतंकी खतरे की आशंका और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की आवश्यकता को उजागर किया गया।सम्मेलन में बच्चों की सुरक्षा पर भी चर्चा हुई, जिसमें रेलवे परिसर में पाए जाने वाले असुरक्षित और तस्करी के शिकार बच्चों की पहचान और पुनर्वास की कार्ययोजनाओं को मजबूती देने पर विचार किया गया।सम्मेलन के समापन पर महानिदेशक आरपीएफ श्री मनोज यादव ने कहाः''भारतीय रेलवे के विशाल नेटवर्क पर अपराध नियंत्रण केवल किसी एक एजेंसी की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह एक सामूहिक मिशन है, जिसमें समन्वय, सहयोग और साझा खुफिया जानकारी की आवश्यकता होती है।

## सड़क दुर्घटना में सिविल कोर्ट के पेशकार समेत तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम में एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। जिन तीन लोगों की मौत हुई है उनमें रांची सिविल कोर्ट के पेशकार भी शामिल है। ये हादसा शनिवार देर रात को हुआ है।



पोस्टमार्टम हाउस के बाहर शोकाकुल परिजनों की भीड़

**कार ने टक्कर मारी, कार सवार की भी मौत**

राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार की वजह से तीन लोगों की जान चली गई। नामकुम थाना प्रभारी ने बताया कि एक तेज रफ्तार कार ने एक स्कूटी सवार और एक पैदल चल रहे व्यक्ति की कुचल दिया और फिर खुद भी अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया। इस दुर्घटना में तीनों लोगों की मौत हो गई है।

**सिविल कोर्ट के पेशकार, शिक्षक सहित तीन की मौत**

इस हादसे में रांची सिविल कोर्ट के पेशकार प्रवीर हांसदा, विकास केंद्र धनबाद के शिक्षक सोम सिन्हा और कार चालक की मौत हो गई है। हादसे को लेकर सोम सिन्हा के परिजनों ने बताया कि रात में 10 बजकर 12 मिनट पर सोम सिन्हा से बात हुई थी वो पैदल ही घर लौट रहे थे। परिजनों ने बताया कि जब काफी देर तक सोम घर नहीं पहुंचे तो वो उनकी खोजबीन के लिए निकले लेकिन वो कही नजर नहीं आए। हालांकि उनकी नजर एक सड़क हादसे पर भी पड़ी लेकिन वो आगे बढ़ गए। जब कहीं सोम का पता नहीं चला तो हादसे वाली जगह पहुंचे जहां उनका चप्पल देख पहचाना गया। वहीं यही हाल प्रवीर हांसदा के परिजनों का भी रहा उन्हें भी प्रवीर के हादसे की जानकारी ब्रिज पर पड़े जूते से मिली। डीएसपी हैडक्वाटर वन अमर पांडेय ने बताया कि नामकुम के दुर्गा सोरेन के पास स्थित ब्रिज पर ये हादसा हुआ है। तेज रफ्तार कार चालक ने पहले प्रवीर हांसदा जो स्कूटी कर सवार थे उन्हें धक्का मारा जिसके बाद पैदल चल रहे शिक्षक सोम सिन्हा को चपेट में लिया और फिर टक्कर और तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर खुद भी हादसे का शिकार हो गया।

## सिग्नल मेंटेनर की मौत

**आरा (नबिटा ब्यूरो)।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर बिहिया स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो स्थित जीआरपी पोस्ट के सामने सिग्नल मेंटेनर की मौत हुई है। रविवार को गाड़ी संख्या 63233 सवारी गाड़ी के झटके से रेलवे के सिग्नल मेंटेनर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मृतक पटना के मनेर थाना क्षेत्र के नगवां गांव वार्ड नंबर-14 निवासी स्वर्गीय द्विज नारायण सिंह के बेटे ज्ञानेश्वर प्रसाद (53) है। वह रेलवे के सिग्नल विभाग के ग्रेड वन में सिग्नल मेंटेनर के पद पर थे। फिलहाल करीब 15 साल से बिहिया स्टेशन पर कार्यरत थे। मेंटेनर ड्यूटी के दौरान बनाही से बिहिया आए और ट्रेन से उतरे। उसी दौरान ट्रेन के झटके से प्लेटफार्म पर ही गिर गए जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी। सूचना पाकर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और उन्होंने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी।

## सीएम के निर्देश पर टूटे पुल की जांच करने खूंटी पहुंची जांच टीम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** जिले में तीन साल के अंदर तीन पुल ध्वस्त होने के बाद अब पथ निर्माण विभाग ने जिले में बने सभी पुलों की स्थिति और उसके रख-रखाव को जानने की योजना बनायी है। पथ प्रमंडल खूंटी के सभी क्षेत्रों में बने पुलों को सूचीबद्ध करते हुए निगरानी शुरू कर दी गयी है। उधर, पेलोल पुल ध्वस्त होने की घटना के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने संज्ञान लेते हुए पुल ध्वस्त होने की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम बनायी है, जो लगातार पुल का निरीक्षण कर कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। सीएम के निर्देश पर गठित टीम में एनएच के मुख्य अभियंता अभिनेंद्र कुमार, अधीक्षण अभियंता गुण नियंत्रण निदेशालय पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता नवल किशोर और केंद्रीय निर्माण संगठन पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता आकाश कुमार बादल के नेतृत्व में जांच की जा रही है। गठित इस टीम के अध्यक्ष एनएच के मुख्य अभियंता अभिनेंद्र कुमार हैं। शुक्रवार को पथ निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता मनोहर कुमार ने निरीक्षण किया था। उन्होंने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही थी। दूसरे और तीसरे दिन भी गठित टीम टूटे पुल का निरीक्षण करने पहुंची। टूटे पुल के पास सुरक्षात्मक बैरिकेडिंग लगाकर खूंटी तोरपा मुख्य मार्ग को बंद कर दिया गया है। जांच के बाद विभाग के निर्देश पर वैकल्पिक सड़क मार्ग से वाहनों का परिचालन किया जा रहा है। पेलोल पुल के ध्वस्त होने के बाद एनएच के अलावा जिले में पथ निर्माण विभाग के वरीय अधिकारियों ने टूटे पुल के साथ-साथ पुराने व नए पुलों का निरीक्षण किया है।

## आहर में डूबने से दो बच्चों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू के मेदिनीनगर में आहर में डूबने के कारण दो मासूम बच्चों की मौत हो गयी। दोनों बच्चे शनिवार से घर से लापता थे। रविवार देर रात उनका शव एक आहर से मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चों का शव अपने कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार, पलामू के मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा रांची रोड में आहर में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान शहर थाना क्षेत्र के बेलवाटीकर गुरुद्वारा रोड के रहने वाले अनुराग तिवारी के बेटे आरो तिवारी और रेड़मा रांची रोड निवासी आनंद दुबे (लेस्लीगंज किरतो) के बेटे अर्पित कुमार के रूप में की गयी है। बताया जा रहा है कि दोनों बच्चे शनिवार की शाम से अपने घर से लापता थे। लापता होने के बाद परिजनों ने सगे संबंधियों सहित सभी जगह पर इन दोनों बच्चों की तलाश की। लेकिन इसके बाद भी दोनों बच्चों का कुछ पता नहीं चल पाया। वहीं, खोजबीन के दौरान रेडमा रांची रोड स्थित एक आहर में रविवार की देर रात दोनों बच्चों का शव मिला। परिजनों ने शव मिलने की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी। इधर, घटना की सूचना मिलते ही टीओपी टू थाना प्रभारी राकेश कुमार, टाइगर मोबाइल के जवान सुबिन्द कुमार,अमित कुमार, मुकेश कुमार सिंह और सहायक पुलिस के जवान जयंत दुबे घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने बच्चों का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों मासूमों के शव परिजनों को सौंप दिये गये।

## जेवर दुकान में अंधाधुंध फायरिंग

**हजारीबाग (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के महावीर स्थान चौक पर स्थित श्री ज्वैलर्स की दुकान को अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया। दो बाइक सवार बदमाशों ने दुकान के गेट पर सात राउंड फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए। घटना सदर थाना क्षेत्र की है। फायरिंग के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को दुकान के बाहर से छह खोखे बरामद हुए हैं, जबकि दुकान के शटर पर सात गोलियों के निशान साफ देखे जा सकते हैं। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन इससे इलाके में दहशत का माहौल है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि दो बदमाश बाइक से दुकान के सामने आये और घटना को अंजाम दिया।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

## संक्षिप्त समाचार

### भु-माफिया बिचारी राय पर 10 हजार का इनाम घोषित



**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी में जमीन माफिया बिचारी राय के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। हाल ही में एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पटपरिया गांव में एक जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास करता दिख रहा है। इस घटना के दौरान ग्रामीणों ने बिचारी राय और उसके समर्थकों की पिटाई कर दी। वीडियो वायरल होने के बाद मुफस्सिल थाने में उसके खिलाफ मुख्य आरोपी के रूप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बिचारी राय की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। वह फरार है और पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। एसपी के अनुसार बिचारी राय के खिलाफ रंगदारी, मारपीट और एससी-एसटी एक्ट समेत आठ गंभीर मामले दर्ज हैं। एसपी ने चेतावनी दी है कि यदि बिचारी राय जल्द आत्मसमर्पण नहीं करता है तो न्यायालय से आदेश लेकर उसकी संपत्ति की कुर्की की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में सक्रिय जमीन माफियाओं के खिलाफ बिना किसी दबाव के कार्रवाई जारी रहेगी। अपराध से अर्जित संपत्तियों की पहचान कर उन्हें जब्त किया जाएगा।

### आरजेडी से जुड़े ठेकेदार इंजीनियर सुनील को ईओयू की नोटिस

#### विधायकों के खरीद-फरोख्त से जुड़ा है मामला, पैसों का ऑफर और किडनैपिंग के प्रयास का भी आरोप



**पटना, एजेंसी।** आरजेडी से जुड़े बड़े ठेकेदार और इंजीनियर सुनील से आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) पूछताछ करेगी। इसके लिए ठेकेदार के घर जांच एजेंसी की ओर से नोटिस भेजी गई है। मामला पिछले साल पटना के कोतवाली थाना में दर्ज हुए विधायकों के खरीद-फरोख्त से जुड़ा है। दरअसल, शनिवार को आधिकारिक बयान जारी कर खुद ईओयू ने पूछताछ के लिए ठेकेदार को नोटिस भेजे जाने की पुष्टि की है। नोटिस इनके पटना में किदवईपुरी और वैशाली में गंगा बृज थाना के तहत सहदुल्लापुर गांव स्थित घर पर भेजी गई है। उनसे इस केस की जांच और पूछताछ में सहयोग करने को कहा गया है। दरअसल, पिछले साल जब जेडीयू और भाजपा के गठबंधन की सरकार बनी तो विधानसभा के फ्लोर टेस्ट में इन्हें विश्वासमत हासिल करना था। उस दौरान बीमा भारती जेडीयू की विधायक थीं। अचानक से यह बात सामने आई कि जदयू के विधायकों पर महागठबंधन के पक्ष में वोट करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। विधायक कृष्ण मुरारी शरण को मंत्री पद का ऑफर दिया गया है। जबकि, मधुबनी के हरलाखी से विधायक सुधांशू शेखर को महागठबंधन के पक्ष में वोट करने के लिए 10 करोड़ रुपए का ऑफर दिया गया है। इसके अलावा विधायक बीमा भारती और दिलीप राय को किडनैप किए जाने का आरोप लगा था। इस मामले में जेडीयू विधायक सुधांशू शेखर ने पटना के कोतवाली थाना में एक एफआईआर दर्ज कराई थी। शुरुआती जांच में ही इस केस को ईओयू ने टेक ओवर कर लिया था। वहीं जब इनकी टीम ने जांच शुरू की तो उन्हें विधायकों को खरीदने के लिए अवैध धन के इस्तेमाल के सबूत मिले थे। साथ ही दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखंड और नेपाल में बैठे लोगों का कनेक्शन भी सामने आया था। अब एक बार फिर से ईओयू ने इस केस में अपनी जांच तेज कर दी है।

# मुख्यमंत्री ने चिराग पासवान से पूछा- विधानसभा चुनाव लड़िएगा क्या?



## केंद्रीय मंत्री बोले- जरूर लड़ूंगा

### अरुण भारती ने बताया- प्रधानमंत्री के प्रोग्राम के दौरान दोनों की हुई बात

पटना, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीवान दौरे के दौरान मंच पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बीच विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। इसकी जानकारी जमुई से सांसद अरुण भारती ने दी है। अरुण भारती ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चिराग पासवान से मंच पर सीधे सवाल किया कि क्या आप वाकई बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं? अगर हां, तो किस सीट से? नीतीश कुमार ने यह भी कहा कि चिराग आप केंद्रीय मंत्री हैं, युवा नेता हैं और आपका भविष्य उज्ज्वल है, ऐसे में अभी विधानसभा चुनाव लड़ने की क्या जरूरत है? ये 20 जून की तस्वीर है। सीवान से प्रधानमंत्री मोदी ने 10 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए थे। इस मंच पर ष्टरू नीतीश और चिराग पासवान के बीच चुनाव पर चर्चा हुई। ये 20 जून की तस्वीर है। सीवान से प्रधानमंत्री मोदी ने 10 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए थे। इस मंच पर मुख्यमंत्री नीतीश और चिराग पासवान के बीच चुनाव पर चर्चा हुई।

### चुनाव से पहले आपका आशीर्वाद लेने आऊंगा

मुख्यमंत्री के सवालों का जवाब देते हुए चिराग पासवान ने कहा कि उनकी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रही है। ऐसे में अगर पार्टी का आदेश हुआ, तो निश्चित रूप से चुनाव लड़ूंगा और चुनाव से पहले आपका आशीर्वाद लेने भी आऊंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वो स्वर्गीय राम विलास पासवान के साथ वर्षों तक काम कर चुके हैं। उनके प्रति मेरे मन में बहुत इज्जत है। राम विलास पासवान की तरह, चिराग पासवान के लिए भी मेरे दिल में इज्जत है। नीतीश ने चिराग से राजगीर में प्रस्तावित बहुजन भीम समागम को लेकर जानकारी ली और कहा कि चिराग पासवान की बिहार की राजनीति में अहम भूमिका है।

### चिराग ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चा के बीच शनिवार को उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा को पत्र लिखा है। लेटर के जरिए बिहार की एनडीए सरकार के कामकाज पर सवाल खड़े किए हैं।

### रोड एक्सीडेंट की मुआवजा राशि पर सवाल उठाए

नीतीश कुमार को लिखे पत्र में चिराग पासवान ने सड़क दुर्घटना में पीड़ित परिवार को दिए जाने वाली मुआवजा राशि के प्रावधान में संशोधन पर सवाल उठाए हैं। केंद्रीय मंत्री ने लिखा- इस पत्र के माध्यम से बिहार की आम जनता की एक महत्वपूर्ण समस्या की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। हाल ही में राज्य सरकार के जरिए सड़क दुर्घटना में मुआवजा मिलने की प्रक्रिया में जो संशोधन किए गए हैं, वह व्यवहार में जनता के लिए जटिल और कष्टप्रद सिद्ध हो रहे हैं। पहलेव की व्यवस्था में संबंधित जिले के जिलाधिकारी या अनुमंडल पदाधिकारी के जरिए पीड़ित परिजनों को शीघ्र राहत राशि प्रदान की जाती थी. अब संशोधित नियमों के अनुसार, मुआवजा राशि परिवहन विभाग के जरिए संबंधित वाहन मालिक या उनकी इंश्योरेंस कंपनी से वसूली की जाएगी और इसके लिए दावा ट्रिब्यूनल की प्रक्रिया से गुजरना होगा। यह पूरी प्रक्रिया तकनीकी और समय लेने वाली है, जिससे लोगों को तत्काल राहत मिलना असंभव हो गया है। जिस परिवार पर किसी दुर्घटना की आपदा आती है, वह पहले से ही गहरे मानसिक और आर्थिक संकट में होता है। ऐसे समय में राहत प्रक्रिया को और अधिक जटिल बनाना न केवल अमानवीय लगता है, बल्कि यह राज्य सरकार की संवेदनशीलता पर भी प्रश्न खड़े करता है।



### लखीसराय में मुखिया और वार्ड सदस्य की हत्या

**लखीसराय, एजेंसी।** लखीसराय के वलीपुर पंचायत में 17 जून की रात मुखिया चंदन सिंह और वार्ड सदस्य प्रतिनिधि चंदन कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। सांसद ने मृतक मुखिया की पत्नी को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने पुलिस महानिदेशक और लखीसराय एसपी से अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। साथ ही शूटरों को संरक्षण देने वाले लोगों की भी गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही पप्पू यादव ने चेतावनी दी है कि अगर दोषियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे जस्टिस फॉर चंदन अभियान शुरू करेंगे। वे सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि लखीसराय में सत्ता पक्ष और विपक्ष, जमीन माफिया, शराब तस्कर और अपराधी मिलकर अपराध को संरक्षण दे रहे हैं। इस दोहरे हत्याकांड से गांव में दहशत का माहौल है। पीड़ित परिवार भयभीत है। सांसद ने इस घटना को प्रशासनिक विफलता बताया है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है।

## गिरिराज बोले, स्तरहीन है लालू यादव का परिवार 15 साल में चरवाहा विद्यालय खोला

### नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार मेडिकल कॉलेज खोल रहे

**बेगूसराय, एजेंसी।** बीजेपी के फायर ब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आज एक बार फिर लालू यादव के परिवार पर जोरदार तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि यह सब स्तरहीन लोग हैं। चरवाहा विद्यालय खोलने वाले को क्या पता कि विकास क्या होता है, इनको तो शर्म होनी चाहिए। आज देर शाम बेगूसराय में गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू यादव के खानदान को विकास से कोई मतलब नहीं रहा है। मुख्यमंत्री के लिए जिस तरह के शब्द का प्रयोग किया गया, प्रधानमंत्री के लिए जिस तरह के शब्द का प्रयोग किया, वह शब्द कम से कम अपने ऊपर देखना चाहिए। 15 साल आपने भी काम किया, क्या किया, चरवाहा विद्यालय खोला। नरेंद्र मोदी एवं नीतीश कुमार मेडिकल कॉलेज खोल रहे हैं, क्या तुलना कर रहा है यह लोग।

**वज्रपात से मौत की सूचना पर पहुंचे अस्पताल :** दरअसल, अपने संसदीय क्षेत्र बेगूसराय के भ्रमण पर आए गिरिराज सिंह आज भगवानपुर में वज्रपात से दो लोगों की मौत की जानकारी मिलते ही सदर अस्पताल पहुंचे। परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया और डॉक्टर को तुरंत पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने परिजनों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। इसी दौरान गिरिराज सिंह ने सदर अस्पताल के विभिन्न व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि भगवानपुर में आज वज्रपात से एक बेटा और एक बेटी की मौत हुई। काफी दुखद घटना है।



**ऑक्सीजन प्लांट को ठीक कराया जाएगा :** बेगूसराय सदर अस्पताल में बहुत बड़े प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। पहली बार बिहार सरकार और केंद्र सरकार दोनों मिलकर अस्पताल के जीर्णोद्धार के लिए काम कर रहे हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर की बहुत बड़ी जरूरत है, जो हो रहा है। ऑक्सीजन प्लांट काम नहीं कर रहा है, उसके लिए हमने ईडी (हेल्थ) से बातचीत की है। ईडी हेल्थ ने कहा है कि पूरे बिहार में कोरोना काल में जो ऑक्सीजन प्लांट लगा, वह केंद्र से आया हो या राज्य से आया हो, जहां भी खराब है, सब को ठीक कराया जाएगा। बेगूसराय सदर अस्पताल में जो ऑक्सीजन प्लांट खराब है, लेकिन बलिया और तेघड़ा अस्पताल में ठीक है। कोरोना बढ़ रहा है, उसके मद्देनजर ही ऑक्सीजन प्लांट पर चर्चा किया है।

## नेताओं का चेहरा देखकर वोट न करें : अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए करें मतदान : प्रशांत किशोर

### लूटने वाले को न चुनें

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर में बिहार बदलाव यात्रा के तहत आज जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। उन्होंने मोहिउद्दीननगर प्रखंड में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। प्रशांत किशोर ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कहा कि मोदी जी बिहार की जनता से वोट लेकर गुजरात में फैक्ट्री लगा रहे हैं। पूरे देश का पैसा लेकर गुजरात के गांव-गांव में फैक्ट्री लगाई जा रही हैं और समस्तीपुर, मोहिउद्दीननगर के बच्चे वहां जाकर मजदूरी करने को मजबूर हैं। उन्होंने जनता से पूछा कि जब वोट आपका है तो फैक्ट्री कहां लगनी चाहिए, गुजरात में या बिहार में?

इसके साथ ही उन्होंने मोहिउद्दीननगर की जनता से अपील की कि लूटने वाले नेताओं को वोट न दें। अगली बार अपने बच्चों के लिए वोट दें और बिहार में जनता का राज स्थापित करें। बिहार में व्यवस्था परिवर्तन कर जनता का राज स्थापित करने के लिए नेताओं का चेहरा देखकर वोट न करें। चुनाव में वोट लालू, नीतीश और मोदी के चेहरे पर नहीं अपने बच्चों के चेहरे को देखकर दीजिएगा। अगली बार अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए वोट करें।

**विभिन्न स्थानों पर नागरिक अभिनंदन किया गया :** वैशाली से समस्तीपुर के रास्ते में प्रशांत किशोर का विभिन्न स्थानों पर नागरिक अभिनंदन किया गया।



इसी कड़ी में मोहनपुर के पत्थर घर चौक, बिंगामा चौक, मोहिउद्दीननगर के पासवान चौक, मिथिलांचल मॉल आदि स्थानों पर बड़ी संख्या में पार्टी और उनके समर्थकों ने ढोल- नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। समर्थकों ने उन्हें फूल- माला से लाद दिया।

### जनसभा में दोपहर से जुटने लगे लोग

जनसभा में हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे। दोपहर से ही बड़ी संख्या में युवा और महिलाएं जनसभा स्थल पर पहुंचने लगे थे और जन सुराज के सूत्रधार को सुनने के लिए काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में पार्टी के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शाल ओढ़ाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया।

## कैसा होगा सीतामढ़ी में मां जानकी मंदिर का डिजाइन

### मुख्यमंत्री नीतीश ने शेयर की पुनौराधाम की तस्वीरें

**पटना, एजेंसी।** माता सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी के पुनौराधाम को भव्य मंदिर का रूप दिया जा रहा है। इस बीच अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मां जानकी के मंदिर के डिजाइन की कुछ तस्वीरें एक्स पर शेयर की हैं। सीएम नीतीश ने पुनौराधाम की तस्वीरें शेयर करते हुए बताया है कि मंदिर के जल्द निर्माण के लिए एक ट्रस्ट भी बनाया गया है। उन्होंने इस मंदिर को बिहार के लिए गौरव बताया है। सीएम नीतीश ने तस्वीरें शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, 'मुझे बताते हुए अत्यंत



प्रसन्नता हो रही है कि जगत जननी मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम, सीतामढ़ी को समग्र रूप से विकसित किए जाने हेतु भव्य मंदिर सहित अन्य संरचनाओं का डिजाइन अब तैयार हो गया है, जिसे आपके साथ साझा किया जा रहा है। इसके लिए एक ट्रस्ट का भी गठन कर दिया गया है ताकि निर्माण कार्य में तेजी आ सके। हमलोग पुनौराधाम, सीतामढ़ी में भव्य मंदिर निर्माण शीघ्र पूरा कराने हेतु कृतसंकल्पित हैं। पुनौराधाम में मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण हम सभी बिहारवासियों के लिए गौरव और सौभाग्य की बात है।' आपको बता दें कि सीतामढ़ी के पुनौराधाम को अयोध्या के तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। पुनौराधाम को मंदिर को राष्ट्रीय महत्व का धार्मिक और पर्यटन स्थल बनाने की योजना सरकार की है। दरअसल माता सीता का जन्मस्थल होने की वजह से पुनौराधाम का खास धार्मिक महत्व है। अयोध्या के राम मंदिर और पुनौराधाम के सीता मंदिर का सीधा संपर्क है। पुनौराधाम में मां जानकी मंदिर के आसपास पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करने की योजना है।



## एनएच-31 पर कंटेनर ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर

### कटिहार में एक बुजुर्ग की मौत, दूसरा घायल

**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार में शनिवार को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 70 वर्षीय मोहम्मद इसराइल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथी अनवारे करीम (60) गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा कुरसेला थाना क्षेत्र में एनएच-31 पर देवीपुर चौक के पास हुई।

### ट्रक ने पीछे से बाइक को मारी टक्कर

शनिवार देर शाम समेली से कुरसेला की ओर जा रहे एक कंटेनर ट्रक ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कंटेनर ट्रक सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा भिड़ा, जिससे पोल टूट गया। स्थानीय लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

### बिजली विभाग ने बंद की आपूर्ति

घटना की सूचना पर पुलिस और बिजली विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। एहतियातन बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई, ताकि कोई और दुर्घटना न हो। हादसे के कारण एनएच-31 पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। इसे देखते हुए प्रशासन ने वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू की।

### धार्मिक कार्य के लिए जा रहे थे दोनों बुजुर्ग

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहम्मद इसराइल और अनवारे करीम बाइक से धार्मिक प्रचार-प्रसार के लिए देवीपुर गांव जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, घायल अनवारे करीम को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद मृतक के परिजन इलाज में देरी को लेकर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग पर नाराज नजर आए। कुरसेला पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और ट्रक चालक की पहचान कर उसकी तलाश की जा रही है। वाहन को जब्त कर लिया गया है।

## बीसीए ने बढ़ाई बिहार रूरल लीग रजिस्ट्रेशन की तारीख



### अब 27 जून तक खिलाड़ी कर सकते हैं अप्लाई

#### अबतक 11,000 खिलाड़ियों ने किया रजिस्टर

**पटना, एजेंसी।** बिहार के गांव-गांव से क्रिकेट खिलाड़ियों को खोज निकालने के उद्देश्य से बीसीए द्वारा बिहार रूरल लीग 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है। बीसीए इसके लिए रजिस्ट्रेशन कर रहा है, जिसकी तारीख को आगे बढ़ा दिया गया है। अब खिलाड़ी 27 जून तक आवेदन कर सकते हैं। इस रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में केवल 13 से 23 साल के उम्र के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जो बिहार राज्य के स्थाई निवासी हों। अब तक पूरे राज्य से लगभग 11,000 खिलाड़ियों ने इस लीग के लिए रजिस्ट्रेशन किया है। बीसीए के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि राज्य भर से मिल रहे जबरदस्त उत्साह और भागीदारी को देखते हुए इसके रजिस्ट्रेशन तिथि को विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है।

**कोने-कोने से क्रिकेट प्रतिभा आएगी सामने :** बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि बिहार रूरल लीग हमारे उन नौजवान खिलाड़ियों के लिए समर्पित है, जिन्हें अब तक किसी भी कारणवश मुख्यधारा के क्रिकेट से जुड़ने का अवसर नहीं मिला। हमारा उद्देश्य है कि राज्य के कोने-कोने से क्रिकेट प्रतिभाओं को सामने लाया जाए और उन्हें आगे बढ़ने का मंच दिया जाए। इस लीग के माध्यम से हम न केवल प्रतिभा की खोज करेंगे, बल्कि उन्हें प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और पहचान भी देंगे।

#### टैलेंट हंट के माध्यम से किया जाएगा चयन

खिलाड़ियों का चयन पंचायत से ब्लॉक और फिर जिला स्तर तक टैलेंट हंट के माध्यम से किया जाएगा। हर जिले में 16 टीमों के गठन के लिए टैलेंट हंट होगा। हर जिले में 15 मैच यानी कि कुल 570 मैच होंगे। जिलों की विजेता टीमों से सुपर लीग के लिए 38 टीमों का गठन होगा। सुपर लीग में 79 मैच खेले जाएंगे, यानी कि कुल 649 मैचों का आयोजन होगा। फाइनल में एक सेलिब्रिटी, एक राष्ट्रीय खिलाड़ी और ब्रांड एम्बेसडर होंगे शामिल। इस आयोजन में लगभग 10,000 खिलाड़ी के भाग लेने का अनुमान है।

# स्कॉर्पियो ने स्कूटी में मारी टक्कर, महिला की मौत

## पति के साथ रिश्तेदार की शादी में जाने के दौरान हुआ हादसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिसके कारण स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। जबकि उसका पति बाल-बाल बच गया। घटना नबीनगर थाना क्षेत्र के अंबा नबीनगर रोड स्थित बसन बिगहा मोड़ के पास की है। मृतका की पहचान झारखंड के गढ़वा जिला अंतर्गत कांडी थाना क्षेत्र के धबरिया गांव निवासी मोहम्मद मुख्तार हुसैन की पत्नी 48 साल की हसीना बेगम के रूप में की गई है। घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गया। मौजूद स्थानीय लोग जख्मी महिला को इलाज के लिए पास के एक निजी क्लीनिक में ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर




देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। इसके बाद उसे नबीनगर स्थित रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने नब्ज टटोलते ही उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना पर नबीनगर थाना की पुलिस रेफरल अस्पताल पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेते हुए पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए मृतका के परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाद मृतका के पति समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद मृतका के पति मोहम्मद मुख्तार हुसैन ने बताया कि उसके फुफेरा भाई की शादी थी। दोनों पति-पत्नी स्कूटी पर सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही नबीनगर बाजार पार करके बसन बिगहा मोड़ के पास पहुंचे, गैस एजेंसी के सामने एक स्कॉर्पियो वाहन ने चकमा देते हुए स्कूटी में टक्कर मार दिया। स्कूटी पर पीछे बैठी उसकी पत्नी सड़क पर गिरकर जख्मी हो गई। स्कूटी से गिरने के कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। जबकि मुख्तार स्कूटी पर ही रह गया।

## महुआ शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** उपहारा पुलिस ने अवैध शराब निर्माण व बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के बैजलपुर गांव से आठ लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त दयाल चौधरी पर उत्पाद अधिनियम के तहत कांड दर्ज कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत



**बिहारशरीफ (नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा में बाइक सवार महिला की सड़क हादसे में रविवार को मौत हो गई। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मामू भगना के समीप की है। मृतका की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र केर्बलवापर गांव निवासी राहुल प्रसाद की 25 वर्षीया पत्नी खुशबू कुमारी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतका के भतीजे ने बताया कि चाचा के साथ बाइक पर सवार होकर फुआ अपने घर जा रही थी। इसी बीच मामू भगना के पास पीछे से आए बाइक सवार ने टक्कर मार दी। फुआ मुंह के बल सड़क पर गिर गई। जिसके बाद निजी क्लिनिक में ईलाज के लिए ले जाया गया। हालांकि वहां प्राथमिकी उपचार के बाद मॉडल अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां ईलाज के क्रम में चिकित्सक के द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

# व्यवस्थित एवं सुविधाजनक माहौल में मतदान करेंगे मतदाता : एसडीओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल एवं व्यवस्थित संचालन के उद्देश्य से दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन द्वारा गोह प्रखंड अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम अपेक्षित सुविधाओं अर्थात सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करना था, ताकि निर्वाचन दिवस पर मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे सुगमतापूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन द्वारा राजकीयकृत गांधी स्मारक उच्च विद्यालय गोह, सामुदायिक भवन पुंदौल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय निमडा सहित अन्य मतदान केंद्रों पर पहुंचकर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर पेयजल, स्वच्छ शौचालय, दिव्यांगजनों के लिए रैम्प, बिजली, प्रकाश, छाया, बैठने की व्यवस्था तथा मतदान केंद्र की समग्र स्वच्छता एवं सुलभता की स्थिति का निरीक्षण करते हुए इन सुविधाओं की पूर्णता पर बल दिया। निरीक्षण के क्रम में कई स्थानों पर कुछ आवश्यक सुविधाओं की कमी भी चिन्हित की गई, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोह को स्पष्ट निर्देश दिया कि शेष सभी मतदान केंद्रों का



पुनः परीक्षण कराते हुए जहां-जहां सुविधाओं की कमी हो, वहां तत्काल कार्य आरंभ कराया जाए और सुनिश्चित किया जाए कि निर्धारित समयावधि के भीतर सभी आवश्यक सुविधाएं पूर्णरूपेण उपलब्ध हों। अनुमंडल पदाधिकारी ने यह भी कहा कि मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाओं की सुनिश्चितता मतदाता को न केवल सुविधा देती है, बल्कि उसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित भी करती है। यह प्रशासन का उत्तरदायित्व है कि प्रत्येक मतदाता को सम्मानजनक वातावरण में मतदान का अवसर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर कोई भी कमी शेष न रहे, इसके लिए प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। जिला प्रशासन द्वारा विधानसभा चुनाव 2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुविधायुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। भविष्य में भी इस प्रकार के निरीक्षण एवं समीक्षा कार्य लगातार जारी रहेंगे ताकि प्रत्येक स्तर पर निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

# भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोईलवर (भोजपुर)।** भोजपुर जिला पदाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली की उत्तर प्रदेश कि ओर से एक 12 चक्का ट्रक से 1287 लीटर अवैध विदेशी शराब पटना की ओर जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, भोजपुर द्वारा निरीक्षक राहुल कुमार दुबे के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। बक्सर-पटना फोरलेन पर गीधा थाना क्षेत्र के कायमनगर ओवरब्रिज के पास एक ट्रक की जांच करने पर ट्रक से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब व बीयर बरामद किया गया। टीम ने वाहन के चालक दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। वह पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र के हल्दी छपरा गांव निवासी है।



छापेमारी दल में निरीक्षक राहुल कुमार दुबे, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, राजकुमार राजा, रवि कुमार, सहायक अवर निरीक्षक रविंद्र कुमार यादव एवं सहायक अवर निरीक्षक के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

## अपहृत लड़की सकुशल बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** वेना थाना की पुलिस ने अपहृत एक लड़की को सकुशल बरामद किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार यादव ने रविवार को बताया कि बीते 18 जून को एक लड़की अदिति कुमारी का अपहृत होने का मामला आया था। जिसे पुलिस ने 22 जून को पटना से बरामद किया है साथ ही उक्त कंांड के प्राथमिकी अभियुक्त बुधन कुमार को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। अग्रिम कारवाई की जा रही है।

# महिला ने प्रेमी से मिलकर दूसरे प्रेमी की कराई हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा ने रविवार के दिन अलग-अलग थाना क्षेत्र के तीन मामलों का खुलासा किया। इसमें पहली घटना रंगदारी, दूसरी हत्या और तीसरी घटना दो गुटों के बीच लड़ाई के दौरान फायरिंग की है। इन सभी मामलों में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी भी हुई है।

### 10 लाख की मांगी रंगदारी

19 जून को प्रीतम कुमार सिंह छपरा अवतार नगर के रहने वाले से 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। जो गांधी नगर ओंकारेश्वर हनुमान मंदिर राजीव नगर पटना में रहते हैं। अज्ञात नंबर से इनसे 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। पुलिस मामला दर्ज कर के छानबीन शुरू की तो आरोपित जानने वाला ही निकला। आरोपित का नाम अनुज कुमार है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसने रुपए के लिए अपने मौसा के दोस्त से रंगदारी के तौर पर रुपए की डिमांड की थी और नहीं देने पर इकलौते बेटे को जान से मार देने की धमकी दी थी।

### प्रेमिका ने कराई हत्या

परसा थाना अंतर्गत एतवारपुर में एक अज्ञात शव मिला था। जिसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की तो युवक की पहचान सारण के रहने वाले सूरज के रूप में हुई। जो बेऊर इलाके में किराए के मकान में रहता था। जिसकी हत्या नुकीले हथियार से गोदकर की गई थी। इस मामले में पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि अनुसंधान के दौरान पता चला कि मृत शख्स का संबंध किसी महिला के साथ है। उस महिला से पूछताछ की गई तो यह जानकारी सामने आई कि मृतक से उसके करीबी संबंध थे। जिसके आधार पर वो लगातार ब्लैक मेल कर रहा था। इससे परेशान होकर उसने दूसरे प्रेमी और पति के साथ मिलकर उसे मार दिया। महिला पहले से शादीशुदा है। इसमें महिला गुड़िया कुमार, विजय कुमार और अश्विन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। जिस नुकीले हथियार से गोदकर हत्या की गई थी, उसे भी बरामद कर लिया गया है।

पटना एसएसपी ने बताया कि खुसरूपुर थाना के लोदीपुर पासवान चौक के पास दो व्यक्तियों के बीच में आपसी रंजिश के चलते गोलीबारी की घटना हो रही थी। इसके आधार पर दोनों पक्षों के यहां रेड की गई।

# शराब की खेप के साथ आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के अब्दुलपुर स्थित हनुमान मंदिर के समीप से रफीगंज पुलिस ने शनिवार को 150 बोतल विभिन्न ब्रांड के देसी शराब बरामद कर एक बाईक को भी जप्त किया है तथा एक नाबालिग सहित तीन लोगों को पुलिस हिरासत में लिया है। रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा छापामारी किया गया। छापामारी दल में अपार थाना अध्यक्ष कन्हैया कुमार, एसआई महेश पासवान, पप्पू पासवान, मनोरमा कुमारी, एएसआई बवनजीत कुमार, राम अवधेश



सिंह, सुनील सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। वहीं पकड़े गए शराब तस्कर फेसर थाना क्षेत्र के ठेगवा गांव निवासी उमेश यादव, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नेहुटी गांव निवासी वीरेंद्र कुमार सहित एक नाबालिग शामिल है। पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए लोगों को रविवार को जेल भेजा जाएगा।

# परंपरागत गीतों के साथ किसानों ने की धान रोपनी की शुरूआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के बनियां पंचायत के सोनडीह गांव में रविवार को परंपरागत लोक संस्कृति कृषि मधुर गीतों के साथ धान रोपनी का कार्य शुरू हुआ। किसान मानसून की पहली बारिश में ही अपने खेतों में धान की रोपनी करने में जुट गए हैं। किसान चन्द्रशेखर प्रताप सिंह उर्फ लड्डू सिंह अपने 25 बिघा खेत में धान रोपने का कार्य प्रारंभ किए हैं। उन्होंने बताया कि इस धान रोपनी की प्रक्रिया में 27 दिन पूर्व धान बीज की बुआई की गई थी। धान रोपनी में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक



हिस्सा लिया और वे पारंपरिक गीतों का गायन कर धान रोपाई करने लगी जिससे मगध की लोक संस्कृति की झलक दिखने लगा। लड्डू सिंह ने बताया कि इतना पहले धान रोपने का मुख्य कारण उपज को बढ़ाना है। अद्रा से पहले धान रोपने पर एक बीघा खेत में धान पांच से 6 क्विंटल अधिक होता है। हमें पहले धान रोपने से फायदा होता है। एक बीघा में गंगा कावेरी धान की उपज लगभग 25 क्विंटल होगा। यदि इसी धान को 25 दिन बाद रोपेंगे तो इसकी उपज 5 क्विंटल कम होगी। इसलिए पहले धान रोपने से किसानों को अधिक उपज का लाभ मिल सकती है। उनकी आय में वृद्धि हो सकती है। किसानों ने इस बात को ध्यान में रखते हुए पहले धान रोपनी का फैसला किया है और वे अपनी फसल के लिए आशान्वित हैं। किसानों का कहना है कि मानसून की बारिश ने उनकी फसल के लिए बहुत ही अनुकूल परिस्थितियां पैदा की हैं। वे अपनी फसल की देख-भाल करने में जुट गए हैं। उम्मीद कर रहे हैं कि उन्हें अच्छी उपज मिलेगी। इस तरह प्रखंड क्षेत्र के सोनडीह गांव में धान रोपनी का कार्य जोरों पर है और किसानों को उम्मीद है कि उन्हें अच्छी उपज मिलेगी और उनकी आय में वृद्धि होगी।

# राघोपुर का पीपा पुल बंद 24 गांवों का संपर्क टूटा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना से राघोपुर दियारा को जोड़ने वाला रुस्तमपुर- कच्ची दरगाह पीपा पुल रविवार से बंद कर दिया गया है। इससे दो दर्जन गांवों का पटना से सीधा सड़क संपर्क टूट गया है। अगले 6 महीने तक क्षेत्र के हजारों लोगों को गंगा नदी पार करने के लिए नावों का सहारा लेना होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल निगम और ठेकेदार ने जल्दबाजी में यह फैसला लिया है। नदी में जलस्तर अभी इतना नहीं बढ़ा है कि पुल को बंद करना जरूरी हो। स्थानीय निवासी आनंद कुमार ने बताया कि अप्रोच रोड से काफी नीचे पानी है। पुल एक सप्ताह और चल सकता था। राघोपुर, जुड़ावनपुर, चकसिंगार, मल्लिकपुर, सैदाबाद, पहाड़पुर, रामपुर, बिदुपुर के गोकुलपुर और विसनपुर सहित कई गांवों के लोग प्रभावित हुए हैं। मजदूर, सब्जी विक्रेता, दूध विक्रेता और कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों को अब एक घंटा पहले निकलना होगा। नाव का अतिरिक्त किराया भी देना होगा।

# दिवंगत पूर्व मंत्री की प्रतिमा का हुआ अनावरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के अहियापुर गांव में पूर्व मंत्री स्व. रामविलास सिंह की 16 वीं पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। सबसे पहले नवनिर्मित स्व. रामविलास सिंह स्मृति पुस्तकालय भवन का उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत गोह विधायक भीम कुमार सिंह ने पूर्व मंत्री की प्रतिमा का अनावरण किया। मौके पर विधायक भीम कुमार सिंह ने अनावरण करते हुए कहा कि दिवंगत पूर्व मंत्री रामविलास सिंह एक समाजवादी चिंतक थे। वे हर पीढ़ी के लिए आदर्श है। उनके जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है। पूर्व विधायक रविन्द्र सिंह ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व.राम विलास बाबू एक व्यक्ति नहीं विचार थे। उन्होंने पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा। वे समतामूलक समाज के पूरोधा थे। उनका सफर मुखिया से लेकर मंत्री तक रहा था। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सुरेंद्र सिंह व




संचालन सुमेश कुमार ने किया। मौके पर रामदेव सिंह यादव, जिला परिषद अरविंद यादव, जिप प्रतिनिधि शैलेश यादव, पूर्व प्रमुख संजय मंडल, डा सीपी सिंह, मुखिया प्रतिनिधि नागेन्द्र सिंह, रविन्द्र यादव, राजू यादव, मनीष यादव, दिनेश राम एवं दीनदयाल सिंह ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की सफलता पर परमानंद सिंह, वृजनंदन सिंह, कमलेश कुमार, राकेश कुमार एवं राजू कुमार रत्ना ने आगुंतकों के प्रति आभार जताया।

## नगर पंचायत का सीमांकन जल्द पूर्ण कराने की मांग

**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** बीते दिनों मदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा मिला है, लेकिन सीमांकन का कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मदनपुर नगर पंचायत में मदनपुर, दशवतखाप, मिठाईयां, नोनियाडीह, पंवारा, श्रीरामपुर, शिवनाथ बिगहा, पाठक बिगहा, घोरहत, पतेया, उमगा, मुंशी बिगहा, तपसीनगर, मिश्र बिगहा आदि गांवों को जोड़ा जाए ताकि सीमांकन पूर्ण हो सके। सामाजिक कार्यकर्ता उमाशंकर सिंह, नारायण प्रसाद उर्फ त्रियुगी प्रसाद, अभिमन्यु प्रसाद सिंह, मुरारी ठाकुर, राजेन्द्र ठाकुर का कहना है कि नगर पंचायत में इन गांवों को भी शामिल किया जाए।

# बढ़ती जनसंख्या को लेकर परिसीमन में सुधार की आवश्यकता : डॉ. रणविजय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** रविवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित गौतम बुद्ध नगर भवन में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष वशिष्ठ शर्मा ने किया एवं मंच का संचालन धनंजय मिश्रा ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि रालोमो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह गोह विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ रणविजय कुमार, प्रदेश महासचिव रामकुमार वर्मा के साथ गोह प्रखंड के सेक्टर प्रभारी, पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष तथा सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



अगामी 29 जून को गयाजी के गांधी मैदान में संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रणविजय कुमार ने लोगों को बताया कि बढ़ते जनसंख्या को लेकर परिसीमन में सुधार की आवश्यकता है। अगर बिहार को विकसित राज्य देखना चाहते हैं तो एनडीए की सरकार को समर्थन करना होगा। यहां पुनः बिहार में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाना है। विकास पुरुष के बिना बिहार का विकास सम्भव नहीं है। नहीं तो आने वाले दिनों में पूर्व की भांति जो होता था उसका खामियाजा आज भी भुगतना पड़ेगा। डॉ. रणविजय ने कहा कि इसके लिए हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने केंद्र व राज्य सरकार को महारैली के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराएंगे। इस रैली को एतिहासिक बनाने के लिए 29 जून को गोह विधानसभा क्षेत्र से काफी संख्या में कार्यकर्ताओं का हूजूम गयाजी के गांधी मैदान में पहुंचेगी और परिसीमन सुधार महारैली को लेकर भगवान बुद्ध की पावन स्थल गयाजी से आगाज की जाएगी। बैठक में दर्जनों रालोमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जागरूकता रथ को किया रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** राजद द्वारा 26 जून को बापू सभागार पटना में आयोजित युवा छात्र संवाद कार्यक्रम की तैयारी को लेकर रविवार को भोजपुर जिले से सातों विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार के लिए जागरूकता रथ रवाना हुआ। रथ को युवा राजद के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो आगामी दिनों में जिले के गांव-गांव में जाकर युवाओं को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करेगा। मौके पर शैलेंद्र कुमार ने कहा कि भोजपुर के सभी विधानसभा क्षेत्रों से हजारों युवा पटना पहुंचेंगे। अपने लोकप्रिय नेता तेजस्वी यादव से सीधा संवाद करेंगे। बड़हरा के राजद नेता रामबाबू सिंह ने तीखा हमला करते हुए कहा कि बेरोजगारी और भ्रष्टाचार में डूबी यह सरकार अब युवाओं की ताकत से उखाड़ फेंकी जाएगी। छात्र युवा संवाद एक निर्णायक कदम होगा। युवा राजद के प्रधान महासचिव रजनीश यादव ने कहा कि बिहार के सभी जिलों में भोजपुर पहला जिला होगा जो राजधानी को पाटने का काम करेगा। यह कार्यक्रम तय करेगा कि अब बागडोर युवाओं के हाथ में होगी और तेजस्वी यादव बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे। मौके पर पिंटू यादव, बिमलेश यादव, रवि राणा, प्रिंस राय, संतोष कुमार, निराला यादव सहित दर्जनों राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पार्टी के स्थापना दिवस पर पुस्तक का हुआ लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा शहर के मेहंदिया रोड स्थित एक नीजी हॉल में अखिल हिन्द फारवर्ड ब्लॉक (क्रांतिकारी) की बिहार राज्य इकाई की ओर से पार्टी का स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी सुभाषचंद्र बोस एवं अमर शहीद बालमुकुन्द राही के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी एस निराला द्वारा लिखित पुस्तक ''पूंजीवाद की विकास यात्रा, युद्ध और क्रांति''का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण में लेखक डीएस निराला ने कहा कि आज का युग पुंजीवाद, साम्राज्यवाद मृत काल है, दूसरी तरफ आज का युग वास्तव में मजदूर किसानों के लिए विश्व की नई समाजवादी क्रांति का अमृत काल है। ऐसे में तमाम क्रांतिकारी शक्तियों को एकजुटता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है ताकि पुंजिवादी आधुनिक साम्राज्यवाद और उनकी लुट का अंत किया जा सके। राष्ट्रीय




महासचिव बाल गोविन्द सिंह, प्रांतीय अध्यक्ष राम गोविंद सिंह, प्रांतीय सचिव सुरेश विश्वकर्मा, राष्ट्रीय जनवादी मोर्चा वाराणसी के सन्तोष गिरी, मजदूर नेता सूर्यदेव राजवंशी एवं संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के राजकुमार भारत की उपस्थिति में पूंजीवाद की विकास यात्रा, युद्ध और क्रांति नामक पुस्तक का लोकार्पण किया गया। मौके पर ओमप्रकाश वर्मा, चन्द्रदीप राम, रामाधार सिंह बेगाना, रामाशीष सिंह, बीरवल पासवान, रामरूप राजवंशी एवं अभय कुशवाहा ने अपने विचार व्यक्त किये।

# योग जीवन के लिए संजीवनी समान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रोग्रेसिव चिल्ड्रेन एकेडमी अंबा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व शिक्षण संस्थान के संस्थापक वेद प्रकाश तिवारी ने की। इस दौरान कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा विद्यालय के बच्चों को आसन, प्राणायाम और ध्यान का योगाभ्यास कराया गया। प्राचार्या कुमारी शशि ने कहा कि योग स्वस्थ तन और मन प्राप्ति की प्राचीनतम भारतीय साधना पद्धति है। यह जीवन के लिए संजीवनी है। उन्होंने बच्चों को जीवन में नियमित रूप से योग को अपनाने की बात कही और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के थीम 'योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ' पर विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर प्रोग्रेसिव शिक्षण संस्थान के प्राचार्या कुमारी शशि, उप प्राचार्य जयमंगल सिंह, शिक्षक उमा शंकर सिंह, रीता सिंह, कंचन सिन्हा, नेहा शर्मा, प्रवीण कुमार, शिवम पांडेय, संजू कुमारी और संस्थान के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

CMYK

# कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन का 23 जून को सीएम करेंगे लोकार्पण

◆ 3,000 करोड़ का ऋण ◆ 2,000 करोड़ की राज्य हिस्सेदारी ◆ केबल स्टे ब्रिज की विशेषता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य को विकसित एवं समृद्ध बनाने की दिशा में एक और अहम कदम उठाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री 23 जून को कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन परियोजना के प्रथम चरण एनएच-31 से राघोपुर तक के हिस्से का लोकार्पण करेंगे। इस संबंध में पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री से उद्घाटन को लेकर स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 23 जून राघोपुर दियारा के निवासियों के लिए ऐतिहासिक दिन होगा। दशकों से राजधानी पटना से नावों और पीपा पुल के माध्यम से जुड़े रहने वाले इस क्षेत्र के लोग अब मात्र 5 मिनट में सड़क मार्ग से राजधानी पहुंच सकेंगे।

मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि यह पहला स्थायी पुल होगा जो राघोपुर को राजधानी पटना से जोड़ेगा। अब लोगों को मानसून के समय बनने वाले अस्थायी पीपा पुल या नावों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। हर साल बारिश में जब पीपा पुल हटा दिया जाता था, तब यह इलाका शेष राज्य से कट जाता था। लेकिन अब इस पुल के शुरू होने से सालभर निर्बाध आवागमन संभव होगा, जिससे राघोपुर दियारा के सामाजिक और आर्थिक जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

मंत्री ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री जिस हिस्से का उद्घाटन करेंगे, वह पूरी तरह तैयार है। यह हिस्सा कच्ची दरगाह से राघोपुर तक फैला है। राघोपुर से बिदुपुर तक के शेष हिस्से का कार्य अंतिम चरण में है, जिसे आगामी तीन माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। उद्घाटन के साथ ही इस मार्ग पर यातायात की शुरूआत हो जाएगी। इसके साथ ही राघोपुर की मुख्य सड़क (पंसरिया चौक) को कनेक्ट करने के लिए 17 करोड़ रुपये की लागत से संपर्क पथ का निर्माण भी शीघ्र आरंभ किया जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई है।

यह परियोजना कुल 19 किलोमीटर लंबी है, जिसमें गंगा नदी पर बना 9.76 किलोमीटर लंबा एक्स्ट्रा डोज्ड केबल स्टे ब्रिज शामिल है। पुल की चौड़ाई 32 मीटर है और इसे 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के अनुकूल डिजाइन किया गया है। इस परियोजना के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक से 3,000 करोड़ रुपये का ऋण लिया गया है, जबकि राज्य सरकार ने लगभग 2,000 करोड़ रुपये का व्यय वहन किया है।

मंत्री ने बताया कि इस पुल की एक प्रमुख विशेषता इसकी अत्याधुनिक निर्माण तकनीक है। एक्स्ट्रा डोज्ड केबल स्टे ब्रिज में केबल्स को सीधे टावर से नहीं, बल्कि डेक के नीचे विशेष ढंग से एक बिंदु से दूसरे बिंदु तक जोड़ा गया है। इससे न केवल इसकी मजबूती कई गुना अधिक होती है, बल्कि यह तकनीक भारत के गिने-चुने पुलों में ही अपनाई गई है। इस पुल के चालू होने से महात्मा गांधी सेतु पर वाहनों का दबाव कम होगा। साथ ही बिदुपुर, राघोपुर और पटना के बीच तेज और सुव्यवस्थित सड़क संपर्क स्थापित होगा। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2027 तक राज्य के किसी भी कोने से राजधानी पटना तक की दूरी अधिकतम साढ़े तीन घंटे में तय की जा सके, जिसमें यह पुल अहम भूमिका निभाएगा।

## 25 गिरफ्तार

**बक्सर।** जिले में अपराध नियंत्रण की दिशा में लगातार कार्रवाई जारी है और अपराधियों की धर-पकड़ की जा रही है। इसके तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों से 25 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, वहीं कोर्ट से जारी 20 वारंट का निष्पादन करते हुए अन्य कार्रवाई की गई। पुलिस कार्यालय से इस संबंध में जारी रिपोर्ट के अनुसार हत्या के एक मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं हत्या के प्रयास के एक कांड के एक आरोपित तथा दुष्कर्म के एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शराब तस्करों के विरुद्ध जारी अभियान के तहत पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

# रथयात्रा को ले प्रशासन और आयोजकों की संयुक्त बैठक

- चालीस हजार से अधिक श्रद्धालु होंगे शामिल
- जमीन एवं आकाश से होगी यात्रा की निगरानी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण।** चौपारण में आगामी रथयात्रा महोत्सव को सफल बनाने को लेकर प्रशासन और आयोजन समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन स्थानीय थाना परिसर में किया गया।

इस वर्ष रथयात्रा में 40 से 50 हजार श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन अलर्ट और एक्टिव मोड में आ गया है।बैठक की अध्यक्षता एसडीओ जोहान टुडू ने की, जिसमें डीएसपी अजीत कुमार विमल, सीओ संजय यादव, बीडीओ नितेश भास्कर, थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश सहित आयोजन समिति के अभिषेक सिंह, संजय सिंह, राजदेव यादव, अनिल केशरी, डॉ. रामानुज और अन्य प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

**रथयात्रा का मार्ग और आयोजन का स्वरूप-** आयोजकों ने जानकारी दी कि सियरकोनी स्थित जगन्नाथ धाम से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा को वाहनों के काफिले के साथ चैथी मोड़ कात्यायनी मंदिर लाया जाएगा, जहां से रथयात्रा नगर भ्रमण करते हुए बीघा हनुमान मंदिर (मौसीबाड़ी) पहुंचेगी। दूसरे दिन भगवान को पुनः जगन्नाथ धाम ले जाया जाएगा।

**सुरक्षा और व्यवस्था के प्रमुख बिंदु-** 300 पुलिसकर्मी, जिनमें 250 पुरुष एवं 50 महिला जवान शामिल होंगे, 300 वालंटियर और बाउंसर, जिनमें बजरंग दल, विहिप के कार्यकर्ता शामिल रहेंगे।

ड्रोन कैमरा और सीसीटीवी से निगरानी, पेयजल, बिजली, साउंड सिस्टम, चिकित्सा स्टॉल की व्यवस्था रहेगी। एनएच-19 पर भीड़ प्रबंधन और यातायात सुगमता के लिए जीटी रोड की एक ही लेन से रथ ले जाने का निर्णय लिया गया। चेन स्नैचिंग से बचाव के लिए महिला श्रद्धालुओं को गहने न पहनने की सलाह दी गयी। 25 जून से मांस-मछली की दुकानें बंद, और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिया गया है। पिलर संख्या 41 के पास मिट्टी भराव और नालियों के कार्य को पूरा करने का निर्देश एनएचएआई को निदेशित किया गया।

**निरीक्षण और अंतिम समीक्षा-** 26 जून को उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक आयोजन स्थल का निरीक्षण करेंगे। एसडीओ जोहान टुडू ने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और रथयात्रा सकुशल सम्पन्न हो।

# आकाशीय बिजली से दो की गयी जान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** रविवार की दोपहर भागलपुर जिले में मौसम की करवट ने कहर बरपाया। जिले के अलग-अलग इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य झुलसकर घायल हो गए हैं। सभी घटनाएं कहलगांव अनुमंडल क्षेत्र की बताई जा रही हैं।

सन्हौला प्रखंड के बनियाडीह गांव निवासी रघुनंदन यादव (55 वर्ष) खेत में काम कर रहे थे। दोपहर में अचानक मौसम बदला और मूसलधार बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आकर रघुनंदन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीण दौड़ते हुए खेत पहुंचे और शव को उठाकर घर लाए। रघुनंदन की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। सूचना पर पहुंची सन्हौला थाना पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर स्थिति का जायजा लिया।

कहलगांव प्रखंड अंतर्गत घोघा थाना क्षेत्र के जानीडीह कुलकुलिया गांव निवासी नीरज कुमार (16 वर्ष), पिता धनंजय मंडल, बारिश के दौरान घर के पास स्थित खेत में स्नान कर रहा था। तभी बिजली गिर गई और वह उसकी चपेट में आ गया। नीरज की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया। मां ललिता देवी का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने भी शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

इधर, घोघा प्रखंड के पक्कीसराय पंचायत की तीन युवतियां आकाशीय बिजली की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गईं। धर्मेंद्र मंडल की पत्नी नंदिनी देवी (19 वर्ष), गुड़िया कुमारी (16 वर्ष) और दीक्षा कुमारी (13 वर्ष) खेत में काम कर रही थीं। बारिश के दौरान अचानक बिजली गिरने से तीनों झुलस गईं। परिजन आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां तीनों का इलाज चल रहा है।

# हजारीबाग सांसद ने सीएम योगी से की मुलाकात

## 'सांसद तीर्थ दर्शन' के लिए दिया आमंत्रण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज से उनके लखनऊ स्थित कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांसद जायसवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आगामी 29 जून से हजारीबाग हजारीबाग क्षेत्र में प्रारंभ हो रहे उनके महत्वाकांक्षी योजना 'सांसद तीर्थ दर्शन' अभियान के शुभारंभ- सह- प्रथम जत्थे के रवानगी कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति के लिए सादर आमंत्रित किया।

सांसद ने सीएम को स्मरण कराया की उन्होंने बीते झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान बड़कागांव में हुए उनके चुनावी सभा से लोगों से उत्तर प्रदेश के धार्मिक स्थलों में आने का आह्वान किया था। उन्हीं से प्रेरित होकर उन्होंने इस कार्यक्रम की शुरूआत की है ताकि क्षेत्र के बुर्जुगों को सम्मान के साथ तीर्थ दर्शन कराया जा सके। इस तीर्थ यात्रा के तहत उत्तर प्रदेश के ही चार प्रमुख तीर्थ स्थल जिसमें वाराणसी, प्रयागराज (संगम), विंध्याचल और अयोध्या दर्शन कराया जाना है। इस योजना की शुरूआत 29 जून को हजारीबाग के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल नृसिंह स्थान परिसर से होना तय है। सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान झारखंड राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति सहित अन्य समसामयिक विषयों पर भी उनसे बीच विस्तृत और सार्थक चर्चा की। उक्त आशय की जानकारी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने दी।

## टला हादसा, लोग भयभीत

**पटना।** रविवार की अहले सुबह राजधानी पटना के पॉश इलाके बोरिंग कैनाल रोड पर एक बड़ा हादसा टल गया। यहां निमार्णाधीन बहुमंजिला इमारत के निर्माण कार्य के दौरान गंभीर लापरवाही सामने आई है। खुदाई के चलते आसपास की कई इमारतों की नींव कमजोर हो गई है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि एक इमारत कभी भी गिर सकती है।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। अफरा-तफरी के बीच तत्काल बोरिंग कैनाल रोड को बंद कर दिया गया है। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराज समेत कई वरीय अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एनडीआरएफ की टीम को भी तैनात कर दिया गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

प्रशासन ने आसपास की कई इमारतों को एहतियातन खाली करा लिया है। राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर मौजूद हैं और स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। स्थानीय लोग डरे हुए हैं और बड़ी संख्या में मौके पर भीड़ जुट गई है।

# झामुमो की विचारधारा को मानने वाले लोगों को ही पार्टी से जोड़ें : संजय सिंह

## झामुमो के वर्ग संगठन का गठन और विस्तार जल्द




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा महानगर समिति गिरिडीह की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को झामुमो जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महानगर समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह (रॉकी) ने की। बैठक का संचालन महानगर सचिव सन्नी रैन ने की।

बैठक में संगठन के विस्तार पर व्यापक चर्चा हुई। विशेष रूप से यह निर्णय लिया गया कि संगठन को वार्ड स्तर तक मजबूत किया जाएगा और सभी सक्रिय पुराने तथा नए कार्यकताओं को उचित जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। संगठन का उद्देश्य आने वाले दिनों में प्रत्येक वार्ड में कैंप लगाकर जनता की समस्याओं का समाधान करना है। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि पार्टी या दल विचारों से चलता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की विचारधारा को पसंद करने वाले लोगों को पार्टी से जोडने का अभियान चलायें। जिला उपाध्यक्ष अजीत कुमार पप्पू ने बताया कि केन्द्रीय कमेटी के निर्देश पर जिस वर्ग संगठन का गठन किया जाना है उसमें युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, मजदूर मोर्चा, बुद्धिजीवी मोर्चा, पिछड़ा अनुसूचित जाति मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, व्यवसाय मोर्चा, क्रीडा मोर्चा आदि का गठन किया जाना है।

बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने विचार साझा किए और जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। संगठन द्वारा आगामी दिनों में जनसम्पर्क अभियान चलाकर वार्ड स्तर पर जनता से सीधा संवाद स्थापित करने की योजना बनाई गई बैठक में झामुमो नेता कृष्ण मुरारी शर्मा, जाकिर हुसैन, सुमित कुमार, लोकनाथ सहाय, संजय वर्मा, विजय बेसरा, सोमर मरांडी, मोहम्मद नदीम, चाँद अहमद, शेखर यादव, अनुभव सिंह, अल्कामा सहित पार्टी के गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मृत महिला पहुंची अपने घर, लोग हुए चकित

## गायब हुई थी महिला, पुलिस ने दूसरी लाश को किया सुपुर्द

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सारण।** जिस महिला को मृत समझकर स्वजन द्वारा दाह संस्कार कर श्राद्धकर्म कर दिया गया था, वह महिला रविवार को अचानक अपने घर पहुंच गई। महिला को जीवित देखकर सभी चकित रह गये।

घर में जहां मातम छाया था वहीं, अब खुशहाली लौट आयी है। लगभग एक माह बाद महिला अपने घर लौटी है। जानकारी के अनुसार मोहब्बत परसा पंचायत के भादपा नया बस्ती निवासी राम स्वरूप राय की पत्नी रामा देवी (45) वर्ष गत 17 मई को घर से अचानक गायब हो गयी थी। घर-परिवार के लोगों द्वारा काफी खोजबीन की गई।

खोजबीन के दरम्यान 26 मई को सरयू नदी स्थित थाना घाट से पूरब एक महिला का शव होने की सूचना पर पहुंचे स्वजन उक्त शव का आकार प्रकार गायब हुई महिला से मिलता जुलता पाया। उसके बाद स्वजनों द्वारा स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दी गई।

स्वजनों द्वारा संभावना व्यक्त करते हुए कहा गया कि वही महिला है। मौके पर पहुंची रिविलगंज थाना पुलिस ने महिला की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया। स्वजन द्वारा उक्त शव का दाह-संस्कार करने के बाद 11 जून को श्राद्ध कर्म भी कर दिया गया। इस कहानी में नया मोड़ तब आ गया, जब 22 जून की सुबह महिला स्वतः अपने घर भादपा नया बस्ती पहुंची। महिला को जीवित देख घर-परिवार के लोग दंग रह गए। महिला के जीवित होने और घर आगमन की खबर सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

सभी लोग यह जानने के लिए व्याकुल हो रहे थे कि यह कैसे सम्भव गया। जो महिला दुनिया की नजर में मर गई वो जिंदा कैसे हैं। आसपास लोगों से पूछने पर मालूम हुआ कि उक्त महिला अर्द्ध विक्षिप्त है। घर-परिवार में बिना बताये अपने मायके कोलकाता चली गयी थी। लगभग एक माह बाद अपने से वापस लौट आयी।

## मास्टर प्लान तैयार

**पटना।** मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम में भव्य मंदिर व अन्य संरचनाओं के निर्माण को लेकर डिजाइन तैयार हो गया है। सीएम ने मंदिर के डिजाइन की चार तस्वीरें रविवार को अपने एक्स हैंडल पर साझा की। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि मंदिर निर्माण के लिए एक ट्रस्ट का भी गठन कर दिया गया है। पुनौराधाम में भव्य मंदिर निर्माण को शीघ्र पूरा कराने को ले संकल्पित हैं।

# ओम वैष्णवी नर्सिंग होम में लगा फ्री जाँच कैम्प



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शहर के ओम वैष्णवी नर्सिंग होम बोरो में फ्री जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन डॉ श्रवण कुमार ने कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। डॉ श्रवण कुमार कि अगुआई में आयोजित किया गया।

उद्घाटन सत्र के बाद जाँच शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। अधिकसे अधिक लोगों ने अपना चेकअप करवाया शिविर की खास बात यह रही कीइसमें जाँच फ्री किया गया डॉ श्रवण कुमार डॉ एस कुमार डॉ अमित कुमार कि अगवाई मे जाँच किया गया( जिसमे 300 मरीजों को फ्री टेस्ट हुआ जिसमे बी एम डी,यूरिन,एसिड,शुगर ओर हीमोग्लोबिन फ्री जाँच हुआ डॉ श्रवण कुमार ने कहाँ आगे भी ऐसे ही फ्री कैंप लगता रहूँगा लोगों कि सेवा हमेशा करता रहूँगा।

## रेलवे ने लागू किया नया नियम

**बरौनी।** भारतीय रेल यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा कराने के लिए नित नए प्रयास कर रहा है। एसी एवं स्लीपर श्रेणी की बोगियों में भीड़ को कम करने के लिए अब रेलवे ने नया दिशा निर्देश जारी किया है। नए दिशा निर्देश से जहां पूर्व से टिकट आरक्षित करवा चुके रेल यात्रियों को भीड़ से परेशानी कम होगी, वहीं वेटिंग का टिकट लेकर एसी-स्लीपर श्रेणी में भी भेड़-बकरियों की तरह यात्रा करने को मजबूर ऐसे यात्रियों को भी राहत होगी। चूंकि रेलवे अब स्लीपर श्रेणी में कंफर्म सीट के अलावा मात्र 25 प्रतिशत, जबकि एसी में कंफर्म सीट के अलावा मात्र 10 प्रतिशत ही वेटिंग टिकट जारी करेगा। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, लंबी दूरी की ट्रेनों में स्लीपर एवं वातानुकूलित बोगी में वेटिंग टिकट चलने वाले रेल यात्रियों की भरमार रहने से रिजर्वेशन टिकट कटवा कर यात्रा करनेवाले रेल यात्रियों को भी उतनी ही परेशानी का सामना करना पड़ता है। चूंकि वेटिंग का टिकट लेकर लोग इन बोगियों में अधिकार स्वरूप यात्रा करते हैं।

# फिल्मी अंदाज में हो रही शराब तस्करी का भांड़ाफोड़

## 3852 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद शराब तस्कर लगातार नए-नए तरीके अपनाकर कानून को चकमा दे रहे हैं। ताजा मामला शेखपुरा जिले से सामने आया है, जहां पुलिस ने पेट्रोल-डीजल टैंकर के जरिए की जा रही शराब की बड़ी खेप की तस्करी का खुलासा किया है। इस दौरान पुलिस ने टैंकर को जब्त कर उसमें से 3852 लीटर विदेशी शराब बरामद की है, जिसकी कीमत करीब 30 लाख रुपये आंकी जा रही है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

शनिवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शेखपुरा जिले के रास्ते एक पेट्रोल टैंक लॉरी में भारी मात्रा में शराब ले जाई जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए शेखपुरा एसपी बलिराम कुमार चौधरी ने एसडीपीओ राकेश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने चकंद्रा स्थित एक होटल के पास संदिग्ध टैंक लॉरी को रोका और तलाशी ली। जांच में टैंकर के भीतर बड़ी मात्रा में शराब बरामद हुई।

टैंकर को जब्त कर चेवाड़ा थाना लाया गया, जहां उसकी गिनती की गई। पुलिस के अनुसार, टैंकर के भीतर खास तरीके से छिपाकर शराब के कार्टन रखे गए थे। गिनती में करीब चार घंटे का समय लगा और कुल 3852 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई।

मौके से पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान पिंटू कुमार मंडल और अमित मंडल के रूप में हुई है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

प्रारंभिक जांच में यह जानकारी सामने आई है कि यह शराब जमुई जिले के बराकर नदी किनारे से लोड की गई थी और इसे पटना में आनंद नामक व्यक्ति को डिलीवर किया जाना था।

# एलटीटी-शालीमार कुर्ला एक्सप्रेस पर असामाजिक तत्वों ने की पत्थरबाजी

## टूटे शीशे, दहशत में यात्री, जांच शुरू



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले ओडिशा के ब्रजराजनगर स्टेशन के समीप ट्रेन में पत्थरबाजी की घटना सामने आई है। इस बार एलटीटी मुंबई से शालीमार तक चलने वाली कुर्ला एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 18029 एलटीटी-शालीमार कुर्ला एक्सप्रेस को अज्ञात असामाजिक तत्वों ने निशाना बनाया। जिससे कुर्ला एक्सप्रेस के कोच में लगी खिड़की का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया।

हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी यात्री को चोट नहीं आई। जानकारी के अनुसार रविवार की अहले सुबह करीबन ढाई बजे एलटीटी से शालीमार की तरफ जाने वाली ट्रेन संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार कुर्ला एक्सप्रेस जब ब्रजराजनगर स्टेशन से गुजर रही थी। उस वक्त ही ट्रेन पर पत्थरबाजी की गई।

इस हमले में कुर्ला एक्सप्रेस के बी- 2 कोच के सीट नंबर 25 और 28 के पास मौजूद खिड़की में पत्थरबाजी हुई जिससे शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद ट्रेन में मौजूद टीटीआई ने घटना की सूचना रेलवे कंट्रोल को दी।

जिसके बाद ट्रेन के झारसुगुडा स्टेशन पहुंचने पर रेल अधिकारियों ने उक्त कोच में पहुंचकर रेल यात्रियों से बात करने के साथ ही उनका हाल जाना। मालूम रहे कि दो माह के भीतर बिसरा, बंडामुंडा, राउरकेला, पानपोस, राजगांगपुर आदि जगहों पर चलती ट्रेनों में पत्थरबाजी की घटना घटी है। वहीं, दूसरी ओर आरपीएफ के जवान द्वारा लगातार जागरूक अभियान चलाने के बावजूद भी असामाजिक तत्व के लोग लगातार हावड़ा मुंबई मुख्य रेल मार्ग में आने वाले स्टेशन के समीप ही ट्रेनों में बेहिचक पत्थरबाजी कर रहें है। जिस कारण रेल यात्री काफी दहशत में है। लगातार हो रही इन घटनाओं से रेलवे सुरक्षा एजेंसियों के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। अब तक न तो किसी आरोपी की गिरफ्तारी हुई है और न ही पत्थरबाजों की पहचान हो पाई है।

## वंदे भारत से पांच धराये

**मोतिहारी।** बापूधाम रेलवे सुरक्षा बल ने रविवार को गोरखपुर से पाटलिपुत्र जाने वाली गाड़ी संख्या-22502 डाउन वंदे भारत ट्रेन में अनाधिकृत रूप से सफर के रहे एक महिला समेत 5 यात्रियों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए लोगों में इमराज खान, ग्राम पखनहिया थाना पलनवा, संदीप कुमार, ग्राम बोखरवा थाना मंझौलिया पश्चमी चंपारण, जहूर आलम, रजाक मियां और नूरसेना खातून, ग्राम सरैया प्रताप थाना पहाड़पुर जिला पूर्वी चंपारण शामिल है। दरअसल, वंदेभारत ट्रेन में बापूधाम आरपीएफ पोस्ट के एएसआई राकेश कुमार और जवान स्काट कर रहे थे। जांच के दौरान सभी यात्री अनाधिकृत रूप से ट्रेन में सफर करते हुए पाए गए। उसके बाद स्काट पार्टी ने बापूधाम आरपीएफ पोस्ट को सूचना दी।

## नकली सिगरेट फैक्ट्री का उद्भेदन

**सासाराम।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र बेदा- बलथुआ में पुलिस ने छापेमारी कर नकली सिगरेट बनाने वाली एक फैक्ट्री का उद्भेदन शनिवार को किया। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान बलथुआ स्थित वृदावंन मार्केट के बेसमेंट में चल रहे फैक्ट्री की मशीन जिसकी अनुमानित कीमत तीन करोड़ है, उसे जब्त कर लिया। एसडीपीओ सासराम दो कुमार वैभव के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान कारखाना और उसके गोदाम से तीन करोड़ की नकली सिगरेट के अलावा सिगरेट बनाने वाला कच्चा माल जिसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ को भी जब्त किया गया है।

एसपी रौशन कुमार के अनुसार इस मामले में फैक्ट्री के मालिक यूपी के बलिया जिला के नरही थाना के सिंदुरिया ग्राम निवासी गोपाल ओझा को शहर के राजकालोनी स्थित उनके किराया के मकान से गिरफ्तार किया गया है। वहीं, फैक्ट्री के सुपरवाइजर यूपी के वाराणासी जिला के बड़ागांव निवासी राजेश कुमार मिश्रा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# शस्त्रों और कारतूसों के शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन का आदेश

## दंडाधिकारी और थानाध्यक्ष मिलकर करेंगे संयुक्त सत्यापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन ने जिले में शांतिपूर्ण, स्वच्छ और भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने को लेकर सभी शस्त्र लाइसेंस धारियों के शस्त्रों और कारतूसों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन कराने का आदेश जारी किया है।

इसके लिए 20 से 25 जून तक जिले के जिले के सभी थानों में कैंप लगाकर शस्त्र सत्यापन किया जाएगा। यह कार्रवाई आयुध नियमावली 2016 के नियम 66 और आयुध (संशोधित अधिनियम) 2019 के प्रावधानों के तहत की जा रही है। इसके लिए जिला प्रशासन ने निर्देश जारी किया है।

शस्त्र एवं कारतूस सत्यापन के दौरान वीडियोग्राफी कराई जाएगी। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि शस्त्रधारी स्वयं उपस्थित हो और उसकी पहचान अनुज्ञप्ति पर चस्पाए गए फोटो से सत्यापित की जाए। वर्तमान में अनुज्ञप्ति के लिए प्रतिनिधि भेजने का प्रावधान समाप्त कर दिया गया है। ऐसे में केवल शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी को ही शस्त्र सत्यापन के लिए उपस्थित होना होगा।

शस्त्र सत्यापन से अनुपस्थित रहने वाले अनुज्ञप्ति धारियों के विरुद्ध आयुध अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अनुज्ञप्ति निलंबन, रद और शस्त्र जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

डीएम के निर्देश पर सभी थानों को यह भी आदेश दिया गया है कि वे मृत शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों की सूची शीघ्र शस्त्र शाखा, वैशाली को प्रेषित करें।

इसके अलावा, जिन लोगों के पास दो से अधिक शस्त्र हैं, उनकी सूची थाने में संधारित शस्त्र पंजी के आधार पर तैयार कर जिला शस्त्र शाखा को उपलब्ध कराई जाए। यह कार्य भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा जारी गजट अधिसूचना के अनुसार किया जाएगा।

प्रत्येक थाना पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और संबंधित थानाध्यक्ष, ओपी अध्यक्ष सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक भौतिक सत्यापन की कार्रवाई करेंगे। शस्त्र और कारतूस की जांच के बाद अनुज्ञप्ति पुस्तिका पर संयुक्त हस्ताक्षर किए जाएंगे और संबंधित थाने का डीआर नंबर अंकित किया जाएगा। सत्यापन तिथि के दो दिनों के भीतर, संबंधित दंडाधिकारी संलग्न विहित प्रपत्र में संयुक्त प्रतिवेदन तैयार कर जिला प्रशासन को सौंपेंगे।

## संपादकीय

# सार्थक बातचीत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब जी7 सम्मेलन के लिए रवाना हुए थे, तो दो मुद्दों पर खासकर सभी की नजर थी - कनाडा के साथ रिश्ते किस तरह आगे बढ़ते हैं और आतंकवाद पर भारत अपना पक्ष किस तरह रखता है। एक ही मंच का इस्तेमाल कर देश ने दोनों को साध लिया। यह आयोजन भारत और कनाडा के बीच रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने का जरिया तो बना ही, नई दिल्ली ने दुनिया को आतंकवाद के प्रति भी चेता दिया कि इस मामले में दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे।भारत और कनाडा ने एक-दूसरे के यहां हाई कमिश्नर जल्द से जल्द बहाल करने का ऐलान किया है। यह उस गलती को सुधारने की दिशा में पहला कदम है, जो कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो ने की थी। राजनयिक संबंध बहाल होने से दूसरे द्विपक्षीय मामलों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिनमें पिछले साल टकराव के बाद से ठहराव आ गया था। इसमें प्रमुख है व्यापार और निवेश समझौता सीईपीए। एक विस्तृत इकॉनमिक एग्रीमेंट को लेकर दोनों देशों ने 2010 में बातचीत शुरू की थी। करीब एक दशक तक सब ठीक चला, लेकिन पहले कोरोना की रुकावट आई और फिर कूटनीतिक रिश्ते खराब हो गए। भारत और कनाडा के बीच वित्तीय वर्ष 2024 में 8.37 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था। हालांकि दोनों की इकॉनमी को देखते हुए क्षमता और संभावनाएं कहीं ज्यादा हैं। आर्थिक समझौते से व्यापार आसान होगा, निवेश बढ़ेगा और अनुमान है कि द्विपक्षीय कारोबार में 6 बिलियन डॉलर तक का इजाफा होगा। भारत और कनाडा के सामने शिक्षा, मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, इंफ्रा, कृषि - तमाम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अपार मौके हैं। भारतीय छात्रों के लिए कनाडा ञ्जश्च द्यश्चह्वद्बद्गठ्ठ स्रद्गह्यह्लद्बठ्ठड्ड-ह्लद्बश्ठ रहा है। बातचीत बढ़ने से ह्यह्लह्वस्रद्गठ्ठह्ल 1द्बह्यड्ड और वर्क परमिट आसान हो सकता है। पीएम मोदी और मार्क कार्नी की मुलाकात से जो रास्ता खुला है, उसका पूरा फायदा मिले, इसके लिए कनाडा को खालिस्तानी अलगाववादियों से जुड़ी भारत की चिंताओं पर ध्यान देना होगा। खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर केस से जुड़े सवाल पर कार्नी का संतुलित जवाब बताता है कि उन्हें भी इसका ख्याल है। पीएम मोदी ने जी 7 के आउटरीच सेशन में आतंकवाद का मुद्दा उठाया और उनका सवाल बिल्कुल ठीक है कि आतंकवाद के प्रायोजक देश और पीड़ितों को एक तराजू में क्यों तौला जा रहा है। जब तक दुनिया के ताकतवर देश आतंकवाद को लेकर अपना नजरिया साफ नहीं करते और अपनी सहूलियत के अनुसार आतंक की परिभाषा तय करने की आदत नहीं छोड़ते, यह समस्या हल नहीं होने वाली।

**कुछ महीने पहले, भारत की प्राचीन आस्था का एक और प्रतीक चुपचाप अपने सही स्थान पर लौट आया। नई संसद के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल को स्थापित किया। यह एक पवित्र राजदंड है, जिसे 1947 में तमिल अधीनमों ने सत्ता के धार्मिक हस्तांतरण को चिह्नित करने के लिए जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया था। दशकों से, इसे भुला दिया गया था, समुचित स्थान से वंचित किया गया, और एक प्रचलित राजदंड के तौर पर खारिज कर दिया गया था। इसकी स्थापना केवल स्मरण का कार्य नहीं था - यह एक शक्तिशाली घोषणा थी कि भारत अब खुद को उधार की आंखों से नहीं देखेगा। सेंगोल ने साम्राज्य के अवशेषों का नहीं, बल्कि धार्मिकता पर आधारित शासन का प्रतिनिधित्व किया।**

# धर्म का एक दशक- मोदी युग में सांस्कृतिक पुनर्जागरण

**(गजेन्द्र सिंह शेखावत )**

2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है।

जनवरी 2024 में, जब पावन नगरी अयोध्या में सूर्योदय हुआ। सदियों से लुप्त हो चुकी प्रार्थना अब आखिरकार गुंजायमान होने लगी थी। श्री राम की अपने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महज एक धार्मिक उपलब्धि नहीं थी। यह सभ्यता के उद्धार का क्षण था। सदियों के आक्रमण, औपनिवेशिक विकृति और राजनीतिक देरी के बाद, मंत्रों से गूंजता हुआ और इतिहास के स्पंदन सहित, बलुआ पत्थर में उकेरा गया यह मंदिर शान से खड़ा था। यह सिर्फ वास्तुकला के बारे में नहीं था, यह एक घायल आत्मा के उपचार के बारे में था। श्री राम की अपनी जन्मभूमि पर वापसी ने उस राष्ट्र की आस्था को फिर से जागृत कर दिया, जिसने लंबे समय तक अपने दिल में निर्वासन की खामोशी को समेटे रखा था।

कुछ महीने पहले, भारत की प्राचीन आस्था का एक और प्रतीक चुपचाप अपने सही स्थान पर लौट आया। नई संसद के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल को स्थापित किया। यह एक पवित्र राजदंड है, जिसे 1947 में तमिल अधीनमों ने सत्ता के धार्मिक हस्तांतरण को चिह्नित करने के लिए जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया था। दशकों से, इसे भुला दिया गया था, समुचित स्थान से वंचित किया गया, और एक प्रचलित राजदंड के तौर पर खारिज कर दिया गया था। इसकी स्थापना केवल स्मरण का कार्य नहीं था - यह एक शक्तिशाली घोषणा थी कि भारत अब खुद को उधार की आंखों से नहीं देखेगा। सेंगोल ने साम्राज्य के अवशेषों का नहीं, बल्कि धार्मिकता पर आधारित शासन का प्रतिनिधित्व किया। यह भारत की अपनी राज्य कला और आध्यात्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण आलिंगन था, जिसे उपनिवेशवाद के बाद के क्रम में लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया था।

इतना ही नहीं, इन क्षणों ने एक गहरे सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संकेत दिया। यह एक सभ्यतागत गतिविधि के तौर पर ग्यारह परिवर्तनकारी वर्षों में सामने आएगी।

2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय



परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है। योग केवल एक स्वास्थ्य संबंधी दिनचर्या भर नहीं है, बल्कि यह पिछले कुछ वर्षों में भारत का सबसे बड़ा सांस्कृतिक निर्यात भी बन गया है।

आयुष मंत्रालय के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के पुनरुद्धार को संस्थागत बल दिया गया। इसके परिणामस्वरूप आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी को राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर पहुंचने में मदद मिली। समानांतर रूप से, सरकार ने संस्कृत, तमिल, पाली और प्राकृत जैसी शास्त्रीय भाषाओं को संरक्षित करने, पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और उस्ताद एवं हमारी धरोहर जैसी योजनाओं के तहत लुप्तप्राय लोक कलाओं और शिल्पों का समर्थन करने के लिए मिशन शुरू किए।

भारत की ऐतिहासिकों इमारतों में भी नई जान आ गई। 2018 में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण केवल व्यापकता के बारे में नहीं था, बल्कि एक गाथा को पुनः प्रतिष्ठित करने जैसा था। सरदार वल्लभभाई पटेल लंबे समय से ओझल हो रहे थे। उनको राष्ट्रीय स्मृति में सबसे आगे रखा गया। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करना एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक था। यह औपनिवेशिक प्रतीकवाद से देशी जवाबदेही की ओर बदलाव का भी प्रतीक था।

तमिलनाडु के महाबलीपुरम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति श्री शी जिनपिंग के बीच 2019 की अनौपचारिक शिखर वार्ता की तुलना में शायद कोई भी कूटनीतिक वार्ता इस बदलाव को बेहतर तरीके से नहीं दर्शाती है। दिल्ली के गलियारों से दूर, प्राचीन बंदरगाह का नगर, जो कभी पल्लव राजवंश और भारत-चीनी समुद्री संबंधों का एक संपन्न केंद्र होने के साथ-साथ दो सभ्यताओं के बीच वार्ता की पृष्ठभूमि बन गया। जब नेता चट्टानों को काटकर बनाए गए मंदिरों और पत्थर के रथों के बीच चले, तो भारत ने न केवल भूगोल, बल्कि इतिहास और न केवल प्रोटोकॉल, बल्कि विरासत को भी प्रस्तुत किया। यह अपने सबसे सूक्ष्म और सबसे मजबूत रूप में सॉफ्ट पावर था।

यह सांस्कृतिक लोकाचार अन्य तरीकों से भी भारत की वैश्विक कूटनीति में प्रवाहित हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व के नेताओं को राजकीय उपहार के तौर पर पट्टचित्र पेंटिंग से लेकर बच्चों के लिए लाख के खिलौने भेंट किए गए, जो अपने साथ भारत के कारीगरों और कालातीत परंपराओं के संदेश लेकर गए।

2023 में जी-20 की अध्यक्षता एक और सांस्कृतिक उपलब्धि साबित हुई। दिल्ली के डिप्लोमेटिक हॉल तक सीमित न रहकर, यह शिखर सम्मेलन सांस्कृतिक पहचान का अखिल भारतीय उत्सव बन गया। आदिवासी कला प्रदर्शनों से लेकर शास्त्रीय प्रदर्शनों तक, भारत ने न केवल अपनी नीतिगत गहराई, बल्कि अपनी आत्मा का भी प्रदर्शन किया। हर प्रतिनिधिमंडल भारत के रंगों, व्यंजनों, शिल्प और चेतना में डूबा हुआ था। संदेश स्पष्ट था- भारत भूतकाल की सभ्यता नहीं है - यह जीवंत, सशक्त और आत्मविश्वास से परिपूर्ण वैश्विक सभ्यता है।

इन वर्षों के दौरान, 600 से अधिक चोरी की गई कलाकृतियां विदेशी संग्रहालयों और संग्रहकर्ताओं से वापस लाई गईं, जिनमें मूर्तियां, शिलालेख और पांडुलिपियां शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक की वापसी न केवल कला की बल्कि सम्मान की बहाली थी। इसी तरह, गुरु गोविंद सिंह के वीर शहजादों की शहादत को याद करने के लिए वीर बाल दिवस की स्थापना की गई, जबकि जनजातीय गौरव दिवस ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्रीय केन्द्र में लाया।

महामारी भी सांस्कृतिक लौ को मद्धिम नहीं कर पाई। वर्चुअल कॉन्सर्ट, डिजिटल म्यूजियम टूर और मन की बात के माध्यम से, प्रधानमंत्री ने सुनिश्चित किया कि कला, कहानियां और सांस्कृतिक गौरव लॉकडाउन के एकांत में भी पुष्पित-पल्लवित होते रहें।


विकास भी, विरासत भी के नारे जैसे अभियान में ये सभी समाहित हो गए। यह एक आह्वान है जो आर्थिक विकास को सांस्कृतिक गौरव के साथ-साथ चलने पर जोर देता है। मोदी सरकार के तहत, यह नारा केवल बयानबाजी नहीं था। इसने एक नई दृष्टि को परिभाषित किया। एक दृष्टि, जिसमें जीडीपी वृद्धि, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा आधुनिकीकरण, मंदिर जीर्णोद्धार, आदिवासी गौरव और सभ्यता की गाथा समाहित थे।

भारत आज अपनी पहचान के इर्द-गिर्द नहीं घूमता।

# कई दिलचस्प प्रसंगों से रूबरू कराती है कैलाश सत्यार्थी की आत्मकथा दियासलाई

**पुस्तकः दियासलाई (आत्मकथा)**
**कैलाश सत्यार्थी**

'दियासलाई' नोबेल शान्ति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी की आत्मकथा है। यह पुस्तक सत्यार्थी की जीवन यात्रा, उनके संघर्ष और दुनिया भर के बच्चों को शोषण से मुक्त करने की उनकी प्रेरक कहानियों को दर्शाती है। सत्यार्थी लिखते हैं ÷अंधेरे का अंत हमेशा किसी छोटी सी चिंगारी से होता है। जैसे माचिस की एक तीली सदियों के घने अंधेरे को चीरकर रोशनी फैला सकती है। यही विचार मेरे जीवन का आधार बन गया। गुलामी, शोषण और उत्पीड़न से मुक्त कराए गए मेरे हज़ारों बच्चे आज दियासलाइयां बनकर ढेरों दीप प्रज्ज्वलित कर रहे हैं।÷




आत्मकथा के 24 अध्यायों में सत्यार्थी ने विदिशा के एक साधारण पुलिस कांस्टेबल के परिवार में जन्म से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और नोबेल शांति पुरस्कार तक की अपनी यात्रा को उकेरा है। वे अपने संघर्षपूर्ण जीवन की कथा भी बताते हैं और उन प्रयासों की जानकारी भी देते हैं, जो उन्होंने बच्चों की मुक्ति और कल्याण के लिए किए। मसलन, युवावस्था में एक तथाकथित अछूत महिला के हाथों से खाना खाने पर उन्हें उनके ही समाज ने बहिष्कृत कर दिया था। उस प्रकरण के बाद उन्होंने अपना जातीय उपनाम शर्मा हटाकर सत्यार्थी लिखना शुरू किया। वहीं, राजस्थान के नाथद्वारा में श्रीनाथ जी मंदिर में जब दलितों को प्रवेश दिलाने के लिए संघर्ष किया तो उन्हें विरोध और हिंसा का सामना करना पड़ा। इलाहाबाद में जब एक कालीन कारखाने में बंधक दो बच्चों को छुड़ाने गए तो लाठियां और कुल्हाड़ियां लेकर 30-40 लोग उन पर हमला करने को तैयार दिखे। वहीं, एक सर्कस से बच्चों को छुड़ाने के चक्कर में उनकी जान जाते-जाते बची। सत्यार्थी बताते हैं, बाल श्रमिकों को छुड़ाने के बाद जब वह उनको स्कूल में एडमिशन के लिए ले जाते थे, तो टीचर साफ इनकार कर देते थे। क्योंकि भारत के संविधान में शिक्षा मौलिक अधिकारों में शामिल नहीं थी।

युवावस्था में परंपरागत पढ़ाई से दूर भागना, संन्यासी बनने के बारे में सोचना, बाल अधिकारों के लिए दुनिया के 186 देशों की यात्रा, अपने फ्लैट में चोरी होने पर पहली बार लॉकर खरीदना जैसे कई दिलचस्प प्रसंग दियासलाई में दर्ज हैं। सहज और सम्प्रेषणीय भाषा में लिखी गई यह पुस्तक हमें प्रेरित भी करती है, संवेदनशील भी बनाती है, और कई महत्वपूर्ण तथ्यों से भी परिचित कराती है। कैलाश सत्यार्थी ने आत्मकथा को अपने माता-पिता और उन तीन साथियों को समर्पित किया है, जिन्होंने बाल श्रम, शोषण और अन्याय से बच्चों को बचाने की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति दी थी।

## दिलों को ही नहीं, विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ता है संगीत

**(ललित गर्ग)**

विश्व संगीत दिवस पर सभी प्रकार के संगीत का जश्न मनाया जाता है, जिसमें फंक, जैज़, रॉक, शास्त्रीय, लोक, टेक्नो, ब्लूज़ आदि शामिल हैं। भारतीय संगीत प्राचीन काल से भारत मे सुना और विकसित होता संगीत है। शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत हर इंसान के न सिर्फ शारीरिक, बल्कि भावात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। यह ईश्वर का मानव को अनमोल उपहार है। क्योंकि एक सुर, जो जोड़ता है दुनिया को बिना बोले, धुनों से रचता है मनुष्य मन की कहानी। संगीत न केवल शांति, सुकून एवं आनन्द का सशक्त माध्यम है बल्कि यह हमारी भावनाओं को जुबान देता है, यह तनाव कम करता एवं अनेक बीमारियों से मुक्ति भी देता है। संगीत सुनने से मानसिक शांति का अहसास होता है, संगीत दुनिया में हर मर्ज की दवा मानी जाती है। यह दुखी से दुखी इंसान को भी खुश कर देता है, संगीत का जादू एक मरते हुए इंसान को भी खुशी के लम्हे दे जाता है। अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने में संगीत सबसे असरदार माध्यम है। संगीत को दुनिया की सबसे आसान और बेहतरीन भाषा मानी जाती है। संगीत की इन्हीं विलक्षण एवं अद्भुत विशेषताओं के कारण ही 21 जून को पूरे विश्व में संगीत दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व संगीत दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 की थीम है 'सद्भाव के माध्यम से उपचार', जो संगीत की एकजुटता और उत्थान की क्षमता पर जोर देता है। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य संगीत विशेषज्ञ व विश्व के संगीत कलाकारों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लाकर विश्व एकता, सद्भाव, सौहार्द तथा विश्व शान्ति का सन्देश सारी दुनिया को देना भी है। संगीत दिवस को 'फेटे डी ला म्यूजिक' के नाम से भी जाना जाता है।

# बिना भारत क्यों पूरी नहीं होती जी7 की बैठक? पचास साल में कितना बदला ये संगठन

**भारत जी7 का सदस्य नहीं है। लेकिन जी7 में भारत का दबदबा कितना बढ़ता जा रहा है ये आज फिर से देखने को मिलेगा। पीएम मोदी लगातार छठी बार जी7 की बैठक में शामिल होंगे। अभी तक जी7 में भारत 11 बार शामिल हो चुका है। भारत को जी7 बैठक में भाग लेने के लिए पहली बार 2003 में न्यौता मिला था। उसके बाद बार बार भारत को आउटरीच कंट्री के रूप में बुलाया गया है। इस बार जब घोषणा हो रही थी कि क्या भारत को बुलाया जाएगा? रिश्तों को लेकर कड़वाहट थी।**

**(अभिनय आकाश)**

कनाडा पहुंचने के पहले पीएम मोदी ने साइप्रस में जमकर पाकिस्तान का समर्थन करने वाले तुर्की को क्लीयर मैसेज देते नजर आए। मोदी साइप्रस के राष्ट्रपति के साथ ग्रीन लाइन देखने के लिए पहुंचे।

भारत जी7 का सदस्य नहीं है। लेकिन जी7 में भारत का दबदबा कितना बढ़ता जा रहा है ये आज फिर से देखने को मिलेगा। पीएम मोदी लगातार छठी बार जी7 की बैठक में शामिल होंगे। अभी तक जी7 में भारत 11 बार शामिल हो चुका है। भारत को जी7 बैठक में भाग लेने के लिए पहली बार 2003 में न्यौता मिला था। उसके बाद बार बार भारत को आउटरीच कंट्री के रूप में बुलाया गया है। इस बार जब घोषणा हो रही थी कि क्या भारत को बुलाया जाएगा? रिश्तों को लेकर कड़वाहट थी। लेकिन तब वहां पर मौजूद मिनिस्टर्स ने कहा था कि भारत दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा देश है और अब तो चौथी बड़ी इकोनॉमी हो चुकी है। ऐसे में भारत को साथ लाना बहुत जरूरी है।

**आतंकवाद का साथ देने वाले देशों को क्लीयर मैसेज-** कनाडा पहुंचने के पहले पीएम मोदी ने साइप्रस में जमकर पाकिस्तान का समर्थन करने वाले तुर्की को क्लीयर मैसेज देते नजर आए। मोदी साइप्रस के राष्ट्रपति के साथ ग्रीन लाइन देखने के लिए पहुंचे। ये ग्रीन लाइन वही है जो साइप्रस को तुर्की के अवैध कब्जे वाले हिस्से से अलग करती है। साइप्रस के उस हिस्से को टर्किश साइप्रस कहा जाता है जो 1997 में तुर्की ने कब्जा कर लिया था। इसके बाद ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी ने ईरान और इजरायल से कहा कि वो एक दूसरे पर बमबारी बंद करें। बातचीत के टेबल पर लौटे क्योंकि युद्ध होता है तो इसका असर पूरी दुनिया पर होता है। लेकिन पीएम मोदी की ग्रीन लाइन पर जाकर खड़े होना इस बात का संकेत है जो तमाम देश आतंकवाद और पाकिस्तान का साथ दे रहे थे और इसमें तुर्की भी शामिल है।

**मोदी ट्रंप की नहीं होगी मुलाकात-** जी7 की बैठक ऐसे वक्त में हो रही है जब ईरान और इजरायल के बीच जंग छिड़ी हुई है। माहौल दुनिया में बहुत गर्माया हुआ है। इस जंग के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति कनाडा से वापस तक लौट गए हैं। इस वजह से पीएम मोदी की ट्रंप से मुलाकात भी नहीं हो पाएगी। लेकिन पीएम मोदी की मुलाकात कनाडा के पीएम मार्के कार्नी के अलावा दुनिया के अन्य बड़े देश केनेताओं से मिलेंगे। इस सम्मेलन में दुनिया के सात बड़े देश शामिल होते हैं। अमेरिका, कनाडा, जापान, फ्रांस, जर्मनी, इटली और ब्रिटेन इससे सदस्य हैं। कनाडा ने इस बार भारत, साउथ अफ्रीका, ब्राजील, इंडोनेशिया, साउथ कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, तोमरूश कुक आइलैंड, वियतनाम को भी बुलाया है। यूक्रेन को इस बार खास गेस्ट के रूप में बुलाया है।




**पीएम मोदी ने तय की अपनी प्राथमिकताएं-** कनाडा पहुंचने के साथ ही पीएम मोदी ने अपनी प्राथमिकताएं भी तय कर दी हैं। पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए कहा है कि इस बैठक के दौरान वो दुनिया के अहम मुद्दों पर अपनी राय रखेंगे। ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर देंगे। पीएम मोदी ने इससे पहले साइप्रस में कहा था कि ये युग युद्ध का नहीं है। इस वक्त पूरी दुनिया में युद्ध की हलचल मची है। चाहे वो रूस-यूक्रेन के बीच की जंग हो या ईरान और इजरायल की लड़ाई है। पीएम मोदी ने पहले ही साफ कर दिया था कि ये युद्ध का दौर नहीं है।

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद कनाडा दौरा क्यों खास**
पीएम मोदी का कनाडा दौरा इसलिए भी खास है क्योंकि इस दौरे से उम्मीद जगी है कि दोनों देशों के रिश्ते बेहतर होंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से पीएम मोदी मिलेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम मोदी उन राष्ट्राध्यक्षों से सीधे मिलेंगे। जिनको ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की ओर से बातचीत की गई थी, उन्हें बताया गयाथा कि किसलिए भारत ने ऑपरेशन सिंदूर किया था। पीएम मोदी जब वन टू वन मुलाकात करेंगे तो वो बेहतर ढंग से भारत की बात को समझा सकते हैं। भारत के साथ पूरी दुनिया एक बार फिर नजर आ रही है वो पाकिस्तान के लिए एक बड़ी चोट होगी। जी-7 समिट के 50 साल पूरे हो गए हैं। इस साल यह समिट कनाडा के कैननास्किस में हो रही है। 7 बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ ही भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस समिट में कनाडा पहुंच गए। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य क्या है, इतिहास और वर्तमान में प्रासंगिकता क्या है? आइए जानते हैं।

**जी 7 कब बना, इसकी जरूरत क्यों पड़ी ?-** 1975 में फ्रांस के रामबुई में जी-7 की शुरुआत हुई। ये वो दौर था, जब पश्चिमी देशों की तूती बोलती थी। अमेरिका व यूरोप के देश तेल संकट, महंगाई और मंदी से जूझ रहे थे। शीत युद्ध के दौर में आर्थिक संकटों से निपटने व आपसी सहयोग को मजबूत करने के लिए जी 7 का गठन हुआ। इससे पहले यह जी-6 कहा जाता था। बाद में कनाडा भी शामिल हो गया।

**पचास साल में कितना बदला जी 7 संगठन ?-** ठन के शुरुआती दशकों में जी दुनिया का सबसे ताकतवर संगठन था। लेकिन 50 वर्षों में वैश्विक शक्ति संरचना बदली। हालांकि वैश्विक जीडीपी में जी7 का हिस्सा 45त्न से अधिक है। तकनीकी, आर्थिक व रणनीति निर्धारण में अग्रणी भूमिका निभाते हैं।

# अस्पताल परिसर में शिविर लगाकर सांसद ने वरिष्ठ नागरिकों का बनवाया आयुष्मान कार्ड

**सूचीबद्ध अस्पताल योजना का लाभ नहीं दे तो लाभार्थी करें निसंकोच संपर्क : सांसद**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने रविवार को पलामू मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत आयोजित शिविर का उद्धघाटन किया। उन्होंने 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का ऑन द स्पॉट आयुष्मान कार्ड बनवाकर मौके पर ही उन्हें कार्ड दिया। कहा कि मोदी सरकार के सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 70 साल से अधिक उम्र के वृद्धजनों का आयुष्मान वय वंदना योजना, इसे आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के नाम से भी जाना जाता है, के तहत कैंप लगाकर ऑन द स्पॉट आयुष्मान कार्ड बनवाया जा रहा है। कहा कि वरिष्ठ नागरिक अधिकाधिक संख्या में उक्त योजना के लिए अपना पंजीयन कराएं। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जो उक्त योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे नजदीकी अस्पताल, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनवाड़ी व प्रज्ञा केन्द्र में सम्पर्क कर अपना-अपना पंजीयन करा लें। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 अक्टूबर 2024 को 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विस्तार की घोषणा की। इस विस्तार के तहत 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड मिल रहा है। उन्हें यह स्वास्थ्य सेवा लाभ प्राप्त करने में मदद करेगा। आयुष्मान वय वंदना कार्ड 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ



नागरिकों को उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति के बावजूद 5 लाख रुपये का निशुल्क स्वास्थ्य कवर प्रदान करता है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पहले से ही कवर किए गए परिवारों से संबंधित 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को अपने लिए प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का अतिरिक्त टॉप-अप कवर मिलता है। वरिष्ठ नागरिक जो पहले से ही केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस), भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) व आयुष्मान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं, उन्हें अपनी मौजूदा योजना के बीच चयन करना होगा या आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विकल्प चुन सकते हैं। इसके अतिरिक्त, निजी स्वास्थ्य बीमा कवरेज वाले व्यक्ति या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के सदस्य भी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से लाभ उठाने के पात्र हैं। यह कार्ड लगभग 2000 चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए उपचार प्रदान करता है। पहले दिन से ही सभी पहले से मौजूद बीमारियों को कवर करता है। 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक जो आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लिए पात्र हैं, वे कई चैनलों के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। वे पंजीकरण के लिए निकटतम सूचीबद्ध अस्पताल जा सकते हैं। स्व-पंजीकरण के लिए पात्र नागरिक आयुष्मान ऐप (गूगल प्ले स्टोर से) डाउनलोड कर सकते हैं या वेव साईट पर जा सकते हैं। नागरिक आयुष्मान वय वंदना कार्ड के बारे में अधिक जानकारी के लिए टोल-फ्री नंबर 14555 पर कॉल कर सकते हैं। साथ ही 1800110770 पर मिस्ड कॉल दे सकते हैं। सांसद ने कहा कि उक्त योजना के तहत सुचीबद्ध अस्पताल योजना के लाभ नहीं दे तो मरीज तत्काल निसंकोच उन्हें या भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों को सूचना दें। उन्हें समुचित लाभ दिलायी जाएगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई जाये तो पूरा दिन समाप्त हो जायेगा पर उनकी उपलब्धियां बाकी रह जाएगी। कहा कि 11 साल के कार्यकाल में सस्ती, सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं, मध्यम वर्गीय लोगों की आसान जीवन, किसानों का कल्याण, नारी शक्ति के लिए नई गति, व्यापार सुगमता राष्ट्रीय सुरक्षा व विदेश नीति जैसे मुद्दों पर अनेकों ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, अधीक्षक डॉ अजय कुमार, धर्मदेव सिंह यादव, शिव कुमार मिश्रा, छोटू कुमार सिन्हा, श्रवण गुप्ता, पंकज तिवारी, भोला पाण्डेय, नन्दलाल प्रसाद, संजय कुमार, विजय कुशवाहा, कौशल झा सहित वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित थे।

## वर्मा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, पटना में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल छात्रों के लिए स्कॉलरशिप कार्यक्रम का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वर्मा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, पटना की ओर से एक विशेष स्कॉलरशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस योजना के अंतर्गत डिप्लोमा, नर्सिंग और पैरामेडिकल सहित कई महत्वपूर्ण कोर्स शामिल हैं। जिससे अधिक से अधिक छात्रों को लाभ मिल सके। कॉलेज की प्रिंसिपल श्रीमती साधना कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित विभिन्न कोर्सेज की



गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव के लिए अस्पतालों में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी दी जाती है, जिससे उनकी स्किल और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। इस स्कॉलरशिप योजना के तहत छात्रों को ₹5,000 से लेकर ₹1,00,000 तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। और अच्छा अंक लाने पर संस्थान के चेयरमैन डॉ० डी.के सिंह के द्वारा समानित किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य ऐसे जरूरतमंद और मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करना है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं। संस्थान की इस पहल की सराहना न केवल छात्रों द्वारा की जा रही है, बल्कि अभिभावकों और समाज के विभिन्न वर्गों ने भी इसे एक सराहनीय कदम बताया है। इच्छुक छात्र व अभ्यर्थी संस्थान से संपर्क कर स्कॉलरशिप से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### धोबी मोहल्ला ट्रांसफार्मर के पास बिखेर है तार, हो सकती है दुर्घटना : विनोद

**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बसपा नेता सह डालटनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विनोद कुमार सोनी ने कहा कि धोबी मोहल्ला स्थित गणेश लाल उच्च विद्यालय के पास विद्युत ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। ट्रांसफार्मर के नीचे तार बिखरा हुआ पड़ा है। बिखरा हुआ तार किसी के पैर में कभी भी लग सकता है। इससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि गणेश लाल अग्रवाल विद्यालय होने की वजह से अक्सर बच्चे उसी रास्ते से गुजरते हैं। कहा कि धोबी मोहल्ला घाना आबादी का मोहल्ला है। मुहल्ले के रास्ते में जानवर, गाड़ी, मोटरसाइकिल बच्चों सहित अन्य लोगों की आवाजाही बहुत ज्यादा रहती है। लेकिन विद्युत विभाग की लापरवाही से लोगों की जान कभी भी जा सकती है। विभाग के अधिकारी चैन की नींद सो रहे हैं। जिले के प्रशासनिक अधिकारी का ध्यान नहीं हैं। उन्होंने प्रश्न उठाया कि अगर बड़ा हादसा होगा तो इसका जवाबदेह कौन होगा।

## झारखंड के महापुरुषों के सपनों को आजसू करेगी पूरा : चंद्रशेखर सिंह छोटू

**चंद्रशेखर सिंह छोटू के नेतृत्व में आजसू नेता पार्टी के स्थापना दिवस में शामिल होने को हुए रवाना**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आजसू के केंद्रीय कमेटी सदस्य सह डालटनगंज - भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर सिंह छोटू अपने पार्टी नेताओं के साथ रांची में आयोजित पार्टी के स्थापना दिवस में शामिल होने के लिए रविवार की सुबह मेदिनीनगर से रवाना हुए। ये सभी पार्टी के नेता रांची स्थित खेल गांव के टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित पार्टी के स्थापना दिवस समारोह सह बलिदान दिवस के रूप में मनाने के लिए कई वाहनों से निकले। कार्यक्रम में पार्टी के नेताओं- कार्यकताओं को जनहित के मुद्दे पर भावी रणनीति तैयार करने को ले मंथन किया जाएगा। कार्यक्रम में झारखंड के महापुरुषों के बलिदानों को याद किया जाएगा। साथ ही उनकी वीर गाथा व उनके सपनों के झारखंड के निर्माण के लिए किए गए उनके योगदान व बलिदान को स्मरण कर भावी रणनीति तैयार की जाएगी। डालटनगंज- भंडरिया विधानसभा वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर सिंह छोटू के नेतृत्व



में मेदिनीनगर शहर व रामगढ़ के महत्वपूर्ण साथी रांची के लिए रवाना हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चंद्रशेखर सिंह छोटू के साथ उपाध्यक्ष सतीश तिवारी, चैनपुर प्रखंड कमेटी के अख्तर अंसारी, भुवनेश्वर प्रजापति, मणि कुमार चंद्रवंशी, बबलू डोगरा, ओम प्रकाश सिंह, राजीव रंजन पांडेय, रामेश्वर प्रजापति, वीरेंद्र सिंह, रमेश प्रसाद, अवध यादव, राकेश कुमार, ट्विंकल साहू, संजय ठाकुर मनोज कुमार सुजीत तिवारी व अशोक कुमार सहित कई शामिल थे।

## वक्फ बचाओ सम्मेलन को लेकर नेताओं का ऐलान, करेंगे हर संभव सहयोग



**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 29 जून को गांधी मैदान में होने वाले वक्फ बचाओ, संविधान बचाओ सम्मेलन को लेकर बिहार के प्रमुख धर्मनिरपेक्ष दलों के नेताओं ने इसे सफल बनाने का संकल्प लिया है. इमारत ए शरिया फुलवारी शरीफ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता अमीर-ए-शरीयत मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी ने की. इस बैठक में चौधरी महबूब अली कैसर (पूर्व सांसद), अख्तर-उल-ईमान (विधायक, एआईएमआईएम), अख्तर-उल-इस्लाम शाहीन (राजद विधायक), गोपाल रविदास (विधायक, फुलवारी शरीफ), फारूक शेख (राजद एमएलसी), महबूब आलम (नेता, भाकपा माले), अनवर आलम (पूर्व विधायक), मेहताब आलम (महानगर अध्यक्ष, राजद), महताब खान, और अब्दुल्ला (पूर्व डीआईजी) जैसे नेताओं ने शिरकत की. बैठक में कहा गया कि यह सम्मेलन वक्फ संपत्तियों और संविधान की रक्षा के लिए एक ऐतिहासिक पहल होगी. अमीर-ए-शरीयत ने कहा कि नया वक्फ कानून मुसलमानों के मौलिक अधिकारों पर हमला है. इमारत ए शरिया के कार्यवाहक नाजिम मौलाना मुफ्ती मुहम्मद सईद-उर-रहमान कासमी ने तैयारियों की जानकारी दी. बैठक में मौजूद थे मौलाना वसी अहमद कासमी, मौलाना अनवर हुसैन कासमी, मौलाना मुहम्मद सोहेल अख्तर कासमी, समीउल हक साहब व अन्य. कार्यक्रम का संचालन मौलाना मुफ्ती वसी अहमद कासमी ने किया और समापन अमीर शरीयत की दुआ से हुआ.

### नीतीश कुमार की संवेदनशील सोचः अरुण मांझी

**फुलवारी शरीफ:**रविवार को फुलवारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बेऊर स्थित गंगा विहार कॉलोनी में 'नीतीश के काम, नीतीश के नाम' कार्यक्रम के तहत एक भव्य जनसंपर्क एवं जनजागरण अभियान आयोजित किया गया.पूर्व विधायक अरुण मांझी के साथ वहाँ मौजूद सभी ने एकजुट होकर वर्ष 2025 में एक बार फिर नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प को दोहराया और जनता से भी इस विकास यात्रा में भागीदार बनने की अपील की.

## फतुहा विधायक डॉ रामानंद यादव ने संपतचक सहित कई इलाकों में बरसात के समय होने वाली समस्याओं के बारे में जाना

**जलजमाव की समस्या के समाधान को लेकर दिए निर्देश**

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संपतचक नगर परिषद संपतचक प्रखंड सहित विभिन्न इलाकों में पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामानंद यादव ने लोगों की समस्याओं को नजदीक से जाना. उन्होंने संपतचक नगर परिषद एवं अन्य क्षेत्रों का दौरा कर जलजमाव, सड़क निर्माण और जल निकासी जैसी समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. संपतचक नगर परिषद क्षेत्र के बैरिया से कर्णपुरा तक पथ निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़क पर जलजमाव की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से डॉ यादव ने कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग पटना सिटी के साथ निरीक्षण किया.मौके पर कार्यपालक अभियंता ने आश्वासन दिया कि 10 दिनों के भीतर जलजमाव की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा. इसी क्रम में पटना सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम कोठिया में भी विधायक डॉ यादव ने जल



निकासी की समस्या को लेकर निरीक्षण किया.यहां भी पथ निर्माण विभाग द्वारा बनाए गए सड़क पर जलजमाव की स्थिति को देखते हुए नाला निर्माण की जरूरत बताई गई.इस दौरान भी कार्यपालक अभियंता उपस्थित रहे और उन्होंने जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करने की बात कही. विधायक डॉ रामानंद यादव ने कहा कि जनता की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल कराया जाएगा और किसी भी क्षेत्र में विकास कार्यों में बाधा नहीं आने दी जाएगी. उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूरा करें, ताकि जनता को राहत मिल सके.

## वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ भाकपा (माले) की रणनीति तैयार

**गांधी मैदान सम्मेलन को सफल बनाने का किया गया आह्वान, गरीब-गुरबों के अधिकारों पर हमलाः महबूब आलम**

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक और आगामी मानसून सत्र में पेश होने वाले पूरक बजट को लेकर भाकपा (माले) ने अपनी रणनीति तेज कर दी है. रविवार को फुलवारी शरीफ स्थित भाकपा (माले) विधायक कामरेड गोपाल रविदास के आवास पर विधायक दल के नेता एवं बलरामपुर के विधायक महबूब आलम पहुंचे. दोनों नेताओं के बीच अहम राजनीतिक विमर्श हुआ, जिसमें आने वाले दिनों की रणनीति और जनआंदोलन को लेकर विचार साझा किया गया. महबूब आलम ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाया जा रहा वक्फ संशोधन विधेयक अल्पसंख्यकों, खासकर मुस्लिम समुदाय के अधिकारों पर सीधा हमला है. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की अगुवाई वाली



डबल इंजन सरकार सिर्फ कॉरपोरेट परस्त नीतियों को लागू कर रही है और संविधान प्रदत्त अल्पसंख्यक अधिकारों को कुचलने का काम कर रही है. उन्होंने कहा कि यह विधेयक वक्फ संपत्तियों को सरकारी नियंत्रण में लेने और सामुदायिक स्वायत्तता को खत्म करने की साजिश है. इसके खिलाफ पार्टी राज्यभर में जनजागरण अभियान चलाएगी. साथ ही गांधी मैदान, पटना में आगामी दिनों में एक बड़े जन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसे सफल बनाने की अपील महबूब आलम ने की. विधायक गोपाल रविदास ने कहा कि पार्टी सदन के भीतर और बाहर, दोनों स्तरों पर सरकार की नीतियों का विरोध करेगी. उन्होंने कहा कि पूरक बजट में गरीबों, मजदूरों, किसानों और दलित-शोषित समुदायों की उपेक्षा की गई है. सरकार सिर्फ आंकड़ों का खेल दिखा रही है, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है.

## नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदाताओं को किया गया जागरूक, कलाकारों ने दिया लोकतंत्र को मजबूत करने का संदेश

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निकाय चुनाव 2025 को लेकर सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच द्वारा वोटिंग जागरूकता के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक ह्लवोट का महत्वह्व का सफल मंचन किया गया. यह प्रस्तुति महेश चौधरी द्वारा लिखित और मिथिलेश कुमार पांडे के निर्देशन में हुई. नाटक की शुरूआत सौरभ राज के जन-जागरूकता गीत ह्लनगर पंचायत/परिषद का गठन करें ए भईया, अपना वोट जरूर डालें ए भईया...ह्व से हुई, जिसने दर्शकों में जोश भर दिया. इस नाटक के माध्यम से कलाकारों ने लोगों को यह बताया कि 28 जून 2025 को होने वाला नगर पंचायत चुनाव स्थानीय विकास और प्रशासन में जनभागीदारी का बड़ा अवसर है. कलाकारों ने मंच से संदेश दिया कि जातिझ्रधर्म से ऊपर उठकर हर नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए. यह चुनाव केवल एक वोट नहीं, बल्कि अपने मोहल्ले



के विकास, सफाई, जलनिकासी, बिजली, सड़कों और जनसुविधाओं के लिए एक जिम्मेदारी है.

**कलाकारों का यह रहा स्पष्ट संदेशः**

"हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई, हम सब मिलकर बनाएं नई रीत. लोकतंत्र को बचाना है, तो वोट करना जरूरी है. आपका हर एक वोट देश और समाज को दिशा देता है." नाटक के प्रमुख कलाकार थेः महेश चौधरी, मिथिलेश कुमार पांडे, अमन कुमार, करण कुमार, अनुज कुमार, अंजनी कुमार वर्मा, देवदर्शन, अल्फिशा अंशी, और श्रीकांत. सभी कलाकारों ने अंत में अपनी उंगलियों पर प्रतीकात्मक मतदान की स्याही लगाकर लोगों को संदेश दिया कि हम वोट देंगे-आप भी दीजिए.

## जदयू फुलवारीशरीफ प्रखंड के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जदयू कार्यालय मे प्रखंड के पदाधिकारीगण के बैठक का आयोजन किया गया जिसमे पूर्व मंत्री सह राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने कहा कि 29 जून को 11 बजे राय चौक, देव मार्केट, स्थित "लालती मैरेज हॉल" फुलवारीशरीफ मे बूथ लेवल पदाधिकारी का प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजित किया गया है. बीएलओ प्रशिक्षण शिविर आयोजित का मकसद हर बूथ को मजबूत करना. बूथ लेवल अधिकारी के प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम में जदयू के राज्यसभा सांसद अनिल हेगडे जदयू के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक एवं जदयू मुख्यालय प्रभारी परमहंस सिंह के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाए. फुलवारी शरीफ विधानसभा 2025 से नीतीश 225 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित होगा. छूटे हुए मतदाताओ एवं 18 साल से ऊपर वाले युवा मतदाताओं को जोड़ने से जदयू पार्टी भी मजबूत होगी और चुनाव आयोग के वोटर जोड़ो कार्यों को सहयोग मिलेगा.

## नीट 2025 में गोल इन्स्टीट्यूट के छात्रों का जलवा, 500 से अधिक सफल छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 22 जून को पटना के बापू सभागार, गांधी मैदान में गोल इन्स्टीट्यूट द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मान समारोह में नीट 2025 में सफल 500 से अधिक छात्रों को सम्मानित किया गया। इन छात्रों को प्रतीकस्वरूप स्टेथोस्कोप एवं एप्रन भेंट किए गए और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गई। इस भव्य समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. जितेन्द्र सिंह, पूर्व निदेशक, महावीर कैंसर संस्थान, पटना ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि, " ये छात्र देश के भविष्य हैं। जिस समर्पण और अनुशासन के साथ इन्होंने नीट में सफलता प्राप्त की है, वह प्रशंसनीय है। गोल जैसे संस्थान इन छात्रों को सही दिशा दे रहे हैं, यह देश के स्वास्थ्य तंत्र के लिए शुभ संकेत है।" विशिष्ट अतिथि डॉ. रविकांत, निदेशक, होमी भाभा कैंसर और अनुसंधान केंद्र, ने कहा, "गोल इन्स्टीट्यूट ने बिहार में



मेडिकल शिक्षा की तैयारी के क्षेत्र में नया मानक स्थापित किया है। यहाँ से निकलने वाले छात्र न केवल परीक्षा पास करते हैं, बल्कि डॉक्टर बनकर स्वस्थ समाज के निर्माण में बहुमूल्य योगदान देते हैं। डॉक्टर रविकांत भी पूर्ववर्ती गोल के छात्र रह चुके हैं।" संस्थान की संयुक्त निदेशक डॉ. ममता सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा, "गोल में हम शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखते, बल्कि छात्रों को एक समग्र और अनुशासित व्यक्तित्व के रूप में गढ़ते हैं।" गोल इन्स्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री बिपिन सिंह ने सभी सफल छात्रों को बधाई एवं सुभकामना देते हुए कहा की यह शानदार सफलता छात्रों की परिश्रम, अभिभावकों का विश्वाश और पुरे गोल टीम के लगातार प्रयास का प्रतिफल है। श्री सिंह ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की सुभकामना देते हुए कहा की उम्मीद है आप एक स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सह-निदेशक श्री रंजय सिंह ने बताया, "इस वर्ष का प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत कठिन था, बावजूद इसके हमारे छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस बार कुल 5432 छात्रों ने गोल से नीट क्वालिफाई किया है जिसमे से 527 छात्रों को सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला पाने की संभावना है। यह हम सबके लिए गर्व का क्षण है।" आर. एंड डी. हेड श्री आनंद वत्स ने जानकारी दी कि, "नई सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। गोल के टारगेट, फाउंडेशन और एचीवर कोर्स छात्रों की जरूरत के अनुसार डिजाइन किए गए हैं, जिनमें प्रवेश लेकर छात्र नीट की तैयारी को नई दिशा दे सकते हैं।

**टॉपर्स की उपलब्धियाँ और प्रेरक वक्तव्य**

**शुभजीत राज- 630 अंक, 236वीं ऑल इंडिया रैंक :** गोल में मुझे शिक्षा के साथ-साथ भावनात्मक सहयोग भी मिला। यहाँ के शिक्षक, टेस्ट और अनुशासन ने मेरी सफलता की नींव रखी।"

**साक्षी सिन्हा- 615 अंक, 171वीं ओ. बी. सी. ऑल इंडिया रैंक :** गोल का स्ट्रक्चर्ड स्टडी प्लान, नियमित टेस्ट और डाउट काउंसलिंग सेशंस ने मुझे आत्मविश्वास से भर दिया।

**साबिर अंसारी- 627 अंक, 79वीं ओ. बी. सी. ऑल इंडिया रैंक :** गोल एजुकेशन विलेज का अनुशासित वातावरण और बोर्ड के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का मॉडल बहुत प्रभावी रहा।

गोल इन्स्टीट्यूट का यह सम्मान समारोह न केवल छात्रों के लिए एक प्रेरणास्पद क्षण था, बल्कि बिहार के शैक्षिक परिदृश्य में गोल की सशक्त उपस्थिति और गुणवत्ता-आधारित शिक्षा प्रणाली का जीवंत प्रमाण था। इस प्रोग्राम में गोल इन्स्टीट्यूट से निकेत वर्धन, नीरज मिश्रा, आनन्द वत्स, अनिल कुमार, राहुल कुमार, संजीत कुमार, गौरव राज, राकेश रंजन, एवं कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### फुलवारी में जदयू प्रखंड स्तरीय बैठक सम्पन्न

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को ध्यान में रखते हुए जदयू ने बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में तैयारियां तेज कर दी हैं. इसी कड़ी में रविवार को फुलवारीशरीफ स्थित जदयू कार्यालय में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई. बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री श्याम रजक ने की. श्याम रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 जून को सुबह 11 बजे फुलवारी शरीफ के राय चौक, देव मार्केट स्थित लालती मैरेज हॉल में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा. उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य हर बूथ को संगठित और प्रभावशाली बनाना है, ताकि 'नीतीश 225' के लक्ष्य को हासिल किया जा सके.

## मिडिल ईस्ट में तनाव से भारतीय कंपनियों में हाहाकार, नौकरियों पर संकट! सर्वे में खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में युद्ध के बीच भू-राजनीतिक तनाव ने भारतीय कंपनियों को भी प्रभावित किया है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 63 प्रतिशत कंपनियों ने इस परिस्थितियों में या तो भर्तियां रोकने या अपने कर्मचारियों की संख्या में कमी करने का फैसला किया है। स्टाफिंग समाधान और मानव संसाधन सेवा प्रदाता जीनियस कंसल्टेंट्स की



रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सर्वे में शामिल 63 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों ने कहा कि उनकी कंपनी या तो भर्ती रोक रही है या अपनी टीम का आकार घटा रही है। वहीं 15 प्रतिशत अन्य ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बीच अनुबंध-आधारित या 'फ्रीलांस' भूमिकाओं की ओर स्पष्ट बदलाव देखने को मिल रहा है।

**2,006 कर्मचारियों पर आधारित है सर्वे-** यह रिपोर्ट 12 मई से छह जून के दौरान देशभर के विभिन्न क्षेत्रों के 2,006 कर्मचारियों के बीच एक ऑनलाइन सर्वेक्षण पर आधारित है। रिपोर्ट से पता चलता है कि सर्वे में शामिल 36 प्रतिशत कर्मचारियों ने कहा कि भू-राजनीतिक अस्थिरता के मद्देनजर उनकी वेतनवृद्धि, बोनस या मूल्यांकन प्रभावित हुआ है। वहीं 21 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों ने कहा कि उनपर कार्य का दबाव बढ़ा है, जबकि 22 प्रतिशत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार संपर्क या यात्रा बाधित हुई है। 21 प्रतिशत ने कहा कि टीम का मनोबल और नौकरी का भरोसा कम हो रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 30 प्रतिशत कर्मचारियों ने स्वीकार किया कि वे बेहद चिंतित हैं और पहले से ही चेतावनी के शुरुआती संकेत देख रहे हैं। वहीं 26 प्रतिशत ने कहा कि वे थोड़े चिंतित हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए कर्मचारी कदम उठा रहे हैं। 55 प्रतिशत कर्मचारियों ने कहा कि वे अपने कौशल को बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं, जबकि 31 प्रतिशत का कहना था कि वे नौकरी के नए अवसरों की तलाश कर रहे हैं।

## प्राइमरी मार्केट में आईपीओ की बारिश, इस हफ्ते खुल रहे है 14 कंपनियों के आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइमरी मार्केट में एक बार फिर से बहार लौट आई है। इस हफ्ते कई दिग्गज कंपनियों के आईपीओ दस्तक देने जा रहे हैं। ऐसे में आईपीओ के जरिए शेयर बाजारों में निवेश करने वाले इंवेस्टर्स के लिए यह एक बड़ा मौका है। आइए एक-एक करके जानते हैं किन कंपनियों का आईपीओ इस हफ्ते खुल रहा है...




**24 जून को खुल रहे हैं 3 बड़े आईपीओ-** मंगलवार, 3 जून को शेयर बाजारों में 3 बड़े कंपनियों का आईपीओ खुल रहा है। मुंबई के रियल एस्टेट कंपनी कलपतरु का आईपीओ खुलेगा। कंपनी 1590 करोड़ रुपये जुटाने का प्रयास कर रही है। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 387 रुपये से 414 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ के जरिए 852.53 करोड़ रुपये जुटाता नजर आएगा। कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड 380 रुपये से 400 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इन दोनों कंपनियों के अलावा ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स का आईपीओ भी खुल रहा है। कंपनी 119 करोड़ रुपये जुटाने की कोशिश में है।

# म्यूचुअल फंड में झोकमझोंक पैसा, भारतीयों ने चेंज किया ट्रेंड, एक्सपर्ट ने किया आगाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय वित्तीय बाजार में एक बड़ा बदलाव आया है। अनुभवी बैंकर उदय कोटक ने इस पर अपनी राय जाहिर की है। लोग अब बचत के बजाय वित्तीय बाजारों में निवेश कर रहे हैं। कोटक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत का बचतकर्ता अब निवेशक बन रहा है। उन्होंने बताया कि म्यूचुअल फंड में लोगों का पैसा बढ़ रहा है। खासकर इक्विटी में। यह बैंकों में जमा पैसे का 31 प्रतिशत हो गया है। कोटक ने इसे वित्तीय व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव बताया है। इससे देश में निवेश के लिए पूंजी बढ़ रही है। इक्विटी में लोगों की रुचि बढ़ी है। हालांकि, उन्होंने लोगों को सावधान रहने की सलाह दी है। उदय कोटक ने कहा है, हमें अत्यधिक उत्साह से सावधान रहना चाहिए।




कोटक के विचारों को फ्रैंकलिन टेम्पलटन की एक रिपोर्ट, आरबीआइ औरएएमएफआइ के आंकड़ों से समर्थन मिलता है। आंकड़ों से पता चलता है कि म्यूचुअल फंड में जमा पैसे का अनुपात बैंकों में जमा पैसे के मुकाबले धीरे-धीरे बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2014-15 में यह 13 प्रतिशत था, जो वित्त वर्ष 2016-17 में 16 प्रतिशत हो गया। 2020-21 में यह तेजी से बढ़ा और 21 प्रतिशत तक पहुंच गया। बाद में 2023-24 में यह 26 प्रतिशत और 2024-25 में 29 प्रतिशत हो गया। मई 2025 तक म्यूचुअल फंड में जमा पैसा कुल बैंक जमा का 31 प्रतिशत है।

**लोगों में क्यों आया है ये बदलाव-** जानकारों का कहना है कि यह बदलाव लोगों में जागरूकता बढ़ने, डिजिटल पहुंच बढ़ने और इक्विटी से ज्यादा फायदा मिलने के कारण हो रहा है। यह दिखाता है कि भारतीय परिवार अब अपनी संपत्ति को बाजार में निवेश कर रहे हैं।

भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग ने पिछले दस सालों में रूमें 20 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी की है। यह अमेरिका में देखी गई 8 प्रतिशत की ग्रोथ से कहीं ज्यादा है। उद्योग का रूमई 2025 तक 72.2 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पिछले एक साल में ही इसमें 13.3 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

म्यूचुअल फंड विदेशी निवेशकों के कारण होने वाले उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद कर रहे हैं। पिछले एक साल में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 6 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया, जबकि एफपीआइ ने 3.1 लाख करोड़ रुपये निकाले। इससे पता चलता है कि म्यूचुअल फंड विदेशी निवेश में होने वाले उतार-चढ़ाव को संभालने में सक्षम हैं।

म्यूचुअल फंड में निवेशकों की रुचि भारत के बड़े शहरों से आगे बढ़ी है। क्र5 शहरों का योगदान मार्च 2020 में 25 प्रतिशत था, जो मार्च 2025 तक बढ़कर 35 प्रतिशत हो गया। इसी तरह, क्र30 शहरों का योगदान दिसंबर 2020 में 16 प्रतिशत था। यह मई 2025 में बढ़कर 18 प्रतिशत हो गया। मई 2025 में निवेशकों की कुल संख्या 5.49 करोड़ तक पहुंच गई। यह इक्विटी से जुड़े उत्पादों में लोगों की रुचि को दर्शाता है।

### तेजी से बढ़ रहे हैं म्यूचुअल फंड नविशक

पिछले एक साल में उद्योग ने 89 लाख नए निवेशकों को जोड़ा है। जबकि पिछले साल यह संख्या 78 लाख थी। पिछले 12 महीनों में सेक्टोरल और थीमैटिक फंड की सबसे ज्यादा बिक्री हुई है। मई 2025 में ज्यादातर इक्विटी श्रेणियों में सकारात्मक निवेश हुआ, जो इक्विटी से जुड़े उत्पादों में निवेशकों की रुचि को दर्शाता है।

उदय कोटक ने इस बदलाव को वित्तीय व्यवस्था में एक संरचनात्मक परिवर्तन बताया है। उन्होंने कहा कि इससे घरेलू जोखिम पूंजी का विस्तार हुआ है। इक्विटी कल्चर का निर्माण हुआ है। हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि हमें अत्यधिक उत्साह से सावधान रहना चाहिए। इसका मतलब है कि हमें सोच-समझकर निवेश करना चाहिए।

म्यूचुअल फंड में निवेश करने के कई फायदे हैं। यह आपको कम पैसे में भी अलग-अलग कंपनियों में निवेश करने का मौका देता है। म्यूचुअल फंड को पेशेवर लोग चलाते हैं, जो बाजार की अच्छी जानकारी रखते हैं। इससे आपके पैसे डूबने का खतरा कम हो जाता है। हालांकि, म्यूचुअल फंड में निवेश करने में कुछ जोखिम भी होते हैं। बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव से आपके निवेश का मूल्य कम हो सकता है। इसलिए, म्यूचुअल फंड में निवेश करने से पहले आपको अपनी वित्तीय स्थिति और जोखिम लेने की क्षमता का आकलन करना चाहिए।

## सरकारी स्कीम से 10 लाख का लोन लेकर शुरू किया काम, अब 220 करोड़ का ब्रांड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनंत तांतेड़ मूल रूप से इंदौर के रहने वाले हैं। वह एक ऐसे उद्यमी हैं जिन्होंने अपनी दूरदर्शिता और कड़ी मेहनत से सफल फैशन ब्रांड खड़ा किया है। उनका परिवार पहले से ही कपड़ा व्यवसाय से जुड़ा था। लेकिन, अनंत ने अपना खुद का रास्ता बनाने का फैसला किया।



करीब 13 साल पहले 23 साल की उम्र में अनंत इस दिशा में बढ़ गए थे। उन्होंने सरकार की एक योजना के तहत 10 लाख रुपये का लोन लिया। इससे उन्होंने बेंगलुरु के कोरमंगला में द इंडियन गैराज कंपनी की शुरुआत की। शुरुआत में उनके साथ केवल चार लोग थे। आज, द इंडियन गैराज कंपनी एक बड़ा ब्रांड बन गया है। इसका टर्नओवर करीब 220 करोड़ रुपये है। बेंगलुरु में उनका 20,000 वर्ग फीट का ऑफिस है। उनकी टीम में 400 कर्मचारी हैं। द इंडियन गैराज कंपनी डिजाइनर-क्वालिटी के कपड़े किफायती दामों पर बेचती है। आइए, यहां अनंत तांतेड़ की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### चुनौतियों का करना पड़ा सामना

भारतीय फैशन बाजार में, खासकर पुरुषों के कपड़ों के सेगमेंट में ब्रांड स्थापित करना कोई आसान काम नहीं था। शुरुआत में टीआईजीसी ने पुरुषों के कैजुअल परिधानों पर फोकस किया। इसमें शर्ट, टी-शर्ट और जीन्स जैसे उत्पाद शामिल थे। इस सेगमेंट में उन्हें बड़े ब्रांडों और पहले से स्थापित प्लेयर्स के साथ प्रतिस्पर्धा करनी पड़ी। इसके लिए मार्केटिंग, क्वालिटी और डिस्ट्रीब्यूशन में लगातार इनोवेशन की जरूरत थी।

### ई-कॉमर्स का उठाया फायदा

अनंत तांतेड़ ने डिजिटल और ई-कॉमर्स की बढ़ती ताकत को पहचाना। उन्होंने अपने उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बेचने पर विशेष ध्यान दिया। इससे उन्हें पूरे भारत में ग्राहकों तक पहुंचने में मदद मिली। यह रणनीति उनके लिए गेम-चेंजर साबित हुई। कारण है कि इसने उन्हें पारंपरिक खुदरा स्टोर की बड़ी लागत से बचाया। साथ ही तेजी से बढ़ने का मौका दिया। समय के साथ द इंडियन गैराज कंपनी ने अपनी प्रोडक्ट रेंज का विस्तार किया। पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं के कपड़ों के सेगमेंट में भी कदम रखा।

## मुकेश अंबानी के राइट हैंड ने 75 करोड़ की सैलरी छोड़ अपनाया साधु जीवन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के करीबी सहयोगी प्रकाश शाह ने साधु जीवन अपना लिया है। सांसारिक जीवन से संन्यास लेने के लिए उन्होंने 75 करोड़ रुपये की सैलरी वाली नौकरी छोड़ दी। वे रिलायंस इंडस्ट्रीज में वाइस प्रेसिडेंट के पद पर थे। प्रकाश शाह को मुकेश अंबानी का राइट हैंड माना जाता था। प्रकाश शाह ने 63 साल की उम्र में उन्होंने रिटायरमेंट लिया था। इसके तुरंत बाद उन्होंने दीक्षा ले ली। प्रकाश शाह और उनकी पत्नी नैना शाह ने महावीर जयंती के अवसर पर दीक्षा ग्रहण की। वह बहुत पहले ही दीक्षा लेना चाहते थे, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे कुछ समय के लिए टाल दिया था। दीक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें एक व्यक्ति सादा जीवन जाता है। साथ ही वह मोक्ष पाने के लिए अच्छे कर्म करता है।

**आईआईटी से की थी पढ़ाई-** प्रकाश शाह ने केमिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया है। उन्होंने बॉम्बे से पोस्ट ग्रेजुएशन भी किया है। उनकी पत्नी कॉमर्स ग्रेजुएट हैं। उनके दो बेटे हैं। उनके एक बेटे ने कुछ साल पहले दीक्षा ले ली थी। उनके दूसरे बेटे की शादी हो चुकी है और उनका एक बच्चा भी है।

### रिलायंस के कई प्रोजेक्ट संभाले

रिलायंस इंडस्ट्रीज में काम करने के दौरान प्रकाश शाह ने कंपनी के कई बड़े प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक संभाला। उन्होंने जामनगर पेटकोक गैसिफिकेशन प्रोजेक्ट और पेटकोक मार्केटिंग जैसे बड़े प्रोजेक्ट में महत्वपूर्ण योगदान दिया और पूरी जिम्मेदारी उठाई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रिटायर होने का फैसला करते समय शाह 75 करोड़ रुपये का सालाना वेतन पा रहे थे।

### अब कैसा है उनका जीवन

उन्होंने भौतिक सुख-सुविधाओं को त्याग कर आत्मिक शांति और मोक्ष की राह को चुना है। एक साधु के रूप में वह अब नंगे पैर चलते हैं। साधारण सफेद कपड़े पहनते हैं और भिक्षा पर जीवन यापन करते हैं। शाह अब 64 साल के हैं। उनका दीक्षा समारोह पूरी तरह से मुंबई के बोरीवली में आयोजित किया गया था।

## टुकड़ों-टुकड़ों से बन गया 100 अरब डॉलर का मार्केट!

### प्रॉपर्टी में निवेश करने का यह आसान तरीका, हर साल आ रही तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में रियल एस्टेट का बाजार बदल रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के आने से प्रॉपर्टी के छोटे-छोटे हिस्से खरीदने का चलन बढ़ रहा है। इसे फ्रैक्शनल ओनरशिप कहते हैं। फ्रैक्शनल ओनरशिप का मतलब है कि आप किसी प्रॉपर्टी का एक छोटा सा हिस्सा खरीदते हैं। यह उन लोगों के लिए अच्छा है जिनके पास ज्यादा पैसे नहीं हैं, लेकिन वे रियल एस्टेट में निवेश करना चाहते हैं। यह तरीका आसान है और इससे अच्छी कमाई भी हो रही है। इसलिए, यह तरीका लोगों को पसंद आ रहा है। इस सेक्टर को फ्रैक्शनल रियल एस्टेट कहा जाता है।

ऑल्ट डीआरएक्स के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर मनीशील गौतम का कहना है कि



भारत में फ्रैक्शनल रियल एस्टेट का बाजार करीब 1 अरब डॉलर (करीब 86.50 अरब रुपये) का है। उन्होंने कहा कि भारत में हर साल लगभग 100 अरब डॉलर रियल एस्टेट में लगाए जाते हैं। लेकिन, डिजिटल रियल एस्टेट अभी शुरुआती दौर में है। रिटेल निवेशकों के लिए यह आसान हो रहा है। इसलिए इसमें हर साल 30-40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो रही है।

**अमेरिका में बूम-** इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार अमेरिका में यह तरीका बहुत आगे बढ़ चुका है। गौतम ने बताया कि अमेरिका में टॉप कंपनियों ने टोकन और फ्रैक्शनल रियल एस्टेट में 4 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। इससे पता चलता है कि यह मॉडल कितना आगे जा सकता है।

### भारत में क्या स्थिति

एनारॉक ग्रुप की प्रेसिडेंट अदिति वातवे का अनुमान है कि भारत में फ्रैक्शनल रियल एस्टेट का बाजार दो साल पहले 4,000 करोड़ रुपये का था। उनका मानना है कि यह हर साल 25-30 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। अगर सरकार के नियम इसे सपोर्ट करें तो यह अगले पांच सालों में 41,500 करोड़ रुपये से ज्यादा हो सकता है। पूरी दुनिया में यह सेक्टर इस साल 4.8 लाख करोड़ डॉलर का हो जाएगा। इसमें हर साल 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो रही है। एचएनआई टेक-सेवी मिलेनियल्स और एनआरआई कर रहे हैं। इनमें युवाओं की संख्या भी काफी है। निवेशक मुंबई, बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद और पुणे जैसे शहरों में प्रीमियम कमर्शियल प्रॉपर्टी में निवेश करना चाहते हैं। फ्रैक्शनल ओनरशिप से वे ज्यादा पैसे लगाए बिना भी महंगी प्रॉपर्टी में निवेश कर सकते हैं। एनआरआई को यह मॉडल इसलिए पसंद आ रहा है क्योंकि भारत में किराए से अच्छी कमाई होती है और प्रॉपर्टी की कीमत बढ़ने की संभावना भी होती है।

## ईएमएस लिमिटेड को मिला 104 करोड़ का ऑर्डर, अब सोमवार को शेयर पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंफ्रा सेक्टर से जुड़ी कंपनी-ईएमएस लिमिटेड को यूपी जल निगम (अर्बन) से एक बड़ा ऑर्डर मिला है। यह कंपनी यूपी जल निगम द्वारा शुरू की गई एक इंफ्रा स्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के लिए सबसे कम बोली लगाने वाले (एल-1) के रूप में उभरी है। यह ऑर्डर 104.06 करोड़ (जीएसटी को छोड़कर) का है।

**प्रोजेक्ट के बारे में-** यह प्रोजेक्ट आगरा जल आपूर्ति पुनर्गठन योजना (ट्रांस यमुना जोन-वन और ) - पैकेज 1 का हिस्सा है। इस वर्क के दायरे में सर्वेक्षण, मिट्टी की जांच, इंजीनियरिंग, डिजाइन और निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए सभी जरूरी सामग्रियों और जनशक्ति की आपूर्ति शामिल है। यह कॉन्ट्रैक्ट 24 महीनों के भीतर पूरा होने वाला है। यह ऑर्डर पूरी तरह से घरेलू है।

**शेयर का हाल-** शुक्रवार, 20 जून को ईएमएस लिमिटेड के शेयर 0.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। अब सोमवार को शेयर पर निवेशकों की नजर रहेगी। जून



2024 में शेयर 546 रुपये के निचले स्तर पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। दिसंबर 2024 में शेयर की कीमत 1,016.85 रुपये थी। इसकी शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो प्रमोटर्स के पास 69.70 फीसदी हिस्सेदारी है। इसकी पब्लिक शेयरहोल्डिंग 30.30 फीसदी की है।

### कैसे रहे कंपनी के तिमाही नतीजे

बीते दिनों ईएमएस लिमिटेड ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। मार्च 2025 को समाप्त तीन महीनों में कंपनी के मुनाफे में गिरावट आई और यह 46.92 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को एक साल पहले की समान अवधि में 47.38 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2025 की जनवरी-मार्च तिमाही में इसकी कुल आय बढ़कर 272 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 246 करोड़ रुपये थी।

पूरे वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ईएमएस ने मुनाफा में 20.38 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो पिछले वित्त वर्ष में 152.66 करोड़ से बढ़कर 184 करोड़ हो गया। परिचालन से राजस्व पिछले वित्त वर्ष में 793.31 करोड़ से 22 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 25 में 965.83 करोड़ हो गया।

## दाल-तेल उत्पादन में हुई बढ़ोतरी, सांसदों की आयात पर चिंता के बीच सरकार का जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने बताया कि पिछले एक दशक में दालों और खाद्य तेलों के उत्पादन पहले की तुलना में तेजी से बढ़ा है। सांसदों ने मांग पूरे करने के लिए भारत की आयात पर निर्भरता को लेकर चिंता जताई । 20 जून को हुई समिति की बैठक में कृषि मंत्रालय ने बताया कि आत्मनिर्भरता की दिशा में लगातार काम हो रहा है।



**आयात पर सालाना 80 हजार करोड़ रुपये हो रहा खर्च -** कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण पर संसद की स्थायी समिति को दी गई एक प्रस्तुतीकरण में कहा गया कि 2023-24 में खाद्य तेलों की घरेलू मांग में 56 प्रतिशत हिस्सा 15.66 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) आयात से पूरा हुआ। बताया गया कि खाद्य तेल आयात पर भारत की भारी निर्भरता के कारण सालाना 80,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो रहा है।

**तिलहन उत्पादन में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई-** मंत्रालय ने बताया कि 2014-15 से 2024-25 के बीच तिलहन उत्पादन में 55 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। तीसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक बीते वित्त वर्ष में उत्पादन 426.09 लाख टन तक पहुंच गया है। तुलना करें तो 2004-05 से 2014-15 के बीच यह वृद्धि केवल 13 फीसदी थी।

**सूरजमुखी और सोयबीन तेल आयात पर निर्भर -** मंत्रालय ने बताया कि इस अवधि में सरसों और मूंगफली तेल की जरूरत देश में उत्पादित तेल से पूरी हो रही है, लेकिन सूरजमुखी तेल की खपत 3.55 एमएमटी के मुकाबले 3.49 एमएमटी का आयात करना पड़ा। सोयाबीन तेल की खपत का 60 फीसदी से ज्यादा हिस्सा भी आयात से पूरा किया गया।

# गांजे की खेप के साथ दो धराये

- उड़ीसा से लायी गयी थी बड़ी खेप
- गिरफ्तार निकला नालंदा जिला का
- खंगाली जा रही दोनों की कुंडलियां



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद पुलिस ने जिले में गांजा तस्करी की बड़ी खेप पकड़ा है। बिहार के नालंदा जिला के रहने वाले दो लोगों को 28 किलो गांजा के साथ धनबाद रेलवे स्टेशन के बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। इनके पास से बरामद गांजा की कीमत करीब 4.20 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके आठ दिन पहले भी धनबाद थाना पुलिस ने दो किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर चुकी है।

धनबाद थाना प्रभारी आरएन ठाकुर को शनिवार की देर शाम धनबाद स्टेशन पर गांजा तस्करी की सूचना मिली थी। इसी सूचना पर ठाकुर ने एसएसपी धनबाद के निर्देश पर अपनी थाना पुलिस के साथ राजकीय रेल पुलिस धनबाद और रेलवे सुरक्षा बल धनबाद स्टेशन के साथ एक छापामारी दल का गठन किया।

इसके बाद सभी टीमों ने स्टेशन परिसर और उसके बाहर स्थित बस स्टैंड में तलाशी शुरू कर दिया। इस क्रम में बस स्टैंड के पास दो युवकों की गतिविधियां संदिग्ध मिली। इन दोंनो के पास सफारी कंपनी को दो बाद सूटकेस था। इसकी तलाशी लेने पर इसमें एक-एक किलो के 28 पैकेट गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने इन दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में इन दोनों ने अपना नाम सावन कुमार (26) और शम्भु पासवान (25) बताया। ये दोनों बिहार के नालंदा (बिहार शरीफ) जिला के ओन्दा गांव के रहने वाले हैं। रविवार को धनबाद पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया। धनबाद थाना में सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि ये दोनों ओडिसा के भुवनेश्वर के अंकुल से गांजा लेकर भुनेश्वर धनबाद स्पेशल ट्रेन से यहां पहुंचे थे और रात करीब 10 बजे गंगा सतलुज एक्सप्रेस से इन्हें वाराणसी जाना था। वहां इस माल की सप्लाई की जानी थी। श्रीवास्तव ने बताया कि पूछताछ के क्रम में यह भी जानकारी मिली है कि इनके साथ पांच अन्य लोग भी गांजा सप्लाई का काम करते हैं। इनमें से दो लोग गिरफ्तार आरोपितों के गांव के हैं जबकि अन्य तीन माल रिसीवर और डिलीवर हैं। इनके पुराने आपराधिक इतिहास को जानने का भी प्रयास पुलिस कर रही है। छापामारी में ठाकुर के अलावा, सुजीत कुमार सिंह, ललित रंजन भगत, सशस्त्र बल के अलावा धनबाद रेल की जीआरपी और आरपीएफ की टीम शामिल थी।

# मेघा विधिक सह शक्ति शिविर आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के अध्यक्ष प्रधान जिला न्यायाधीश के आदेश अनुसार जमुआ प्रखंड में मेघा विधिक सह शक्ति शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया।

उसके बाद सम्मान समारोह किया गया मुख्य अतिथि के तौर पर स्मृति त्रिपाठी (सिविल जज) उपस्थिति रही साथ ही डालसा के एलईडीसीएस पुरुषोत्तम कुमार, शिवम केडिया मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन अनिल गोस्वामी नोडल पदाधिकारी ने किया। शक्ति शिविर के तौर पर मानव जीवन से जुड़े तमाम कैंप का भी आयोजन किया गया था। जिसमें शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग जसलपीएस के द्वारा भी स्टॉल लगाया गया था तत्पश्चात स्मृति त्रिपाठी ने बारी-बारी से सभी स्टॉल का निरीक्षण किया संबंधित लोगों को परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में जमुआ प्रखंड विकास पदाधिकारी अमलजी, सीओ संजय पाण्डेय चिकित्सा प्रभारी कुलदीप तिर्की जिला परिषद कुमारी प्रभा, उप प्रमुख रब्बुल हसन रब्बानी विशुत्री अध्यक्ष जुनेद आलम, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष परमेश्वर यादव, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सिंह,गोपाल कृष्ण पांडे,जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार एवं पुलिस अवर निरीक्षक सोमा मुंडा अधिकार मित्र के तौर पर सुबोध कुमार साहू, हीरा देवी, सर्वजीत कुमार, रमेश कुमार, सीता देवी, साजिद अंसारी, प्रमोद कुमार के अलावा सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान शराब मुक्ति पर भी शपथ दिलाया गया **इसी तरह** आज गिरिडीह के प्रखंड कार्यालय सभागार में मिस प्रीति कुमारी, जिला ऐंड. सेशन जज गिरिडीह तथा बिपिन कुमार यादव, पैनल एडवोकेट, गिरिडीह की उपस्थिति में वृहद विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर (मेगा लीगल एमपावरमेंट कैंप) का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के योजनाओं से लाभुको को लाभान्वित करने हेतु स्टॉल एवं परिसम्पति का वितरण किया गया जिसमें 32 लाभार्थी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए। जिसमे अबुआ आवास/ प्रधानमंत्री आवास, सर्वजन पेंशन/ मंईया सम्मान योजना, कृषि विभाग , पशुपालन विभाग, जसलपीएस, बाल विकास परियोजना ,कार्यालय आपूर्ति विभाग , सोबरन अन्तर्गत 04 शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग किया गया जिनकी राशि कुल 42 लाख 26500 है। वही इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में गिरिडीह के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचल पदाधिकारी गणेश रजक सहित प्रखंड कार्यालय के अधिकारी व कर्मी का अहम योगदान रहा।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष को किया गया सम्मानित




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** लायन्स क्लब आफ गिरिडीह एलीट की एक बैठक ऑर्बिट रिट्रीट में आहूत की गई। बैठक में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज गिरिडीह के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन राहुल बर्मन को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की शुरूआत क्लब के पदाधकारियों के द्वारा लायन राहुल बर्मन को बुके देकर हुआ। समारोह को सम्बोधित करते हुए क्लब अध्यक्ष लायन दशरथ प्रसाद ने कहा कि यह गर्व की बात है कि हमारे क्लब के सदस्य लायन राहुल बर्मन को सीसीआई गिरिडीह का अध्यक्ष चुना गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि मेरे ऊपर सीसीआई के सदस्यों ने दूसरी बार भरोसा जताया है। इसके लिए तमाम लोगों को धन्यवाद साथ ही मेरी जवाबदेही बढ़ गई है।

समारोह में क्लब अध्यक्ष लायन दशरथ प्रसाद जोन चेयरपर्सन लायन धर्म प्रकाश डिस्ट्रिक चेयरपर्सन लायन संजय कुमार सिंह डिस्ट्रिक्ट एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर लायन राजेश गुप्ता क्लब सचिव लायन सुदीप गुप्ता लायन राहुल कुमार लायन सौरभ महासेठ लायन शत्रुघ्न सिंह लायन अवनीश अंशु लायन गुंजन कुमार शर्मा लायन मसरूर आलम सिद्दीकी लायन अमरनाथ मंडल लायन रवि राज सहित क्लब के कई सदस्य उपस्थित रहे।

# बंद घर से जेवरात सहित नगदी चोरी

नवबिहार टाइम्स विष्णुगढ़

**विष्णुगढ़।** थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरों ने खूब आतंक मचा रखा है। इन्हे ना ग्रामीणों का भय है और ना ही पुलिस प्रशासन का डर, ये बेखौफ चोरी की घटना का अंजाम दे रहे हैं। चोरों का टारगेट सिर्फ सोने और चांदी की जेवरात पर है, हां अगर नगदी रुपए भी मिल जाय तो सोने पर सुहागा है। इस बार विष्णुगढ़-गोमियां मार्ग पर मां काली मंदिर के पुजारी उमाशंकर वैद्य पिता स्व० संतोषी वैद्य के घर को निशाना बनाया। चोरों ने तकरीबन साढ़े तीन लाख रुपए के जेवरात समेत पचास हजार नगदी रुपए की चोरी पूरे इतमीनान के साथ की। भुक्तभोगी उमाशंकर वैद्य ने बताया कि शाम चार बजे अपनी पत्नी के साथ घर का ताला लगाकर हजारीबाग गया हुआ था। चोरी की घटना की जानकारी तब हुई जब वह दो दिन बाद 22 जून दिन रविवार को अपने घर पहुंचे तो देखा कि घर के मुख्य दरवाजा में लगा हुआ ताला बदला हुआ है। ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है और घर के अंदर रखा बक्सा एवं ड्राम का भी ताला टूटा हुआ है और बक्सा में रखे जेवरात सहित पचास हजार रुपए गायब पाया।

# श्री ज्वेलर्स के बाहर कई चक्र चली गोलियां

- उत्तम यादव ने वीडियो जारी कर ली जिम्मेदारी
- सवालों के घेरे में कानून व्यवस्था, जांच शुरू
- आजजनों सहित व्यवसाईयों में दहशत कायम






नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के बाड़म बाजार स्थित श्री ज्वेलर्स के बाहर दोपहर को दिनदहाड़े 6 से 7 राउंड गोली चलने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पल्सर बाइक पर सवार दो अपराधी दुकान के बाहर रुके और ताबड़तोड़ फायरिंग कर वहां से फरार हो गए।

हालांकि गोली सीधे तौर पर किसी को नहीं लगी, लेकिन इस दुस्साहसिक हमले ने व्यापारी वर्ग में भारी दहशत पैदा कर दी है।

घटना के कुछ ही देर बाद सोशल मीडिया पर उत्तम यादव नामक युवक का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उसने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। वीडियो में उसने खुलेआम चेतावनी दीः मेरी अनुमति के बिना कोई काम न करे। मेरा फोन जाता है तो हल्के में न लें। टंडवा, बड़कागांव और चतरा के कोयला-बालू व्यापारियों को मुझसे मैनेज करना होगा।

कॉल इग्नोर किया तो गोली खाने के लिए तैयार रहें। वीडियो में चतरा जिले के व्यापारियों को भी विशेष रूप से निशाने पर लिया गया है, जिससे इस वारदात के दायरे और गहराई का अंदाजा लगाया जा सकता है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ-साथ अपराधियों की पहचान और लोकेशन ट्रेस करने में जुट गई है। हजारीबाग एसपी ने मीडिया को बताया कि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

इस वारदात ने हजारीबाग और चतरा के व्यापारियों में गहरा भय पैदा कर दिया है। खुलेआम धमकी और गोलीबारी ने प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# खेल आधारित जन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## प्रतिभागियों ने नशे से दूरी, खेल से दोस्ती का दिया संदेश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार आज जिला खेल कार्यालय, गिरिडीह द्वारा आयोजित निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम के दूसरे दिन क्रॉस कंट्री दौड़, रस्सा-कस्सी, तथा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों ने युवाओं में टीमवर्क, अनुशासन एवं नशामुक्त जीवन के संदेश को मजबूती से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी, गिरिडीह स्वयं उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने प्रतिभागियों को नशा विरोधी अभियान से जुड़ने और खेलों के माध्यम से जीवन को सकारात्मक दिशा देने का संदेश दिया। क्रॉस कंट्री रेस सुबह के समय आयोजित इस दौड़ में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने नशे से दूरी, खेल से दोस्ती का संदेश देते हुए पूरे जोश के साथ रेस पूरी की। रूट को गिरिडीह स्टेडियम परिसर और उसके आसपास की सड़कों पर निर्धारित किया गया था रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता टीम भावना और सामूहिक शक्ति का प्रतीक रही यह प्रतियोगिता न सिर्फ रोमांचक रही, बल्कि इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने भी एकजुटता और संयम का प्रदर्शन किया कबड्डी मैच गिरिडीह जिला स्थित सभी प्रशिक्षण केंद्रों की टीमों के बीच आयोजित यह मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा। खिलाड़ियों ने कौशल, रणनीति और अनुशासन का परिचय दिया। दर्शकों ने भी जोरदार तालियों से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रियांका कुमारी एवं उनकी टीम द्वारा प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया, जिससे आयोजन की निष्पक्षता और गुणवत्तापूर्ण संचालन सुनिश्चित हो सका। 150+ खिलाड़ियों और प्रशिक्षुओं ने आज के कार्यक्रमों में भाग लिया, जिसमें जिले के विभिन्न खेल प्रशिक्षण केंद्रों से आए युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के संचालन में जिला खेल कार्यालय, गिरिडीह के सभी कर्मि, जिला खेल समन्वयक, गिरिडीह, जिला पर्यटन विशेषज्ञ, गिरिडीह, गिरिडीह जिला स्थित सभी प्रशिक्षण केंद्रों के प्रशिक्षक एवं गिरिडीह स्टेडियम, गिरिडीह के समस्त कर्मचारियों की भूमिका रही।

# जांच टीम को सौंपेंगे ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** कामेश्वर पासवान ने कहा की कल केंद्रीय खाद्य मंत्रालय की विशेष जांच टीम गिरिडीह जिला में गरीबों की अनाज की जांच करेंगे कल जिला में आगमन है जो पीडीएस से संबंधित तीन महीना( जून, जुलाई, अगस्त) का अनाज एक साथ वितरण करने का था उसमें केंद्रीय टीम गोदाम से लेकर पीडीएस दुकान तक और ग्राहक से जांच पड़ताल करेंगे कि योजना का लाभ जनता के बीच में मिल रहा है या नहीं। पूरे जिले में दो महीना का अनाज मिल गया है। पीडीएस दुकान तक और जनता के बीच में वितरण हुआ है और तीसरा किस्त का अनाज पूरे जिले में नहीं मिला, लेकिन आश्चर्य की बात है गिरिडीह प्रखंड के नगर क्षेत्र में एक डीलर राजेश कुमार बंसल के यहां अगस्त का माल 18 तारीख को दिया गया। और वितरण भी कर रहा है। एक डीलर को अनाज अगस्त का मिलता है यह जांच का विषय है कि परिस्थिति में नगर क्षेत्र के डीलर राजा कुमार बंसल को अनाज दिया गया।

# स्मार्ट ड्रीम एकेडमी ने आयोजित की भरतनाट्यम वार्षिक परीक्षा




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** स्मार्ट ड्रीम एकेडमी के तत्वावधान में संचालित भरतनाट्यम पाठशाला के प्रशिक्षणरत विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा आज द सिटी क्राउन रिसोर्ट, सिहोडीह में भव्य रूप से आयोजित की गई। इस परीक्षा का संचालन सुरों भारती संगीत कला केंद्र, कोलकाता से आईं परीक्षिका सौंपा मुखर्जी द्वारा किया गया। जिन्होंने विद्यार्थियों की नृत्य प्रतिभा का सूक्ष्म मूल्यांकन किया और उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर गिरिडीह सदर के एसडीपीओ जीतवाहन ऊरांव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिन्होंने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से बच्चों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाते हुए एप्टा के संरक्षक राजेश सिन्हा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता समीर चौधरी, शिक्षा निकेतन विद्यालय पीरटांड़ के डायरेक्टर अमित सर, ऐप्टा के आलोक सर, चंचल मिश्रा सर, संगीता सिन्हा, पिकलबॉल एसोसिएशन के झारखंड के सचिव प्रभात कुमार, आंनद सिंह, मृदुला शर्मा, विनज्ज एंटरटेनमेंट फिल्म्स के सभी सदस्य, राजेश कुमार, गिरिडीह कोर्ट में पेशकार संजीव सर, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक बुधन महतो विद्यार्थी, एवं अनेक विशिष्ट अतिथि, अभिभावकगण तथा दर्शक भी उपस्थित रहे। डायरेक्टर प्रीति भास्कर एवं निशांत भास्कर ने सभी मेहमानों, अभिभावकों, परीक्षिका एवं दर्शकों का हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को पहचान कर उन्हें एक सशक्त मंच प्रदान करना है, ताकि वे कला के क्षेत्र में नित्य निखरते रहें। कार्यक्रम की सफलता में सभी की भूमिका उल्लेखनीय रही। यह आयोजन बच्चों के लिए न सिर्फ एक परीक्षा बल्कि आत्मविश्वास और प्रदर्शन कौशल को निखारने का एक सशक्त माध्यम भी बना।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल, गिरिडीह में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्राचार्य ओम प्रकाश गोयल के नेतृत्व में शिक्षक,शिक्षिकाएं, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं बच्चों ने प्रातः कालीन सभा में योगासान करके बड़े उत्साह के साथ मनाया। योग के माध्यम से बच्चों एवं शिक्षकों को मानसिक और शारीरिक रूप से करने पर बल दिया गया। मंच का संचालन दसवीं की छात्रा ऐश गुप्ता ने किया। शिक्षक विजय कुमार पाठक ने योग की उत्पत्ति और योग की महिमा के बारे में बताया। ऐश गुप्ता और सोनाक्षी कुमारी ने योग पर लिखी कविता को पढ़कर सभी में योग के प्रति उत्साह भरने का कार्य किया। मंच पर प्राचार्य श्री गोयल, शिक्षक रविराज कुंदन कुमार, नयन कुमार,अनिता कुमारी ने योगासन करके दिखाया। उनके साथ-साथ सभी शिक्षकों एवं बच्चों ने सभी आसनों को दोहराकर उनसे होने वाले लाभ को जाना। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि जीवन में शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं के समाधान में आसन एवं प्राणायाम अहम योगदान रहता है। बच्चों को मुख्य रूप से योगिक जॉगिंग, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, कटी चक्रासन, वृक्षासन, वीरभद्रासन, चक्रासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन, बकासन और श्वासन करवाया गया। प्राचार्य ने सभी को योग प्रणाम के संबोधन से यह योग दिवस की बधाई दी।

# अपने ही राज्य में पहचान के लिए जूझ रहे झारखंड आंदोलनकारीः सुदेश महतो

## जन मुद्दों पर अपना संघर्ष तेज करेंगे, झारखंडियों की लड़ाई लड़ेंगे : संजय मेहता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आजसू ने बलिदान की बुनियाद पर झारखंड को हासिल किया है। झारखंड अलग राज्य गठन के संघर्षों के हम जनक हैं। हमारे इतिहास के पन्नों में संघर्ष का इतिहास है। जेल, पुलिस की लाठियाँ, केस, मुकदमे, शहादत के बाद हमने राज्य को हासिल किया है। झारखंड की पीड़ा और वेदना को आजसू समझती है। आजसू झारखंडी जनभावनाओं की आवाज है। हम सिर्फ जनभावनाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करते बल्कि उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप समाधान का रास्ता भी देते हैं। उन्होंने कहाकि राजनीति हमारे लिए सत्ता नहीं बल्कि वैचारिक क्रांति का मिशन है। हमारी वैचारिक प्रतिबद्धता झारखंड और झारखंडी जनमानस को लेकर है। हमारे राजनीति के लक्ष्यों में झारखंड का कल्याण निहित है। हम अपने शहीदों और क्रांतिकारियों को याद करते हुए झारखंड के भविष्य को संवारने का सपना साकार करेंगे।

उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने खेलगाँव में बलिदान दिवस के अवसर पर कही।

सुदेश महतो आजसू के स्थापना दिवस के अवसर पर मनाये जाने वाले बलिदान दिवस कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा की आज झारखंड में झारखंड आंदोलनकारी अपनी पहचान के लिए जूझ रहे हैं। आंदोलनकारी की पहचान को बेचा जा रहा है आजसू पार्टी ने रांची के खेलगांव के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में बलिदान दिवस आयोजित किया। जिसमें झारखंड, उड़ीसा, बंगाल के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। पार्टी के गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि वर्तमान सरकार जनता का दमन कर रही है। प्रखंड स्तर पर अफसरों की मनमानी बढ़ी है। आजसू आंदोलन को तेज करेगी।

इस अवसर पर पार्टी के वरीय नेता और हजारीबाग लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा की झारखंड नवनिर्माण का संकल्प आज की पीढ़ी को लेना होगा। आज झारखंड में जनमुद्दों पर आवाज बुलंद करने की जरूरत है। आजसू मुख्य विपक्ष के तौर अपनी भूमिका को सुनिश्चित करेगी झारखंड में स्थानीयता, नियोजन, पुनर्वास, नियुक्ति, परीक्षा, परिणाम, नियुक्ति कैलेंडर, ओबीसी आरक्षण, निजी क्षेत्र में आरक्षण, आउटसोर्सिंग में आरक्षण, आउटसोर्सिंग नियुक्ति से सरकारी नियुक्तियों का मारा जाना, पेसा कानून, सरना धर्म कोड, जमीन अधिग्रहण, मुआवजा, सीएनटी, एसपीटी, नौकर शाही का निचला स्तर, करप्शन, कंपनियों की मनमानी, कानून व्यवस्था की चिंताजनक स्थिति से स्पष्ट है की सरकार जनमुद्दों का समाधान नहीं कर पायी है। राज्य में लगातार हत्या और गोलीबारी की घटनाओं से आम जनमानस में भय व्यापत हुआ है।

उन्होंनेकहा कि स्थानीयता और नियोजन का मसला लटका पड़ा है। ऐसे में राज्य को एक गंभीर राजनीतिक चिंतन की जरूरत है। राज्य को सिर्फ घोषणाओं से नहीं चलाया जा सकता बल्कि मजबूत संकल्पों के साथ आगे बढ़ना होगा। सरकारी राशि का राजनीतिक लक्ष्यों के लिए इस्तेमाल किया जाना एक गलत परिपाटी है। ऐसे में जनता के मूल मुद्दे काफी पीछे छूट जाएँगे। संजय मेहता ने अपने संबोधन में कहा की आजसू झारखंड के हक की लड़ाई को तेज करेगा। झारखंड के सभी 264 प्रखंडों में कार्यक्रम तय किए जाएँगे।

सरकार के वादखिलाफी के आंदोलन को तेज किया जाएगा। युवाओं की आवाज को बुलंद की जाएगी।

आजसू ने इस कार्यक्रम के माध्यम से बड़ा संदेश दिया है। झारखंड की राजनीति में आजसू की भूमिका एक बार फिर साबित हुई। बलिदान दिवस के माध्यम से आजसू ने एक बार फिर अपने संगठन की शक्ति को दिखाया है। झारखंड में वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में एक बड़े राजनीतिक आंदोलन की जरूरत है। आजसू पार्टी इस राजनीतिक जरूरत को पूर्ण करेगी।

इस अवसर पर आजसू के राज्य भर के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। लगभग 20 हजार की संख्या में कार्यकर्ता राँची के खेलगाँव पहुँचे। सभी पदाधिकारी, पूर्व विधायक, विधायक, सभी जिला, प्रखंड, पंचायत स्तर के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एफआईएच प्रो लीग:

# भारत को बेल्जियम ने 3-6 से हराया



**एंटवर्प, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को एंटवर्प में चल रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में बेल्जियम से 3-6 से हार गई। भारत की तरफ से दिलप्रीत सिंह, मनदीप सिंह और अमित रोहिदास ने गोल दागा। भारतीय टीम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद दिलप्रीत सिंह के 36वें मिनट और मनदीप सिंह के 38वें मिनट में किए गए गोल से वापसी की थी। वहीं, अमित रोहिदास ने 56वें मिनट में गोल दागकर टीम को मैच में बनाए रखा था। मैच के आखिरी क्षणों में लगे 3 गोल की वजह से टीम इंडिया को 3-6 से हार का सामना करना पड़ा।

बेल्जियम के लिए आर्थर वैन डोरेन ने पहले और 54वें, अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने 28वें, रोमन डुवेकोट ने 49वें, थिब्यू स्टॉकब्रोक्स ने 53वें और टॉम बून ने 59वें मिनट में गोल दागे। मैच के पहले मिनट के 20 सेकंड में बेल्जियम ने दो पेनाल्टी कॉर्नर हासिल किए। गोलकीपर सूरज करकेरा ने अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स की ड्रैग-फ्लिक को रोक दिया, लेकिन आर्थर वैन डोरेन ने रिबाउंड पर गोल करके मेजबान टीम को बढ़त दिला दी। बेल्जियम की तेज शुरुआत की वजह से भारत पिछड़ गया। भारत ने मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत करनी शुरू कर दी। अपनी मजबूत तकनीकी क्षमता से उत्साहित, भारत ने दूसरे क्वार्टर में मुकाबले में अपनी जगह बनाई। शानदार स्टिक-वर्क के साथ, बेल्जियम के मैन-टू-मैन डिफेंस पर दबाव बनाया और लगातार दो पेनाल्टी कॉर्नर जीते। खेल के दौरान, बेल्जियम ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली, जब हेंड्रिक्स ने हाफ-टाइम से ठीक पहले पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदला।

भारत ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत शानदार तरीके से की, जिसमें उसने अपना मजबूत इरादा दिखाया। लेकिन, बेल्जियम ने धीरे-धीरे खेल पर फिर से कब्जा कर लिया। भारत को अंतिम क्वार्टर की शुरुआत में एक घातक झटका लगा, जब रोमन डुवेकोट ने टॉम बून के कुशल रन के बाद करीब से गोल करके पेनाल्टी कॉर्नर के बाद बढ़त हासिल कर ली। अंतिम दस मिनट में खेल काफी रोमांचक रहा और विक्टर फाबर्ट के शानदार रन के बाद बेल्जियम ने फिर से गोल किया, जिससे थिब्यू स्टॉकब्रोक्स को आसानी से गोल करने का मौका मिला।

भारत की मुश्किलें तब भी जारी रहीं जब सर्किल के अंदर से आर्थर वान का जबरदस्त शॉट अमित रोहिदास से टकराकर नेट में जा लगा और स्कोर 5-2 हो गया। अमित रोहिदास ने एक महत्वपूर्ण पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत की तरफ से तीसरा गोल किया। अंतिम कुछ मिनटों में टॉम बून ने बेल्जियम के लिए छठा गोल करके टीम को बड़ी जीत दिला दी।

# भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में खेल सकते है जोफ्रा आर्चर



**लंदन, एजेंसी।** चोटों से प्रभावित तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं क्योंकि वह डरहम में ससेक्स के लिये काउंटी चैम्पियनशिप मैच खेलने जा रहे हैं। भारत के खिलाफ एंडरसन तेंदुलकर श्रृंखला के पहले टेस्ट में आर्चर और मार्क वुड के बिना इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर दिखाई दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'जोफ्रा आर्चर ससेक्स के लिए लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करेंगे हालांकि उनका नाम काउंटी चैम्पियनशिप के इस मैच की टीम में नहीं था। अगर वह मैच खेल पाते हैं तो भारत के खिलाफ एडबस्टन में दूसरे टेस्ट की टीम में हो सकते हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की है कि वह इस काउंटी मैच के लिये ससेक्स टीम में होंगे। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले आर्चर चोटों के कारण चार साल से प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेले हैं। आर्चर ने 2021 से इंग्लैंड के लिये सिर्फ सफेद गेंद के प्रारूप में खेला है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि आर्चर लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा था, 'कई बार वह मुझे मैसेज भेजता है। मैने उसे यही सलाह दी कि हड़बड़ी नहीं करे। वह चोटों से काफी परेशान रहा है। उसकी वापसी इंग्लैंड के लिए रोमांचक होगी। उम्मीद है कि वह टेस्ट क्रिकेट में चयन के लिए उपलब्ध होगा।

# जसप्रीत बुमराह ने रचा इतिहास

## वसीम अकरम का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा



### सेना देशों में जसप्रीत बुमराह के विकेट्स

- साउथ अफ्रीका के खिलाफ- 38
- इंग्लैंड के खिलाफ- 40
- न्यूजीलैंड के खिलाफ- 6
- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ- 64

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने पहली पारी में 471 रन बनाए, जवाब में इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं हुई. जसप्रीत बुमराह ने पहले ही ओवर में जैक क्रॉली (4) को आउट किया. हालांकि इसके बाद इंग्लैंड की पारी संभली, बेन डकेट और ओली पोप ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 122 रनों की साझेदारी की. इसे भी बुमराह ने तोड़ा, उन्होंने डकेट (62) को बोल्ड किया. जसप्रीत बुमराह ने ही इंग्लैंड की पारी का तीसरा विकेट भी चटकाया, उन्होंने जो रुट (28) को टेस्ट क्रिकेट में 10वीं बार अपना शिकार बनाया. दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने 3 विकेट खोकर 209 रन बना लिए हैं. अभी वे भारत से 262 रन पीछे हैं.

### जसप्रीत बुमराह ने तोड़ा वसीम अकरम का रिकॉर्ड

सेना देशों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले एशियाई गेंदबाज अब जसप्रीत बुमराह हैं. पहले ये रिकॉर्ड वसीम अकरम के नाम था, जिसे शनिवार को बुमराह ने तोड़ दिया. सेना देशों में साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया देश आते हैं. जसप्रीत बुमराह के सेना देशों में 60 पारियों में 148 विकेट हो गए हैं. वसीम अकरम लिस्ट में पहले से खिसककर दूसरे स्थान पर आ गए, उन्होंने सेना देशों में खेली 55 पारियों में 146 विकेट चटकाए हैं. 141 विकेट के साथ लिस्ट में अनिल कुंबले तीसरे और 130 विकेट के साथ इशांत शर्मा चौथे नंबर पर हैं.

# बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, उनका सामना करना बहुत मुश्किल: डकेट





**लीड्स, एजेंसी।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का मानना है कि जसप्रीत बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं और लाइट चालू होने पर जब वह दोनों तरफ से गेंद को स्विंग कराते हैं तो उनका सामना करना बेहद मुश्किल होता है। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन 48 रन देकर तीन विकेट लिये जिसमें जो रूट का विकेट शामिल है। भारत के पहली पारी के 471 रनों के जवाब में इंग्लैंड ने दूसरे दिन तीन विकेट पर 209 रन बना लिए थे। तीसरे नंबर पर उतरे ओली पोप नाबाद 100 रन बनाकर किला संभाले हुए थे। डकेट ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा, वह (बुमराह) दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। उनका सामना करना बेहद मुश्किल है, वह किसी भी परिस्थिति में अच्छे हैं और लाइट चालू होने पर दोनों तरफ स्विंग करते हुए आते हैं तो उन्हें खेलना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा, 'बिना किसी संकेत के तीन या चार अलग-अलग गेंदें फेंकने की उनकी क्षमता कमाल की है। आपको तब तक पता नहीं चलता कि वह बाउंसर, या धीमी गेंद, यॉर्कर, बाहर की ओर जाती स्विंगर या इनस्विंगर डाल रहे हैं, जब तक कि गेंद उनके हाथ से न निकल जाए। आपको उनके साथ गेंद को इतनी बारीकी से देखना पड़ता है कि उन्हें समझना बहुत मुश्किल हो जाता है। पोप की शतकीय पारी के बारे में उन्होंने कहा, 'वह (पोप) मैदान पर आते समय बहुत शांत था। मुझे नहीं पता कि उसके दिमाग में क्या था , लेकिन वह अपने खेलने के तरीके पर कायम रहा। डकेट ने कहा, 'इससे बेहतर कोई अहसास नहीं है कि पहले ओवर में आने के बाद उस आक्रमण के खिलाफ़ शतक बनाना। आप इसे उसके जश्न मनाने के तरीके में देख सकते हैं, और यह सिर्फ़ उसके लिए ही नहीं, बल्कि ड्रेसिंग रूम में भी बहुत मायने रखता था। मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे। पिछले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में 171 रन बनाने के बावजूद पोप की टीम में जगह को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन दबाव में और तेज़ गेंदबाज बुमराह के खिलाफ शतक ने कम से कम कुछ समय के लिए आलोचकों को शांत कर दिया। डकेट ने कहा, 'हम ड्रेसिंग रूम में चीजों को रखने में बहुत अच्छे हैं, लेकिन जाहिर है कि आप इसके बाहर से शोर सुन सकते हैं। ड्रेसिंग रूम के बाहर शोर है, लेकिन इसके अंदर कोई शोर नहीं है। हम इस बारे में चर्चा नहीं कर रहे हैं कि कौन खेलने जा रहा है। यह बात बिल्कुल स्पष्ट लग रही थी कि अगर कोई खिलाड़ी कुछ सप्ताह पहले 171 रन बनाता है तो वह इस मैच में खेलेगा। पोप ने यह साबित करता है कि वह इंग्लैंड टीम में तीसरे नंबर पर क्यों उतरता है।

# वैभव सूर्यवंशी को भी छोड़ा पीछे

## भारतीय खिलाड़ी अभिषेक पाठक ने 33 गेंदों में जड़ा शतक, लगाए 15 छक्के



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल में 35 गेंदों में शतक जड़ा था, जो लीग के इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक है. वैभव से भी तेज शतक अभिषेक पाठक ने मध्य प्रदेश लीग में जड़ा, उन्होंने मात्र 33 गेंदों में अपनी सेंचुरी पूरी की. पाठक ने इस विस्फोटक पारी में 90 रन तो सिर्फ छक्कों से ही बना डाले. अभिषेक भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के बड़े फैन भी हैं और उनसे क्या सीखना चाहते हैं, वो भी मैच के बाद बताया. अभिषेक पाठक सूर्यकुमार यादव के फैन हैं, उनकी इस पारी को देखकर सूर्या भी उनकी तारीफ जरूर करेंगे. शनिवार को हुए मुकाबले में बुंदेलखंड बुल्स टीम में शामिल अभिषेक ने करण तहलियानी के साथ पहले विकेट के लिए 178 रनों की साझेदारी की, 13 ओवर खत्म होने पर अभिषेक आउट हुए लेकिन इससे पहले वह गेंदबाजों की अच्छे से धुनाई कर चुके थे.

**33 गेंदों में जड़ा शतक** – अभिषेक पाठक ने 33 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, वह यही नहीं रुके बल्कि इसके बाद भी विस्फोटक पारी जारी रखी. उन्होंने 48 गेंदों में 133 रन बनाए, इस पारी में उन्होंने 15 छक्के और 7 चौके जड़े. यानी सिर्फ 90 रन तो उन्होंने छक्कों से ही बना डाले. अभिषेक ने दूसरे ही ओवर में 3 छक्के लगाने के बाद चौथे ओवर में रितेश शाक्या की गेंदों पर लगातार 4 छक्के जड़े. जबलपुर रॉयल लायंस के लिए सबसे ज्यादा रन रितेश ने ही दिए, उन्होंने अपने 4 ओवरों के स्पेल में 53 रन खर्चे. अनुभव अग्रवाल ने 3 ओवरों में 43 रन दिए.

**सूर्यकुमार यादव जैसा बनना चाहते हैं अभिषेक पाठक** – मैच के बाद अभिषेक ने कहा, मैंने 13 साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया. मैंने 16, 19 और 23 में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया. मैंने सईद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी खेला है, ये सफर शानदार रहा है. पिछले साल भी मैंने एमपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया था, मुझे नहीं लगता कि जल्द ही आईपीएल में भी खेल पाऊंगा.

# आईपीएल करियर में 0 रन बनाने वाले बल्लेबाज ने 12 छक्कों के साथ ठोके 156 रन



आईपीएल में एक भी रन नहीं और अमेरिका में चल रही एमएलसी में जब उतरा तो 12 छक्कों के साथ 156 रन ठोक डाले. हम बात कर रहे हैं 23 साल के ओपनर मिचेल ओवन की, जिन्होंने मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क के खिलाफ ताबड़तोड़ पारी खेली. नतीजा, ये हुआ कि वॉशिंगटन फ्रीडम को वो बेहतरीन शुरुआत मिली, जिसके दम पर आगे बढ़ते हुए उस टीम ने एमएलसी 2025 में अपनी जीत की हैट्रिक पूरी की. मतलब उसने लगातार तीसरी जीत की पटकथा लिखी. वॉशिंगटन फ्रीडम तीसरा मैच मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क के खिलाफ 2 विकेट से जीता. मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 188 रन बनाए थे. जवाब में वाशिंगटन फ्रीडम की टीम ने 189 रन के लक्ष्य को 4 गेंद पहले ही 8 विकेट खोकर हासिल कर लिया. इस तरह उसने एमएलसी 2025 में अब तक खेले 4 मैचों में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की. मतलब, वाशिंगटन फ्रीडम ने अपना सिर्फ पहला मैच ही गंवाया है.

### एमएलसी 2025 में 12 छक्के के साथ ठोके 156 रन

मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क के खिलाफ वाशिंगटन फ्रीडम की जीत में मिचेल ओवन की अहम भूमिका रही. इस मैच में उन्होंने 230.76 की स्ट्राइक रेट से 26 गेंदों में 60 रन ठोके, जिसमें 5 चौके और 5 छक्के शामिल रहे. इसी के साथ अब तक खेले 4 मैचों में मिचेल ओवन ने कुल 156 रन एमएलसी 2025 में बनाए हैं, जिसमें 12 छक्के शामिल रहे हैं.

### आईपीएल करियर में अभी तक जीरो रन

मिचेल ओवन वही खिलाड़ी हैं, जिन्हें आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स ने ग्लेन मैक्सवेल के रिप्लेसमेंट के तौर पर जोड़ा था. पंजाब ने 3 करोड़ रुपये में ये डील की थी. हालांकि, मिचेल ओवन के आईपीएल करियर की शुरुआत वैसी नहीं हुई जैसी होनी चाहिए थी. उन्होंने आईपीएल में डेब्यू तो किया मगर उस मैच में वो खाता नहीं खोल पाए. मिचेल ओवन को बिना कोई रन बनाए ही डगआउट लौटना पड़ा. हालांकि, उस एक इनिंग ही आईपीएल 2025 में उनकी आखिरी इनिंग भी बनी. लेकिन, एमएलसी 2025 में मिचेल ओवन ने आईपीएल 2025 जैसा प्रदर्शन नहीं किया. बल्कि पारी की शुरुआत करते हुए अपनी टीम के लिए बेजोड़ बुनियाद रख रहे हैं. यही वजह है कि वाशिंगटन फ्रीडम की तीसरी जीत में उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया.

# डब्ल्यूडब्ल्यूई में इस खूंखार रेसलर ने पूरे किए एक साल, यूएस चैंपियनशिप पर कर रहा राज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जैकब फातू डब्ल्यूडब्ल्यूई यूनाइटेड स्टेट्स चैंपियन बनने के बाद से ही छाए हुए हैं। उन्हें फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। स्मैकडाउन में सोलो सिकोआ से भिड़ने के बाद अब वे अकेले ही मुकाबला कर रहे हैं। उन्होंने डब्ल्यूडब्ल्यूई में एक साल पूरा कर लिया है। 21 जून 2024 को उन्होंने डब्ल्यूडब्ल्यूई में एंट्री की थी। शुरुआत में उन्होंने सोलो सिकोआ और ब्लडलाइन के साथ मिलकर रोमन रेंस और ओजी ब्लडलाइन को खूब परेशान किया। फातू ने स्मैकडाउन में खूब नाम कमाया है। मनी इन द बैंक 2025 में उन्होंने सोलो सिकोआ पर हमला कर दिया था।

### क्या था पूरा मामला


फ्राइडे नाइट स्मैकडाउन के एपिसोड में सोलो सिकोआ और फातू के बीच लड़ाई और बढ़ गई। उनके बीच हाथापाई भी हुई। जेसी मेटो के सिकोआ के साथ मिलकर यूनाइटेड स्टेट्स चैंपियन पर हमला करने के बाद फातू कुछ देर के लिए कमजोर पड़ गए थे। तभी जिमी उसो फातू को बचाने के लिए दौड़े आए, जिससे ब्लडलाइन में एक और गृहयुद्ध की नींव पड़ सकती है। बिग जिम के दखल देने के बाद, फातू को वापसी करने और दोनों को हराने का अच्छा मौका मिल गया।

# कनाडा ने भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कनाडा क्रिकेट टीम ने भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेले जाने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार अमेरिका क्वालीफायर के मेजबान ने बहामास के खिलाफ जीत हासिल कर टूर्नामेंट में अपना स्थान सुनिश्चित किया, जो मौजूदा अभियान में उनकी लगातार पांचवीं जीत है। आईसीसी वेबसाइट के अनुसार कलीम सना और शिवम शर्मा ने तीन-तीन विकेट चटकाए, जिससे कनाडा ने बहामास को सिर्फ 57 रन पर ढेर कर दिया। इसके बाद इस छोटे से लक्ष्य को कनाडा के बल्लेबाजों ने सिर्फ 5.3 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल लिया गया। कनाडा के बल्लेबाज दिलप्रीत बाजवा ने 14 गेंदों पर नाबाद 36 रन बनाए। पिछले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेले गए टी20 विश्व कप में भाग लेने के बाद कनाडा क्वालीफायर में आगे बढ़ने के लिए पसंदीदा टीमों में से एक के रूप में पहुंचा। निकोलस किर्टन की अगुवाई वाली कनाडाई टीम ने बरमूडा के खिलाफ 110 रनों से बड़ी जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद केमैन आइलैंड्स के खिलाफ 59 रनों से जीत दर्ज की। फिर अगले मैच में बहामास को 10 विकेट से रौंदा। चौथे मैच में केमैन आइलैंड्स के खिलाफ आरामदायक जीत दर्ज की। अब अपने पांचवें मैच में लगातार जीत दर्ज कर टी20 विश्व कप 2026 के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। कनाडा अब उन 10 टीमों की सूची में शामिल हो गया है जो 20 टीमों के इस आयोजन के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी हैं। इसके साथ ही सह-मेजबान भारत और श्रीलंका भी इसमें शामिल हैं।

# आंकड़ों के खेल में माहिर है ऋषभ पंत, उसका अपना कम्प्यूटर है :शास्त्री



**लीड्स, एजेंसी।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में ऋषभ पंत के साहसिक और मनोरंजक प्रदर्शन के बाद कहा कि यह आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज आंकड़ों का खेल खूबसूरती से खेलता है और उसके पास अपना कंप्यूटर है जिसे चलाने का तरीका सिर्फ उसे ही पता है। पंत ने दूसरे दिन अपनी अपारंपरिक बल्लेबाजी से हेडिंग्ले के दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए मात्र 178 गेंदों पर 12 चौकों और छह छक्कों की मदद से 134 रन की साहसिक पारी खेली। पैडल स्वीप, शतक के बाद की कलाबाजी, पंत की यादगार पारी में कलात्मकता और पागलपन दोनों ही समान रूप से देखने को मिले। शास्त्री ने कहा, 'पंत आंकड़ों के खेल को खूबसूरती से खेलता है। वह अपने तरीके से खेलता है। वह तेजी से अपने खेल में बदलाव लाने में माहिर है। उसका अपना कम्प्यूटर है और उसे ही पता है कि वह कैसे काम करता है। यह उसका यूएसपी है। इससे गेंदबाज दबाव में आते हैं और वह सुपरहिट हो जाता है। असली मनोरंजन करने वाला और मैच विनर। तीन साल पहले भयानक कार दुर्घटना में बाल-बाल बचे पंत ने मैदान पर सफल वापसी की। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक जमाने के बाद मैदान पर गुलाटी मारने वाले पंत के जश्न के बारे में शास्त्री ने कहा, 'इसका एक कारण है। वह इस मौके के लिए ऊपर वाले को धन्यवाद दे रहा था। उस हादसे से उबरकर वापसी करने का इससे गहरा ताल्लुक है। जब मैने उसे अस्पताल में देखा था तो बहुत अच्छी हालत में वह नहीं था। घुटने टूटे हुए, हर तरफ चोट ही चोट। सर्रे के पूर्व क्रिकेटर इयान वार्ड ने कमेंट्री के दौरान कहा, 'यह (पंत) बाक्स आफिस है। सबसे मनोरंजक क्रिकेटरों में से एक। यह शतक के बेहतरीन जश्न में से है। ऑस्ट्रेलिया में श्रृंखला में मिली हार के दौरान खराब स्कूप शॉट पर विकेट गंवाने वाले पंत के बारे में महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा था, 'स्टुपिड, स्टुपिड, स्टुपिड। लेकिन शनिवार को उन्होंने पंत के शतक के बाद कहा, 'सुपर्ब, सुपर्ब, सुपर्ब।

# जो रूट की 28 रन की पारी, तेंदुलकर पर पड़ा भारी; टूट गया सचिन का महारिकॉर्ड और बन गए नंबर 2



**लीड्स, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच हेडिंग्ले में हो रहा है और इस मैच की पहली पारी में इंग्लैंड के सबसे खतरनाक बल्लेबाज जो रूट भारत के खिलाफ चल नहीं पाए। पहली पारी में जसप्रीत बुमराह ने उन्हें 28 रन पर आउट किया और वो 10वीं बार टेस्ट क्रिकेट में उनका शिकार बने। जो रूट ने पहली पारी में भले ही 28 रन बनाए हों, लेकिन इस पारी के दम पर ही सचिन तेंदुलकर के महारिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया और उनकी जगह लेते हुए नंबर 1 बल्लेबाज बन गए। जो रूट ने हालांकि शुरुआत काफी अच्छी की थी, लेकिन जब वो 28 के स्कोर पर थे तब बुमराह की एक गेंद पर वो चकमा खा गए और अपना कैच स्लिप में खड़े करुण नायर को थमा दिया।

**सचिन को पीछे छोड़ नंबर 1 बने ऋषभ पंत** – जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड में भारत के खिलाफ अब तक 1589 रन बनाए हैं और वो अब सचिन तेंदुलकर से आगे निकल गए हैं। सचिन तेंदुलकर इससे पहले भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट मैच में इंग्लैंड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर थे। सचिन ने इंग्लैंड में खेले 17 टेस्ट मैचों में 4 शतक के साथ 1575 रन बनाए थे, लेकिन अब जो रूट 1589 रन बनाकर उनसे आगे निकल गए हैं। यानी इंग्लैंड की धरती पर भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर अब जो रूट बन गए हैं। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर भारत के राहुल द्रविड़ हैं जिन्होंने इंग्लैंड में भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में कुल 1376 रन बनाए थे जबकि चौथे नंबर पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिएस्टर कुक हैं जिन्होंने 1196 रन भारत के खिलाफ बनाए थे। इसके अलावा इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर सुनील गावस्कर हैं जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ इंग्लैंड में कुल 1152 रन बनाए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में बिल्डिंग के बाहर मिली 22 वर्षीय युवक की लाश; पुलिस बता रही सुसाइड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के मैदानगढ़ी में शनिवार सुबह एक बहुमंजिला बिल्डिंग के बाहर 22 वर्षीय एक युवक मृत पाया गया। पुलिस ने इसे सुसाइड बताते हुए युवक द्वारा बिल्डिंग से छलांग लगाने की बात कही। वहीं, युवक के परिवार ने उसे बिल्डिंग से नीचे फेंकने का आरोप लगाया है। मृतक युवक फिल्म निर्माताओं के लिए लाइट टेक्नीशियन के रूप में काम करता था। पुलिस ने कहा कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि वह युवक बिल्डिंग में क्यों आया था, जबकि उसका कोई रिश्तेदार या परिचित वहां नहीं रहता था। पुलिस ने कहा कि एक स्थानीय व्यक्ति ने शनिवार सुबह फोन कर घटना के बारे में सूचना दी थी। एडिशनल डीसीपी (साउथ) सुमित कुमार झा ने कहा कि फोन करने वाले ने कहा कि एक व्यक्ति ने बिल्डिंग से छलांग लगा दी है। पुलिस मौके पर पहुंची और व्यक्ति को पास के अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुमित झा ने कहा, वह व्यक्ति दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर में रहता था और मूल रूप से उत्तराखंड के रुद्रपुर का रहने वाला था। हमने उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हम उन परिस्थितियों की जांच कर रहे हैं, जिनमें उसकी मौत हुई।पीड़ित के परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह अपने दो चचेरे भाइयों के साथ छतरपुर में किराए के कमरे में रहता था, जबकि उसका बड़ा भाई नोएडा में रहता है। मृतक के चचेरे भाइयों में से एक ने बताया कि वह रात में उनके कमरे को बाहर से बंद कर बिना यह बताए चला गया कि वह कहां जा रहा है और कब वापस आएगा। पीड़ित के चचेरे भाई ने कहा, सुबह 8-45 बजे मैंने उसे कॉल किया। कॉल एक पुलिसकर्मी ने उठाई, जिसने मुझे सुसाइड के बारे में बताया। एक पड़ोसी ने कमरे में रखी एक्स्ट्रा चाबी से मेरा दरवाजा खोला। मैंने पीड़ित के भाई को सूचित किया और इमारत की ओर दौड़ा, जो दो किलोमीटर से ज्यादा दूर थी।

### बात नहीं मानी तो सिर में मारी गोली, छाती भी छलनी, हिंडन नदी में फेंकी लाश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 7 जून की शाम जब अंकुर नाम का युवक अपने दोस्त के साथ था तो उसे नहीं पता था कि ये उसकी जिंदगी की आखिरी शाम है। अंकुर इस बात से भी अंजान था कि जब वो अपने दोस्त को घर छोड़कर वापस आ रहा था, तो उसका पीछा किया जा रहा था। लेकिन अंकुर को एक बात पता थी, और बात एक धमकी थी जो उसकी एक दोस्त के रिश्तेदार ने दी थी। रिश्तेदार ने कहा था कि उस लड़की से दूर रहो नहीं तो अंजाम बुरा होगा। अंकुर पर इस धमकी का असर नहीं हुआ। अंकुर उस लड़की से मिलता रहा और वो शाम उसकी आखिरी शाम बन गई। जब लड़की के रिश्तेदार ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर अंकुर को मौत के घाट उतार दिया। आरोपियों ने अंकुर को मारने के लिए पहले रास्ते में इंतजार किया। जब उसकी स्कूटी करीब आई तो कार से उसका रास्ता रोका और उसे कार में भरकर उठा ले गए।

### डार्क वेब से ऑर्डर, कोडवर्ड में बात, कोरियर से सप्लाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से गिरफ्तार नाइजीरियन पिछले तीन साल से महरौली में ड्रग्स की फैक्ट्री चला रहे थे। यही से दिल्ली-एनसीआर में ड्रग्स की सप्लाई की जा रही थी। इसका नेटवर्क नेपाल तक फैला हुआ था। गुरुग्राम पुलिस की अपराध शाखा सेक्टर-43 की टीम ने 18 और 19 जून को 6 नाइजीरियन को ड्रग्स तस्करी के आरोप में दिल्ली से गिरफ्तार किया था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने नाइजीरिया से कोकीन बनाने की तकनीक सीखी और फिर दिल्ली आकर ड्रग्स बनाकर अवैध कारोबार को शुरू किया। अपराध शाखा प्रभारी नरेंद्र शर्मा ने बताया कि जांच में सामने आया है कि ड्रग्स की बिक्री और वितरण के लिए डार्क वेब का इस्तेमाल किया जा रहा था। विशेष कोडवर्ड्स और एन्क्रिप्टेड चैट से ग्राहकों से संपर्क साधा जाता था। दिल्ली-एनसीआर में ड्रग्स की खेप पहुंचाने के लिए मिजोरम की एक महिला और प्रतिष्ठित कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जाता था।

# दिल्ली में बेहतर कनेक्टिविटी व जाम मुक्त सड़कों के लिए बनेगा यूएमटीए



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में ट्रैफिक जाम और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए परिवहन एजेंसियों के बीच तालमेल की कमी को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार ने यूनिफाइड मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (उम्टा या यूएमटीए) के गठन का फैसला किया है। यह एकीकृत प्राधिकरण राजधानी में चल रही मेट्रो, बस, ट्रेन और अन्य परिवहन सेवाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगा।

सूत्रों की मानें तो दिल्ली के परिवहन मंत्री पंकज सिंह उम्टा से संबंधित कैबिनेट प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है और इसे जल्द ही कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा। यह अथॉरिटी राजधानी की परिवहन व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

मुख्य उद्देश्य और कार्य प्रणाली = उम्टा के जरिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी), रैपिड रीजनल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएल), परिवहन विभाग, दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और अन्य एजेंसियों के बीच नीतिगत फैसलों और योजनाओं में बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा।


फिलहाल ये एजेंसियां अलग-अलग स्तर पर काम कर रही हैं, जिससे योजनाओं में दोहराव, देरी और संसाधनों की बर्बादी होती है। उम्टा के माध्यम से अब सभी प्रमुख परिवहन एजेंसियों को एक कॉमन प्लैटफॉर्म पर लाया जाएगा। यह प्राधिकरण न केवल योजना निर्माण में समन्वय करेगा, बल्कि जमीन पर कार्यान्वयन में भी एजेंसियों के बीच स्पष्ट अधिकार-सीमा तय करेगा। उनके बीच समन्वय भी स्थापित करेगा।

विभिन्न परिवहन सेवाओं की योजना और विस्तार में समन्वय बनेगा मल्टी-मॉडल यात्रा को बढ़ावा, एकीकृत टिकट प्रणाली से सुविधा संसाधनों का बेहतर उपयोग, दोहराव और देरी की समस्या खत्म ट्रैफिक जाम से राहत, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिलेगा

प्रमुख परिवहन एजेंसियों को एक साझा मंच पर लाया जाएगा।

उम्टा के अंतर्गत एक टास्क फोर्स भी गठित की जाएगी, जिसमें ट्रैफिक पुलिस, शहरी विकास विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और वित्त विभाग जैसे प्रमुख संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह टास्क फोर्स ट्रैफिक दबाव को कम करने, प्रदूषण घटाने, सार्वजनिक परिवहन में सुधार की दिशा में कार्य करेगी। साथ ही समय-समय पर अपनी रिपोर्ट और सुझाव भी देगी, जिससे व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके।

# यीडा की अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी का भूमि पूजन 26 जून को होगा




**नईदिल्ली, एजेंसी।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित होने वाली अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी का भूमि पूजन 26 जून की शाम 5 बजे होगा। इस समारोह में फिल्म निर्माता बोनी कपूर और बॉलीवुड के कलाकार शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी आने की संभावना है। हालांकि, वह ऑनलाइन भी जुड़ सकते हैं। भूमि पूजन के बाद पहले चरण का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

पहले चरण में फिल्म स्टूडियो और साउंड स्टेज बनकर तैयार होंगे। विश्वस्तरीय फिल्म सिटी डेढ़ साल में बनकर तैयार होगी। पहला फेज 18 माह में पूरा हो जाएगा। इसके निर्माण पर 900 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

बोनी कपूर का कहना है कि पहले चरण में स्टूडियो के साथ साउंड स्टेज का निर्माण किया जाएगा और यहां फिल्मों की शूटिंग भी शुरू हो जाएगी। फिल्म सिटी का निर्माण शुरू करने के लिए विकासकर्ता कंपनी बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्राइवेट लिमिटेड ने पिछले माह यमुना विकास प्राधिकरण में मानचित्र स्वीकृति के लिए सौंपा था। कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार 27 जून तक फिल्म सिटी का शिलान्यास न होने पर प्रतिदिन डेढ़ लाख रुपये के हिसाब से जुर्माना लगाने की शर्त है। कई बार भूमि पूजन की तारीख टलने के बाद अब 26 जून का कार्यक्रम तय हो गया है। अधिकारी के मुताबिक, पहले चरण को भी तीन फेज-ए, बी और सी में बांटा गया है। फेज-ए में साउंड स्टेज, बी में फिल्म यूनिवर्सिटी और सी में स्थायी स्टूडियो बनेंगे।

बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी के महाप्रबंधक राजीव अरोड़ा ने बताया कि यमुना प्राधिकरण ने बीते सोमवार को फिल्म सिटी के पहले चरण के लेआउट प्लान को मंजूरी दे दी थी। पहले फेज में फिल्म स्टूडियो विकसित किए जाएंगे। इसके साथ ही, रनवे, हेलीपैड, संसद भवन जैसी गैलरी, समुद्र और चारधाम के सेट तैयार होंगे। योजना के मुताबिक, फिल्म विश्वविद्यालय में आठ स्कूल होंगे, जो नाट्य और संगीत की अलग-अलग विधाओं के लिए समर्पित होंगे।

# अरावली में बनी अवैध इमारतों पर फिर चला बुलडोजर, लोगों ने खूब काटा हंगामा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अरावली में बने अवैध फार्म हाउस और बैंक्वेट हॉलों में तोड़फोड़ की कार्रवाई शनिवार को भी जारी रही। इस दौरान वन विभाग की टीम ने एक बड़े फार्म को जेसीबी से ढहाने का प्रयास किया तो संचालक ने लोगों के साथ हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने समझा बुझा कर लोगों को शांत किया। अरावली में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पिछले करीब एक सप्ताह से तोड़फोड़ कार्रवाई की जा रही है।

अधिकारियों के अनुसार,अरावली क्षेत्र में बिना अनुमति और पर्यावरण मंजूरी के बनाए गए फार्म हाउस और कमर्शियल निर्माण पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिसे रोकने के लिए यह सख्त कदम उठाया गया है। इसके बावजूद लोगों ने नियमों की अनदेखी कर काफी संख्या में फार्म हाउस,बैंक्वेट हॉल,शिक्षण संस्थान और धार्मिक स्थल बना लिए हैं। शनिवार सुबह वन विभाग की टीम तोड़फोड़ दस्ते के साथ कार्रवाई के लिए पहुंची।

फार्म हाउस और बैंक्विट हॉल संचालकों ने प्रशासन की कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि तोड़फोड़ की कार्रवाई पक्षपातपूर्ण है। उनका आरोप है कि अरावली क्षेत्र में कई अवैध शिक्षण संस्थान और धार्मिक स्थल भी वर्षों से चल रहे हैं,लेकिन उन्हें अब तक नहीं छुआ गया। वन विभाग अधिकारी राजकुमार ने कहा कि पुलिस बल ने संचालकों को समझा बुझा कर शांत कराया,फिर कार्रवाई शुरू की। फिलहाल जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी अवैध निर्माणों के खिलाफ इसी प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी। अरावली की गोद में बसे अनखीर, आनंगपुर, लकड़पुर, मेवला महाराजपुर गांव का दायरा गांव की आबादी बढ़ने के कारण बढ़ गया है। वन विभाग की ओर से अवैध निर्माणों को लेकर तोड़फोड़ कार्रवाई की जा रही है।

### एनडीए एग्जाम पास कैंडिडेट को क्यों ठहराया अयोग्य?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को एक मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया है। यह बोर्ड उस कैंडिडेट की अयोग्यता के संबंध में एक्सपर्ट ओपिनियन देगा, जिसने नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) परीक्षा पास कर ली थी, लेकिन ब्लड डिसऑर्डर के कारण उसे मेडिकली अनफिट घोषित कर दिया गया था।

जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह और जस्टिस रजनीश कुमार गुप्ता की वेकेशन बेंच कैंडिडेट श्लोक सचिन की ओर से दाखिल एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता ने 2 जुलाई से शुरू हो रहे सेशन के लिए एनडीए में दाखिला देने के लिए केंद्र, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और अन्य को निर्देश देने की मांग की गई है। उसके 'कमांडिंग ऑफिसर' के माध्यम से 18 मार्च और 22 मई को जारी किए गए पत्रों को चुनौती दी गई है। इन पत्रों में सचिन को इंडियन एयरफोर्स के साथ ही सेना के तीनों अंगों में भर्ती के लिए अयोग्य घोषित किया गया है।

# दिल्ली में अगले साल से पहली कक्षा में एडमिशन का नियम बदला, सर्कुलर जारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से पहली कक्षा में दाखिले के नियमों में बदलाव किया गया है। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने सर्कुलर जारी किया है। दिल्ली सरकार ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा एक में प्रवेश के लिए छह वर्ष की एक समान न्यूनतम आयु लागू करने की घोषणा की है। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के अनुरूप स्कूली शिक्षा के आधारभूत चरण के पुनर्गठन की घोषणा की है।

शिक्षा निदेशालय (डीओई) द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार, कक्षा एक से पहले तीन साल की प्री-प्राइमरी शिक्षा को शामिल करने के लिए आधारभूत चरण को पुनर्गठित किया जाएगा। इस कदम का उद्देश्य दिल्ली की स्कूल प्रणाली को एनईपी के तहत अनुशंसित 5 3 3 4 संरचना के साथ लेकर चलना है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत शुरू की गई 5 3 3 4 संरचना पहले की 10 2 प्रणाली की जगह लाई गई है। यह स्कूली शिक्षा को चार विकासात्मक चरणों में पुनर्गठित करती है। 5 साल का आधारभूत चरण, 3 साल का प्रारंभिक चरण, 3 साल का मध्य चरण और 4 साल का माध्यमिक चरण।


सर्कुलर में कहा गया है कि बच्चों को 3 वर्ष की आयु में नर्सरी (प्री-स्कूल) में, 4 वर्ष की आयु में लोअर केजी (प्री-स्कूल 2) में और 5 वर्ष की आयु में अपर केजी (प्री-स्कूल 3) में प्रवेश दिया जाएगा। सर्कुलर के अनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2026-27 से कक्षा एक में प्रवेश केवल छह साल की आयु पूरी करने पर ही दिया जाएगा। इसमें कहा गया है कि प्री-प्राइमरी कक्षाओं के लिए नामकरण लचीला है और जरूरत के अनुसार इसमें संशोधन किया जा सकता है। शिक्षा निदेशालय ने आगे कहा कि उसके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त गैर-सहायता प्राप्त निजी स्कूलों से अपेक्षा की जाती है कि वे नए निर्देशों के अनुसार संशोधित आयु मानदंड और आधारभूत संरचना का अनुपालन करेंगे।

# मानवता ने खोले नरक के द्वार, वैश्विक संघर्ष के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की चेतावनी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** वैश्विक संघर्ष के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी है। न्यूयॉर्क में जलवायु संकट पर आयोजित शिखर सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि मानवता ने नरक के द्वार खोल दिए हैं। भयंकर गर्मी के भयानक प्रभाव हो रहे हैं। बाढ़ में फसलों को बहता देखकर किसान परेशान हैं। गर्मी से बीमारियां फैल रही हैं। गुटेरेस ने कहा कि चुनौती के पैमाने के सामने जलवायु कार्रवाई बौनी पड़ रही है। अगर कुछ नहीं बदला तो हम एक खतरनाक और अस्थिर दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य जलवायु कार्रवाई पर महत्वाकांक्षाओं को बढ़ाना है। गुटेरेस ने कहा कि विकसित देश 2040 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करें। वायु मंडल से वह उतना ही प्रदूषण हटाएं, जितना कि वे पैदा करते हैं। उन्होंने देशों से जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए समय सीमा तय करने के लिए कहा। साथ ही निम्न और मध्यम आय वाले देशों को स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ने में मदद करने के लिए फंडिंग में बढ़ोतरी करने और जलवायु लचीलेपन उपायों में निवेश करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हम दशकों पीछे हैं। हमें टालमटोल, दबाव और जीवाश्म ईंधन से अरबों डॉलर कमाने के स्वार्थ के लालच में खोए समय की भरपाई करनी होगी। यूएन महासचिव के विशेष सलाहकार सेल्विन हार्ट ने कहा कि जिन देशों ने 2050 तक शुद्ध शून्य और पेरिस समझौते के तहत तापमान को 1.5 डिग्री तक कम करने की प्रतिबद्धता जताई थी, वे मौजूदा समय में जीवाश्म ईंधन लाइसेंसिंग का विस्तार कर रहे हैं। न्यूयॉर्क में शिखर सम्मेलन ऐसे वक्त में हुआ जब दुनिया बाढ़ और आग से जूझ रही है। इसका उद्देश्य दिसंबर में दुबई में संयुक्त राष्ट्र के कॉप 28 जलवायु शिखर सम्मेलन से पहले पृथ्वी को गर्म करने वाले प्रदूषण को कम करने की दिशा में काम करना है। सम्मेलन में केवल उन देशों ने भाग लिया, जिनके पास जलवायु संकट से निपटने की ठोस योजना है।

# फिलिस्तीन समर्थकों ने ब्रिटेन में जमकर मचाया उत्पात

### सैन्य अड्डों पर खड़े विमानों को किया डैमेज



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में फिलिस्तीन समर्थकों ने शुक्रवार (20 जून, 2025) को सेंट्रल इंग्लैंड के रॉयल एअर फोर्स बेस में घुसकर दो विमानों को क्षतिग्रस्त कर दिया और उनके ऊपर लाल रंग छिड़क दिया। फिलिस्तीन एक्शन नाम के कैंपेन ग्रुप का कहना है कि उसके के दो एक्टिविस्ट ऑक्सफोर्डशायर में ब्रिज नॉर्टन बेस में घुस गए थे। उन्होंने वायेजर विमान के इंजनों पर पेंट छिड़क दिया और बहुत नुकसान पहुंचाया।

इस ग्रुप ने घटना एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए कहा, इजरायली सरकार की सार्वजनिक रूप से निंदा करने के बावजूद ब्रिटेन मिलिट्री कार्गो को भेजना, गाजा के ऊपर जासूसी विमान उड़ाना और अमेरिकी/ इजरायली फाइटर प्लेन को ईंधन भरना जारी रखे हुए है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने इस घटना की निंदा की और कहा कि वह जांच के लिए पुलिस के साथ काम कर रहा है।

बयान में कहा गया, हमारी आर्म्ड फोर्स सबसे बेस्ट है। वो हमारे लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं और उनका कर्तव्य, समर्पण और निस्वार्थ व्यक्तिगत बलिदान का प्रदर्शन हम सभी के लिए प्रेरणा है। ये हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन लोगों का समर्थन करें जो हमारी रक्षा करते हैं। वहीं, पुलिस का कहना है कि वो इस बात की जांच कर रही है कि ये लोग एयरबेस तक कैसे पहुंचे और क्रिमिनल डैमेज का क्या कारण रहा? फिलिस्तीन एक्शन उन ग्रुपों में से एक है जो गाजा संघर्ष की शुरुआत से ही लगातार ब्रिटेन में डिफेंस फर्मों और इजरायल से जुड़ी अन्य कंपनियों को निशाना बनाते रहे हैं। इस ग्रुप का कहना है कि उसने ही रनवे पर पेंट फेंका था और वहां पर फिलिस्तीन का झंडा भी छोड़ दिया था।

# ईरान को डबल झटका: अब हिजबुल्लाह ने तोड़ा भरोसा !, मझदार में छोड़ा साथ, बोला- इजराइल और अमेरिका से पंगा नहीं लेंगे



**तेहरान एजेंसी।** अमेरिका द्वारा ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों पर किए गए हमले के बाद मध्य पूर्व में तनाव और गहरा गया है। इस हमले से जहां ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को गहरा धक्का पहुंचा है, वहीं अब उसका सबसे मजबूत सहयोगी हिजबुल्लाह भी पीछे हटता नजर आ रहा है। लेबनान स्थित इस ईरान समर्थित संगठन ने स्पष्ट किया है कि वह अमेरिका और इजराइल के खिलाफ फिलहाल कोई जवाबी हमला नहीं करेगा। हिजबुल्लाह को ईरान के एक्सिस ऑफ रेजिस्टेंस का सबसे ताकतवर स्तंभ माना जाता है, लेकिन अब अमेरिकी हमलों के बाद उसकी प्रतिक्रिया चौंकाने वाली रही। न्यूजवीक को दिए गए एक इंटरव्यू में हिजबुल्लाह के प्रवक्ता ने कहा, ईरान एक सक्षम देश है जो खुद का बचाव कर सकता है। हमारे पास अमेरिका और इजराइल के खिलाफ फिलहाल कोई जवाबी कार्रवाई की योजना नहीं है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुद ईरानी परमाणु ठिकानों पर हमले के आदेश दिए। ईरान ने पहले ही चेताया था कि अगर अमेरिका इस युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से कूदता है, तो क्षेत्र में उसके सभी ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा। लेकिन हिजबुल्लाह की ओर से मिली इस निराशाजनक प्रतिक्रिया ने ईरान को रणनीतिक रूप से कमजोर कर दिया है। अब तक माना जाता था कि ईरान क्षेत्रीय संघर्ष में अपने समर्थक संगठनों के जरिए जवाबी हमले करवा सकता है, लेकिन हिजबुल्लाह का यह कदम एक बड़ी रणनीतिक सेंध है। हिजबुल्लाह और इजराइल के बीच नवंबर 2024 में युद्धविराम हुआ था। उस समय गाजा में इजराइली कार्रवाई के विरोध में हिजबुल्लाह ने लेबनान से रॉकेट दागे थे, जिसके जवाब में इजराइल ने लेबनान पर हमला कर संगठन के कई वरिष्ठ नेताओं और सैकड़ों नागरिकों को मार गिराया था। तब से हिजबुल्लाह सीजफायर पर कायम है। ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका द्वारा ईरान पर सीधा हमला करना न केवल क्षेत्रीय अस्थिरता को और भड़काएगा, बल्कि इससे वैश्विक सुरक्षा और आर्थिक बाजारों पर भी व्यापक असर पड़ सकता है। इजराइल ने ट्रंप के फैसले की खुले तौर पर सराहना की है, वहीं संयुक्त राष्ट्र और कई देशों ने संयम बरतने और बातचीत का रास्ता अपनाने की अपील की है। हिजबुल्लाह के इस फैसले ने ईरान की रणनीतिक स्थिति को कमजोर कर दिया है।

# इजरायल के हमले में मारा गया ईरान का एक और न्यूक्लियर साइंटिस्ट, आर-पार के मूड में नेतन्याहू



**यरुशलम, एजेंसी।** ईरान पर इजरायल के हमले को लेकर एक बड़ा दावा किया गया है। इजरायली मीडिया ने दावा किया गया है कि शुक्रवार (20 जून, 2025) को तेहरान में एक इमारत पर हुए हमले में एक ईरानी परमाणु वैज्ञानिक की मौत हो गई। इस बात की जानकारी सरकारी इजरायली प्रसारक कान और अन्य स्थानीय मीडिया के हवाले से सामने आई है। इजरायली सेना ने इन रिपोर्टों पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। इजरायल ने ईरान के 10 न्यूक्लियर साइंटिस्टों को मौत के घाट उतार दिया है। 10वें परमाणु वैज्ञानिक की हत्या अन्य नौ के मारे जाने के तुरंत बाद की गई। यह कार्रवाई गुरुवार-शुक्रवार की रात को इजरायली अभियान का हिस्सा थी, जिसमें ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम और नतांज न्यूक्लियर साइट्स पर हमले के साथ-साथ ईरान के सैन्य नेतृत्व के शीर्ष सदस्यों का सफाया भी शामिल था। इजरायल ने ईरान के 10 न्यूक्लियर साइंटिस्टों को मौत के घाट उतार दिया है। 10वें परमाणु वैज्ञानिक की हत्या अन्य नौ के मारे जाने के तुरंत बाद की गई। यह कार्रवाई गुरुवार-शुक्रवार की रात को इजरायली अभियान का हिस्सा थी, जिसमें ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम और नतांज न्यूक्लियर साइट्स पर हमले के साथ-साथ ईरान के सैन्य नेतृत्व के शीर्ष सदस्यों का सफाया कर दिया गया। परमाणु वैज्ञानिकों की हत्या उस समय की गई जब वे अपने बिस्तर पर सो रहे थे। साथ ही इजरायल ने दोनों की हत्या एक साथ करने का फैसला लिया ताकि टारगेटेड लोगों को इसकी जानकारी देने का समय ही न मिले।

# जीवन कौशल एवं महिला संबंधी कानून पर प्रशिक्षण आयोजित

**कसमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार प्रखंड के टांगटोना पंचायत भवन में किशोरियों एवं युवा महिलाओं को जीवन कौशल एवं कानूनी सहायता पर सहयोगिनी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान घरेलू हिंसा, मानव तस्करी बाल विवाह, पोक्सो एक्ट, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, फोस्टर केयर, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न एवं मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान अधिवक्ता कल्याणी ने बताया कि महिलाओं के हित में कई प्रकार के कानून है , जिसे हमें जानना बेहद जरूरी है। सबसे पहले तो हमारे संविधान में जो मौलिक अधिकार दिए गए हैं जिसमें समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार सहित 6 मूलभूत अधिकार है । हमारे मौलिक अधिकार का हनन होने पर हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटिशन दे सकते हैं । प्रशिक्षक ने बताया कि पोक्सो कानून 18 साल से कम उम्र के बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक भावनात्मक हिंसा के शिकार होने से कानूनी तौर पर संरक्षित करता है। कोई भी व्यक्ति अगर किसी नाबालिक के साथ छेड़छाड़ , जबरदस्ती परेशान करता या गलत तरीके से छेड़ना, गंदे चित्र दिखाना, गलत तरीके से इशारा करना, बल पूर्वक बलात्कार का प्रयास करना कानूनी अपराध है। घरेलू हिंसा एवं बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में चर्चा करते हुए बताया गया कि 18 साल से कम उम्र में लड़की एवं 21 साल से कम उम्र में लड़के की शादी कानूनन जुर्म है, अगर कोई बाल विवाह करवाता है या करवाने में सहयोग करता हे तो उन्हें भी जेल की सजा भी सकती है। उन्होंने बताया कि आईपीसी की धारा 498 ए विवाहित महिला को उसके पति या ससुराल पक्ष के द्वारा की गई क्रूरता से संरक्षित करता है। जो कोई भी पति या उसके रिश्तेदार विवाहित महिला के साथ क्रूरता करता है, तो उसे 3 साल की सजा (कारावास) और जुमार्ना का भागी होना पड़ेगा। टांगटोना पंचायत की मुखिया सुमित्रा देवी कहा कि किशोरियों एवं महिलाओं को अपने हक अधिकार के लिए आगे आना होगा। सभी को कदम से कदम मिला कर अभी प्रकार के हिंसा के खिलाफ एकजुट होना होगा। इसके लिए कानूनी जानकारी भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि लड़कियों के लिए किशोरावस्था सबसे महत्वपूर्व समय होता है जहां पर अपने कैरियर एवं जीवन को आप लोग बेहतर बना सकते हैं। सहयोगिनी संस्था के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि सहयोगिनी संस्था कसमार प्रखंड के 30 गांवों में किशोरियों एवं युवा महिलाओं के संवर्धन एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने को लेकर काम कर रही है। इन गांवों में किशोरियों एवं महिलाओं को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाए जैसे सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना, कन्या दान योजना, स्कॉलरशिप, साइकिल योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना एवं कौशल विकास से जोड़ कर उनके जीवन को बेहतर बनाने का काम किया जा रहा है। जीवन कौशल के प्रशिक्षण से उनके अंदर संचार कौशल, निर्णय लेने एवं समस्या का समाधान करने के गुणों को विकसित किया जा रहा है। खेल एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। एनिमेटर रेखा देवी ने बताया कि किशोरियों के साथ समूह बना कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं विभिन्न प्रकार के हिंसा से रोकथाम को लेकर कार्य कर रहे है। मौके पर मुखिया सुमित्रा देवी , पंचायत समिति सदस्य प्रिया कुमारी, ममता कुमारी ,पूजा कुमारी ,षष्ठी कुमारी ,बिंदु कुमारी, कल्पना कुमारी, पायल कुमारी, उर्मिला कुमारी ,सुरभि कुमारी, डोली कुमारी ,मधु कुमारी ,आरती कुमारी,प्राची कुमारी, सुमा देवी, होलिका देवी, सरस्वती सिंह,अनु देवी, कुंती देवी,गुड़िया देवी, बसंती देवी,रुनीता देवी , इंद्रजीत कुमार नायक,प्रमोद कुमार नायक उपस्थिति रहे।




# स्वतंत्रता सेनानी के परिजन सरकार व जिला प्रशासन से नाराज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला के चास प्रखंड स्थित सतनपुर ग्राम निवासी स्वतंत्रता सेनानी स्व. जगबंधु भट्टाचार्य के घर से स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा पावन मिट्टी एकत्र की गई। उनकी याद में आम का एक वृक्ष रोपित गया। अमर स्वतंत्रता सेनानी के भतीजा क्षेत्र के जानेमाने समाजसेवी राखो हरि भट्टाचार्य ने अपने परिजनों तथा प्रमुख ग्रामीणों की उपस्थिति में पावन मिट्टी भरा कलश संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' को प्रदान किया। यह कार्यक्रम संस्थान के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। ज्ञात हो कि स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा झारखंड में जन्में सभी स्वतंत्रता सेनानियों के घर जाकर उनके जन्मस्थल की पावन मिट्टी एकत्र की जारही है और इस मिट्टी के ऊपर ही इनके नाम पर बोकारो और रांची में एक एक वृक्ष लगाया जाएगा। आज दिनांक 22 जून 2025 रविवार को अपराह्न 3.00 बजे सतनपुर में आयोजित 'स्वतंत्रता सेनानियों के घर की पावन मिट्टी संग्रह' कार्यक्रम में उपस्थित परिजनों और ग्रामवासियों ने एक स्वर में सरकार और जिला प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर की। कहा कि अमर स्वतंत्रता सेनानी स्व. जगबंधु भट्टाचार्य के परिजनों की कोई न सुध लेने कभी आता है। ना ही कभी स्वतंत्रता सेनानी की ही याद में कोई कार्यक्रम किया जाता है। कभी इनको याद ही किया जाता है। लोगों ने मांग की कि फोर लेन सड़क से लेकर बाघरायबेड़ा होते सतनपुर तक की सड़क का नाम स्वतंत्रता सेनानी जगबंधु भट्टाचार्य पथ किया जाए और सड़क के प्रारंभ में फोर लेन के पास इनके नाम का तोरण द्वार बनाया जाए। इतने महान स्वतंत्रता सेनानी की एक मूर्ति का निर्माण कराया जाय और इनके द्वारा निर्मित गीता आश्रम जहां से ये स्वतंत्रता आंदोलन का संचालन करते थे जो आज खंडहर बना हुआ है उसका कायाकल्प करते हुए उनके नाम पर एक बड़ा स्मृति भवन सरकार बनवाए । देखने में यही आरहा है कि जिन लोगों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया और अनेक यातनाएं सहा सरकार और जिला प्रशासन उनको भूलते जा रहा है जो न सिर्फ चिंतनीय है बल्कि इन स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान का घोर अपमान भी है। आज के कार्यक्रम में सुरेन्द्र कुमार पांडेय, अधिवक्ता रमण ठाकुर, लक्ष्मण शर्मा, तरुण कुमार मल्लिक, उत्पल ठाकुर, फाल्गुनी भट्टाचार्य, उदय परीरा, दुलाल ठाकुर और हराधन भट्टाचार्य के साथ कई समाजसेवी भारी बरसात में भी उपस्थित रहे।



# खूंटी के जंगलों से लकड़ी की तस्करी करने वालों पर शिकंजा

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सुदूर जंगल पहाड़ वाले इलाकों में चोरी छुपे चीरा लगाकर अवैध लकड़ी तस्करी मामले में खूंटी वन विभाग ने कार्रवाई की है। जंगलों में छोटा आरा मशीन लगाकर पेड़ो को चीरकर उसका पटरा निकालने का खुलासा उस वक्त हुआ जब डीएफओ दिलीप कुमार को एक सूत्र ने स्थल की तश्वीरें शेयर की। उसके बाद डीएफओ ने मामले पर संज्ञान लेते हुए अड़की के बीहड़ जंगलों के बीच बीरबांकी से सटे बीहड़ जंगल पर कार्रवाई का निर्देश दिया। जंगलों के बीच मशीन लगाकर चिराई का अवैध धंधा का खुलासा होने के बाद डीएफओ ने तमाड़ निवासी कुलदीप मांझी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि कुलदीप रोजना उस क्षेत्र के जंगल मे अपनी कार खल01एठ 7400 आना जाना करता है और उसी गाड़ी की मदद से तस्कर गाड़ियों को रेकी कर तमाड़ एवं अन्य रास्तों से लकड़ी की तस्करी कराता है। बताया जा रहा है कि उक्त जंगल मे लगा आरा मशीन उसी ने लगवाया था। वन विभाग के सूत्रों ने बताया कि जिस कुलदीप मांझी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है उनके खिलाफ रांची और खूंटी वन प्रमंडल क्षेत्र की लकड़ियों को तस्करी करने के चार मामले पूर्व से दर्ज है और क्षेत्र में उन्ही के द्वारा तस्करी की जाती रही है। डीएफओ दिलीप कुमार ने बताया कि खूंटी वन विभाग को जैसे ही इसकी सूचना मिली वन विभाग अपनी टीम बनाकर अभियान में निकला और लकड़ी चिराई करने वाले स्थल को चिन्हित कर चिराई में लगे लोगों का पता लगाने में जुटी है। डीएफओ ने बताया कि खूंटी में बड़ी मात्रा में खुटकट्टी वन क्षेत्र भी हैं, जिसे लोग सरकारी वन क्षेत्र मान लेते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। खुटकट्टी वन क्षेत्रों में जनजातियों का सामूहिक वन क्षेत्र भी शामिल हैं। जिसमें से वे अपनी जरूरतों के मुताबिक लकड़ियों का इस्तेमाल करते हैं। सरकारी वन भूमि में अब पूर्व की तुलना में छिटपुट लकड़ी चोरी की घटनाएं होती हैं। खूंटी वन क्षेत्र के बाहर चाईबासा और खूंटी से स्तर अन्य वन क्षेत्रों से लकड़ी माफिया लकड़ी की कटाई कर खूंटी जिले के रास्ते से अवैध लकड़ी का परिवहन करते हैं। डीएफओ ने बताया कि अवैध लकड़ी परिवहन मामले में खूंटी वन विभाग सक्रिय है और गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग छापामारी अभियान चलाकर कार्रवाई करती है। जिले में वर्षो से चल रही कटाई अब रुक गई है कहीं कहीं छिटपुट घटनाएं होती है लेकिन उसपर भी वन विभाग अपना नेटवर्क बनाकर समय समय पर अभियान चलाती है। जिले के सुदूरवर्ती और संवेदनशील इलाके में महीनों से लकड़ी के बोटे में चीरा लगाने का काम किया जा रहा था, जिसे गुप्त सूचना के आधार पर चिन्हित किया गया और कार्रवाई की जा रही है, अबतक चीरा लगाने के कार्य में संलिप्त लोगों की जानकारी नहीं मिली है जल्द ही सम्बंधित लोगों की पहचान कर वन वाद से संबंधित मामलों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। हालांकि एक सवाल पर डीएफओ ने बताया कि अगर वम विभाग के कर्मियों की संलिप्तता पाई गई तो कार्रवाई तय है।



## झारखंड में युवा कांग्रेस का सदस्यता अभियान और संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया शुरू

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय युवा कांग्रेस ने झारखंड में प्रखंड, विधानसभा, जिला, और राज्य स्तर पर संगठनात्मक चुनाव और सदस्यता अभियान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आज धनबाद में चुनाव प्रभारी हसन जैदी ने बताया कि युवा कांग्रेस चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए राज्य और जोनल स्तर पर रिटर्निंग ऑफिसर्स की टीम नियुक्त की जाएगी। युवा कांग्रेस के सदस्यता अभियान की शुरूआत 27 जून से होगी और यह 3 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान, सदस्यता लेने वाले युवाओं को संगठन का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा। सदस्यता लेने के लिए आयु सीमा 18 से 35 वर्ष तय की गई है। कट-ऑफ तिथि 28 जून 1990 से 27 जून 2007 निर्धारित की गई है।

# झारखंड ई रिक्शा टोटो संघ की बैठक में चालकों के हितार्थ हुई चर्चा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को झरिया मंडल, बेलगड़िया मंडल, पुराना बाजार फाटक मंडल, धनसार मंडल एवं धनबाद जिला के सभी सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आमंत्रण धैया में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजू वर्मा ने की। बैठक में संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव, संस्थापक मुन्ना कुशवाहा , सचिव राजेश राम एवं महासचिव शैलेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुख रूप से ई-रिक्शा चालकों के लिए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करना, ई-रिक्शा के लिए शेड की सुविधा प्रदान करना, ई-रिक्शा चालकों से होने वाली अवैध वसूली के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग,संगठन को और अधिक मजबूत एवं संगठित करने हेतु आगामी रणनीतियों पर विचार किया गया। टोटो चालको को स्वास्थ्य बीमा की सुविधा देने का निर्णय लिया गया।बैठक में सभी मंडलों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया एवं अपनी समस्याओं और सुझावों को रखा। संघ द्वारा यह संकल्प लिया गया कि ई-रिक्शा चालकों के हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया। बैठक में प्रमुख रूप से सनोज पासवान, राजेश सिंह, मासूम खान, धर्मेंद्र गुप्ता, चंदन कुमार, विष्णु दास, अवधजी, अशर्फी साव, अमित साव, गुड्डू कुमार, अनुप केशरी, पवन साव एवं सभी चालकगण शामिल रहे।सभी सदस्यों ने संगठन की मजबूती एवं चालक हितों से जुड़े विषयों पर सक्रिय सहभागिता निभाई।



## मानव के अधिकार की रक्षा प्राथमिकता : डॉ बालेश्वर प्रसाद कुशवाहा

**भूली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भूली बी ब्लॉक में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर मानवाधिकार सहयोग संघ ए डी सी ए के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ बालेश्वर प्रसाद कुशवाहा ने माल्यार्पण किया। डॉ बालेश्वर प्रसाद कुशवाहा का स्थानीय संगठनों के सदस्यों ने अंगवस्त्र और माला पहना कर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। मौके पर डॉ बालेश्वर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि मानव के अधिकार की रक्षा पहली प्राथमिकता होगी। झारखंड की संस्कृति यहां के प्रकृति की रक्षा के साथ आमलोगों के संवैधानिक अधिकार के रक्षा को लेकर कार्य किया जाएगा। संघ ने जो दायित्व सौंपा है उसका पालन किया जायेगा। मौके पर प्रियव्रत सिंह, अधिवक्ता बी सी सरकार, मानव अधिकार प्रोटेक्शन के जिला सचिव जगदीश प्रसाद राय, उमेश ठाकुर , जितेंद्र कुमार , संजय सिंह, अमरजीत कुमार सत्यम, राम दुलार राय, किरण देवी, इंदु देवी, अमरदीप कुमार पासवान, वीरेंद्र कुमार, नीरज कुमार साव, विनोद कुमार आदि मौजूद थे।



# उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त बोकारो अजय नाथ झा के निदेर्शानुसार एवं सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन में जिला उत्पाद बल द्वारा शनिवार देर शाम को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। गुप्त सूचना के आधार पर जिला उत्पाद टीम ने पिंड्राजोरा थाना अंतर्गत कांडरा स्थित एनएच किनारे खड़े एक संदिग्ध ट्रक की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में उक्त ट्रक 888 गोल्ड विस्की ब्रांड की 750 मिली लीटर की कुल 900 पेटी (कुल 10,800 बोतलें, लगभग 8,100 लीटर) अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। छापामारी के दौरान मौके से ट्रक चालक हरप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में शराब की तस्करी से संबंधित अहम सुराग मिलने की संभावना है। मामले में आगे की जांच-पड़ताल जारी है। छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद विजय कुमार पाल, अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट श्री सन्नी विवेक तिर्की एवं अवर निरीक्षक, बेरमो-सह-चंदपुरा श्री महेश दास एवं अन्य उत्पाद बल के जवान उपस्थित थे। जिला प्रशासन बोकारो द्वारा अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है और भविष्य में भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।



## मादक पदार्थों के विरुद्ध 'मानव श्रृंखला' बनाकर चलाया जागरूकता अभियान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा के निदेर्शानुसार 'निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान' के तहत रविवार को चास नगर निगम क्षेत्र में मानव श्रृंखला बनाकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में महिला स्वयं सहायता समूह की लगभग 70 से 80 महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हनुमान मंदिर से जोद्धाडीह मोड़ तक महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर हाथों में मादक पदार्थों के खिलाफ संदेश लिखी तख्तियां थामीं और 'मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने' की शपथ ली। इस दौरान महिलाओं ने स्वयं एवं अपने परिवार को मादक पदार्थों से दूर रखने का संकल्प लिया और आम नागरिकों को भी इस दिशा में जागरूक करने का प्रण लिया। इस कार्यक्रम में नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक, सी.आर.पी. दीदी, पीआईयू एवं चास नगर निगम के अन्य पदाधिकारी व कर्मी भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। यह जागरूकता कार्यक्रम चास नगर निगम की ओर से मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




# छऊ नृत्य के माध्यम से पंडाडीह गांव को एक विशेष पहचान दिला रहे हैं शुभाशीष चक्रवर्ती

**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामगढ़ और रांची जिले के सीमावर्ती क्षेत्र स्थित पंडाडीह गाँव को शुभाशीष चक्रवर्ती विलुप्त होती छऊ नृत्य के माध्यम से एक विशेष पहचान दिला रहे है। यह गाँव अब सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक पुनर्जीवन और ग्रामीण सशक्तिकरण का एक जीवंत उदाहरण बन चुका है। इस बदलाव के पीछे है कॉरपोरेट जगत के वरिष्ठ अधिकारी, लेखक, फिल्मकार और सोशल साइंटिस्ट शुभाशीष चक्रवर्ती, जो पिछले दस वर्षों से भी अधिक समय से इस गांव को आदर्श ग्राम में बदलने के लिए लगातार कार्यरत हैं। शुभाशीष ने पारंपरिक छऊ नृत्य को केवल एक सांस्कृतिक कला नहीं, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन के उपकरण के रूप में अपनाया। उन्होंने छऊ गुरुओं को खोजकर पंडाडीह और आसपास के गांवो जैसे टांग टांग और जिलिंगसेरेंग में बच्चों को छऊ सिखाने का कार्य शुरू किया। यह कार्य पांच वर्षों से लगातार नियमित रूप से चल रहा है। इन्होंने छऊ नृत्य के जरिए बच्चों और युवाओं को स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कोरोना जागरूकता, आत्मनिर्भर भारत, और हाल ही में मतदाता जागरूकता अभियान जैसे कई राष्ट्रीय अभियानों को अंजाम तक पहुंचाया है। बीते वर्ष अगस्त में शुभाशीष को गर्दन में एक गंभीर चोट आई, जिससे उनका चलना-फिरना भी कठिन हो गया। बावजूद इसके, उन्होंने हार नहीं मानी। वह कहते हैं "यह मेरे लिए सिर्फ एक वादा पूरा करना नहीं था, बल्कि पंडाडीह के बच्चों के प्रति स्नेह भी था। जब मैं ठीक से चल भी नहीं पाता था, तब भी छऊ के बारे में सोचता था। उनकी ऊर्जा ने मुझे फिर से उठ खड़ा किया।" शुभाशीष चक्रवर्ती एक कॉरपोरेट कंपनी में उच्च पद पर कार्यरत हैं, और संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में दो बार बतौर वक्ता जा चुके हैं। लेकिन उन्होंने अपने आरामदायक जीवन के साथ-साथ ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने का बीड़ा उठाया है। वह हर दो महीने में पंडाडीह गांव आते हैं और अपने वेतन के पैसे से गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और संस्कृति से जुड़े अनेक कार्य करते हैं। उनकी यह यात्रा यह सिद्ध करती है कि यह केवल एक गांव की कहानी नहीं, बल्कि कॉरपोरेट दुनिया के एक वरिष्ठ कर्मचारी के छऊ नर्तक बनने और समाज को लौटाने की प्रेरणादायक कहानी है। पंडाडीह के बच्चों ने शुभाशीष के मार्गदर्शन में गांव में एक पुस्तकालय भी बनाया गया है, जहां टेक्स्टबुक्स के साथ-साथ कहानियों, कविताओं और ज्ञानवर्धक पुस्तकों का संग्रह है। बच्चे यहां आकर नियमित रूप से अध्ययन करते हैं, जिससे शिक्षा के प्रति उनका रुझान बढ़ रहा है। पंडाडीह अब सिर्फ एक गांव नहीं, बल्कि एक आंदोलन है - जहां परंपरा, शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक जिम्मेदारी एक साथ चल रही है। और इस आंदोलन के सूत्रधार हैं शुभाशीष चक्रवर्ती, जिनकी मेहनत, लगन और सामाजिक प्रतिबद्धता आज पूरे देश के लिए एक उदाहरण और प्रेरणा स्रोत बन चुकी है।



# मायुमं धनबाद कोल सिटी शाखा ने आयोजित किया रक्तदान सह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

## 52 यूनिट रक्त संग्रहित, 55 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान महा-उत्सव एवं रक्तदाता सम्मान पखवाड़ा के तहत मारवाड़ी युवा मंच,धनबाद कोल सिटी शाखा एवं झरिया समृद्धि शाखा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को श्रीअम्बे विला अपार्टमेंट, शास्त्री नगर, धोबाटांड़ में रक्तदान व निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन शाखा के मार्गदर्शक सह झारखण्ड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण गोयल, प्रांतीय मंडलीय उपाध्यक्ष नरेश केजरीवाल एवं प्रांतीय सहायक मंत्री राजीव सांवतिया की उपस्थिति में संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। तत्पश्चात दोनों ही शाखा के पदाधिकारियों व युवा सदस्यों द्वारा शिविर में पधारे सभी अतिथियों को पौधा,अंग वस्त्र एवं प्रतिक चिन्ह देकर स्वागत और सम्मानित किया इस शिविर में कुल 55 लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया।वहीं अत्यंत जोश और उमंग दिखाते हुए दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए आग्रही वीर रक्त वीरांगनाओं ने बढ़ चढ़कर उत्साह पूर्वक हिस्सा ले मानवता की मिसाल पेश की एवं जिनसे संग्रहित कुल 52 यूनिट रक्त को एस. जेस. ब्लड सेंटर को सुपुर्द कर दिया गया। इन वीर रक्तदाताओं में कई दानी ऐसे भी थे जिन्होंने अपने जीवन का प्रथम रक्तदान किया जिनमें सुश्री आयुषी वसिष्ठ, स्वाति अग्रवाल, दीनानाथ मंडल, नीरज गुप्ता आदि थे। इनके अलावा झरिया शाखा के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर साह ने भी शिविर में अपने जीवन का 38 वाँ रक्तदान कर यह संदेश प्रेषित किया कि युवाओं को इस महादान में बढ़ - चढकर हिस्सा लेना चाहिए। सभी रक्तदाताओं को उनके अप्रतिम योगदान को नमन और साधुवाद करते हुए प्रशंसा पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिविर में पधारे अतिथियों ने अपने अभिवादन में बताया कि हर धर्म मानवीय मूल्यों की वकालत करता है और रक्तदान करने से मानव जीवन बचता है। इसलिए सभी युवाओं को इस महादान में निर्भय होकर हिस्सा ले मानव धर्म का निर्वहन करना चाहिए। वहीं आयोजक दोनों शाखाओं के पदाधिकारियों ने बताया कि यह रक्तदान शिविर पूरी तरह मानवता को समर्पित है एवं हमारा उद्देश्य केवल जरूरतमंदो की मदद कर अधिक से अधिक लोगों तक रक्त पहुंचाना है, क्योंकि संसार में कोई भी ऐसी मशीन नही है जिससे रक्त का निर्माण किया जा सके। और ऐसे में आवश्यकता पड़ने पर एक मनुष्य का रक्त ही दूसरे मनुष्य के शरीर में आरोहण कर उसे जीवन दान दिया जा सकता है।इसलिए सभी को सामाजिक दायित्व निभाते हुए वर्ष में एक या दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि मारवाड़ी युवा मंच की शाखाएं निरंतर पूरे भारतवर्ष में रक्तदान शिविर आयोजित करता रहता है, और हमारा संकल्प व लक्ष्य आने वाले दिनों में अधिकाधिक रक्तदान शिविर लगाने पर है जिससे आम जनमानस को रक्त के लिए कभी भी जूझना ना पड़े और जरूरत पड़ने पर हर जरूरतमंद को आसानी से रक्त उपलब्ध करवाया जा सके। कार्यक्रम उपरान्त सदैव रक्तदान के क्षेत्र में सेवा के लिए तत्पर एस. जेस. ब्लड बैंक के निर्देशक आशुतोष झा जिन्होंने हमारी शाखा को जब कभी किसी भी जरूररतमंद के लिए रक्त की आवश्यकता पड़ी, बिना एक क्षण गंवाएं उनको तत्काल रक्त उपलब्ध करवा उत्कृष्ट सहयोग प्रदान किया जिसके लिए उन्हें दोनों ही शाखा द्वारा संयुक्त रूप से अंग वस्त्र, पौधा एवं प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष आशीष बंसल, सचिव रवि अग्रवाल, रक्तदान संयोजक नवदीप गोयल, सुशील मित्तल, अभिषेक अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, गौरव गर्ग, मोनी अग्रवाल, सुमिता केजरीवाल, श्वेता अग्रवाल वहीं झरिया समृद्धि शाखा से पूर्व शाखा अध्यक्ष अनिता अग्रवाल, वर्तमान अध्यक्ष जया अग्रवाल, उपाध्यक्ष अर्चना अगर, सचिव निशा अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक पायल मित्तल, कोषाध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, स्नेहा अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, अनु अग्रवाल एवम अन्य शाखा सदस्यों के अलावा एस. जेएस.ब्लड बैंक के निर्देशक आशुतोष झा एवम उनकी पूरी टीम का अभूतपूर्व योगदान रहा।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK